RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 9 अंक 352
लखनऊ, बुधवार, 16 अक्टूबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कैटरीना के लिए चुनौती थी फिल्म 'भारत'
विविध-16

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संसेक्स | 38,506 | ↑ | 291 | |
| निफ्टी | 11,428 | ↑ | 87 | |
| सोना | 39,105 | ↑ | 05 | /10g |
| चांदी | 46,809 | ↓ | 91 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मीडिया, मनोरंजन क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता (एमएसडीई) मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने मंगलवार को मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के लिए भारत के 9 शहरों में 14 अधिकृत विश्व कौशल भारत प्रशिक्षण केंद्र (एडब्ल्यूएसआईटीसी) शुरू करने की घोषणा की। नए संस्थान मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में न केवल विश्व कौशल और भारत की कौशल प्रतियोगिताओं से मुकाबला करने के लिए उम्मीदवारों को अत्याधुनिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्थापित किए जा रहे है बल्कि इनका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने केलिए कौशल परिवेश विकसित करना भी है। पांडे ने कहा, ...ग्राफिक डिजाइन, 3 डी डिजिटल गेम आर्ट, प्रिंट मीडिया आदि जैसे क्षेत्रों में कौशल प्राप्त लोगों केलिए ढेर सारी संभावनाएं है। विश्व स्तर के आधुनिक केंद्र उम्मीदवारों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में देश को गौरव दिलाने केलिए तैयार करने में मदद करेंगे और लाभकारी तरीके से कार्य करने के लिए उनका कौशल बढ़ाएंगे। प्रशिक्षण केंद्रों पर ग्राफिक डिजाइन तकनीक, 3 डी डिजिटल गेम और प्रिंट मीडिया प्रौद्योगिकी पर 9 महीने से 36 महीने की अवधि के प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम पेश किए जाएंगे।

# अब आईपीएस अफसर भी होंगे जिलों के प्रभारी

**अपराधों पर लगेगी लगाम**

- योगी सरकार का नया प्रयोग, अपराध रोकने के लिए हर जिले में तैनात किए गए नोडल पुलिस अफसर
- डीजी से लेकर डीआईजी स्तर तक के आईपीएस अधिकारियों को सौंपी गयी जिम्मेदारी

### हर जिले में तीन दिन तक रहेगी तीन सदस्यीय महिला नोडल अधिकारियों की टीम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश के 75 जनपदों की महिला नोडल अधिकारी तीन-तीन के समूह में सम्बन्धित टीम के लिए निर्धारित जनपदों में 18, 19 और 20 अक्टूबर को तीन दिन का भ्रमण और रात्रि विश्राम करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद के लिए भेजी जाने वाली इस महिला नोडल अधिकारी टीम में एक अधिकारी पुलिस विभाग की होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नोडल अधिकारी केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा से सम्बन्धित कार्यक्रमोंध्योजनाओं का अनुश्रवण और स्थलीय निरीक्षण कर महिला लाभार्थियों की प्रतिक्रिया भी लेंगी। ( विस्तृत पेज 2 )

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** की कानून-व्यवस्था और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए योगी सरकार ने नया प्रयोग करते हुए त्रिस्तरीय व्यवस्था की है। जिलों में प्रभारी मंत्री व आईएएस अधिकारियों की तर्ज पर अब सरकार ने सभी 75 जिलों में डीजी से लेकर डीआईजी स्तर तक के आईपीएस अधिकारियों को एक-एक जिले का नोडल पुलिस अधिकारी बनाया है। ये अधिकारी जोन के एडीजी, आईजी और रेंज के आईजी, डीआईजी के साथ मिलकर संबंधित जिले के अपराधों और कानून-व्यवस्था पर नजर रखेंगे और उनकी रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करेंगे।

प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही कानून-व्यवस्था योगी आदित्यनाथ के एजेंडे में शीर्ष पर रही है। प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने के लिए उन्होंने शुरुआत से ही पुलिस को खुली छूट दे रखी है। जिसका नतीजा यह रहा कि प्रदेश में बीते ढाई साल के दौरान हुए धुंआधार एनकाउंटर मे दर्जनों इनामी व गैरइमानी अपराधी मारे गए और सैकड़ों को गिरफ्तार किया गया। शुरुआती दौर में तो पुलिस अपराधियों में खौफ पैदा करने में कामयाब रही लेकिन समय बीतने के साथ साथ कानून व्यवस्था धीरे धीरे बेपटरी होना शुरू हो गयी। कुछ ऐसी आपराधिक घटनाएं प्रदेश में घटित हुई जिन्होंने कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए। मौके की तलाश में बैठा विपक्ष तुरंत बिगड़ी कानून व्यवस्था के मुद्दे पर भाजपा सरकार पर हमलावर हो गया। सोनभद्र में बेखौफ दबंगों ने जमीन विवाद को लेकर तीन महिलाओं सहित नौ लोगों की दिनदहाड़े हत्या कर दी वहीं डेढ़ दर्जन जख्मी हुए। संभल जिले में अपराधियों ने दो पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी और अभिरक्षा से फरार हो गए। हालांकि बाद में पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले तीनों अपराधियों को बारी-बारी मुठभेड़ में मार गिराया। बीते दिनों ही अलग अलग स्थानों पर विभिन्न पाटियों के नेताओं की हत्या कर दी गयी। बस्ती में जहां बदमाशों ने भाजपा नेता कबीर की हत्या कर दी।

वहीं कानपुर में एक कांग्रेस नेता को मौत के घाट उतार दिया। झांसी में हुए खनन ठेकेदार पुष्पेंद्र यादव के एनकाउंटर मामले में पुलिस के साथ ही साथ शासन-प्रशासन की काफी फजीहत हुई। यह मामला अभी भी गरम चल रहा है। इस एनकाउंटर को लेकर पुलिस पर तमाम सवालिया निशान लग रहे हैं। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आगे आकर पुलिस का बचाव करना पड़ा। सहारनपुर में बीते शनिवार को ही भाजपा नेता चौधरी धारा सिंह की बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

ताबड़तोड़ हो रही आपराधिक घटनाओं से योगी सरकार के इकबाल पर प्रमुख विपक्षी पार्टियां सवालिया निशान लगा रही हैं। यही मुख्य वजहें रहीं कि बेहतर कानून-व्यवस्था को लेकर प्रतिबद्ध

# पी. चिदंबरम को आज ईडी कर सकती है गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आईएनएक्स मीडिया मामला**



नई दिल्ली में कोर्ट में पेशी के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम

- कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को दी पूछताछ-जरूरी होने पर गिरफ्तारी की इजाजत, सीबीआई हिरासत में अभी तिहाड़ में हैं पूर्व वित्त मंत्री
- सुबह ही जेल पहुंचेगी ईडी की टीम, अधिकतम 30 मिनट तक हो सकेगी पूछताछ
- सीबीआई पर चिदंबरम का आरोप-अपमानित करने को रखना चाहती है हिरासत में

**आईएनएक्स** मीडिया मनी लांड्रिंग मामले में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को उन्हें गिरफ्तार करने की इजाजत दे दी है। ईडी की टीम उनकी गिरफ्तारी के लिए बुधवार को तिहाड़ जाकर पूर्व वित्त मंत्री से पूछताछ करेगी और आवश्यक हुआ तो गिरफ्तार कर शाम को ही कोर्ट में पेश कर उन्हें रिमांड पर देने की मांग करेगी। अदालत ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के तीन अधिकारी सुबह साढ़े आठ बजे के बाद चिदंबरम से पूछताछ कर सकते हैं। यह पूछताछ अधिकतम तीस मिनट तक की जा सकती है। कोर्ट ने जेल अधीक्षक को इस बाबत जरूरी बंदोबस्त करने के निर्देश भी दिए। पूर्व वित्त मंत्री ने आज ही सुप्रीम कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल कर सीबीआई पर आरोप लगाया था कि केंद्रीय जांच ब्यूरो उन्हें अपमानित करने के लिए जेल में रखना चाहता है।

सीबीआई ने चिदंबरम को इसी मामले में गिरफ्तार किया था। उन्हें 21 अगस्त को न्यायिक हिरासत में लिया गया था और वह अभी तक 55 दिन तिहाड़ जेल में गुजार चुके हैं। उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि 17 अक्टूबर को समाप्त हो रही है। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने चिदंबरम से पूछताछ की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अर्जी को कबूल करते हुए पूर्व ( शेष पेज 10 )

# भाजपा ने सावरकर के लिए भारत रत्न की मांग की

- कांग्रेस, माकपा ने तीखी आलोचना की

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई/नई दिल्ली



**भाजपा** ने महाराष्ट्र में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र में विनायक दामोदर सावरकर को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की मंगलवार को मांग उठाई। घोषणा पत्र में कहा गया है कि भाजपा केंद्र में अपनी पार्टी की अगुवाई वाली राजग सरकार से सावरकर को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की मांग करेगी। दूसरी ओर कांग्रेस ने कहा कि अगर महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर ऐसा कोई विचार होता है तो फिर इस देश को भगवान बचाए। पार्टी प्रवक्ता मनीष तिवारी ने संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया, सावरकर के ऊपर महात्मा गांधी की हत्या के मामले में फौजदारी का मुकदमा चला है। यह बात सही है कि वह बरी हो गए थे। इसके बाद कपूर आयोग बना। एक पत्रकार ने अपने लेख में लिखा है कि कपूर आयोग इस निष्कर्ष पहुंचा कि सभी तथ्य इस बात के अलावा दूसरी अन्य बातों को नकार रहे थे कि हत्या की साजिश सावरकर एवं उनके समूह की थी। तिवारी ने कहा, अगर कपूर आयोग की लिखी रिपोर्ट में बात सही है तो सरकार को बहुत ही गंभीरता से विचार करना चाहिए कि क्या महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर यह कदम उचित है? वहीं इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा ने कहा कि भाजपा गोडसे को सम्मानित करने का भी प्रस्ताव रख सकती है।

# कलाम व अटल के सपने को मोदी-शाह ने किया पूरा: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




कैंट में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ कैंट विधान सभा से बीजेपी प्रत्याशी सुरेश तिवारी के समर्थन में इको गार्डेन में जनसभा को संबोधित किया। योगी ने कहा कि अब्दुल कलाम और अटल बिहारी वाजपेयी के साथ करोड़ों देशवासियों का जो सपना था वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 व 35-ए को समाप्त करके सपना पूरा किया।

अब लाल चौक पर शान से तिरंगा फहरता है। जो काम कोंग्रेस 70 साल में नहीं कर पाई वह काम मोदी और शाह ने कर दिखाया। मोदी ने देश का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाया है। केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार ने गरीब को मकान, शौचालय, गैस, नि:शुल्क पहुंचाकर उनके सामाजिक व आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने का काम कर रही है। उन्होंने बीजेपी को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि जिस तरह आपने 2014, 2017 तथा 2019 में पार्टी को अपना आशीर्वाद दिया ऐसे ही सदैव अपना आशीर्वाद भाजपा पर बनाये रखिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपचुनाव में जीत केंद्र और प्रदेश सरकार के जनहितकारी कार्यों पर जनता की मुहर होगी। आज लखनऊ बदल रहा है। कहीं मेट्रो बनी है तो कही पर पुल का निर्माण हो रहा है। आउटर रिंग रोड का निर्माण हो रहा है। इसका कारण है प्रदेश की ( शेष पेज 10 )

### कांग्रेस को बड़ा झटका, रत्ना सिंह भाजपा में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रतापगढ़** से तीन बार कांग्रेस की सांसद रहीं राजकुमारी रत्ना सिंह के समर्थकों सहित भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस को एक और तगड़ा झटका लगा है। उपचुनाव से ठीक पहले भाजपा के इस दांव से कांग्रेस चारों खाने चित दिखायी पड़ रही है। राजकुमार रत्ना सिंह उस राजपरिवार से हैं, जो शुरू से कांग्रेसी रहा है। उनके परिवार के रामपाल सिंह कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं। पिता राजा दिनेश सिंह कांग्रेस की सरकार में विदेश मंत्री रहे थे। एक समय उन्हें कांग्रेस का ( शेष पेज 10 )

# फारुख अब्दुल्ला की बहन, बेटी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

**पुलिस** ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला की बेटी और बहन समेत छह महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि ये महिलाएं जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाए जाने और राज्य को दो संघ शासित प्रदेशों में बांटने के विरोध में प्रदर्शन कर रही थीं। महिला प्रदर्शनकारियों के एक समूह का नेतृत्व कर रहीं अब्दुल्ला की बहन सुरैया और उनकी बेटी साफिया को पुलिस ने पहले हिरासत में ले लिया और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने कहा कि बांह पर काली पट्टी बांधकर तख्तियां पकड़े प्रदर्शन कर रहीं इन महिलाओं को इसकी इजाजत नहीं दी थी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्वक लौट जाने के लिए कहा। पुलिस के अनुरोध के बावजूद महिलाओं ने लौटने से इनकार कर दिया और प्रदर्शन जारी रखते हुए धरना देने की कोशिश की।



### कश्मीर में एहतियात के तौर पर एसएमएस सेवा बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

**कश्मीर** घाटी में पोस्ट पेड मोबाइल सेवा बहाल होने के कुछ ही घंटों बाद एहतियात के तौर पर एसएमएस सेवा बंद कर दी गई। दूसरी ओर पुलिस ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला की बेटी और बहन समेत छह महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि ए महिलाएं जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाए जाने और राज्य ( शेष पेज 10 )

# नहीं जाएगी किसी भी होमगार्ड जवान की नौकरी: चौहान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के होमगार्ड मंत्री चेतन चौहान ने कहा है कि होमगार्ड के एक भी जवान को नौकरी से नहीं निकाला जाएगा। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल के माध्यम से भी आश्वस्त किया है कि किसी जवान की नौकरी नहीं जाएगी। बजट की कमी की वजह से पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे 25000 होमगार्ड्स को उनके विभाग में वापस किए जाने के बाद इन जवानों की नौकरी जाने की चर्चा तेज हो गयी थी। होमगार्ड मंत्री चेतन चौहान ने मंगलवार को इस संबंध में उक्त आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा है कि होमगार्ड बेहद अच्छा काम कर रहे हैं। वो चाहे ट्रैफिक पुलिस में हो, थानों में संबंधित हों, जेलों में हों या चाहे वीआईपी मूवमेंट में उनकी ड्यूटी लगाई गई हो। वह उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं।

# राज्यकर्मियों को मिलेगा एक माह का बोनस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- 25 को वेतन दिए जाने का आदेश

**प्रदेश** सरकार ने राज्य कर्मचारियों, राजकीय विभागों के कार्य प्रभारित कर्मचारियों और सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं व स्थानीय निकायों के कर्मचारियों तथा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 2018-19 के लिए 30 दिन के बोनस के भुगतान का निर्णय लिया है। इसके साथ ही 25 अक्टूबर को कर्मचारी व अधिकारियों को वेतन देने का आदेश भी जारी हो गया है।

अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल ने बताया कि इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिए गए है। प्रदेश के समस्त पूर्णकालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, स्थानीय निकायों और जिला पंचायतों के ऐसे कर्मचारियों को एक माह का बोनस दिया जाएगा। भुगतान की गणना के लिए मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7000 रुपए होगी। सभी श्रेणी के कर्मचारियों, जिन्हें तदर्थ बोनस की अनुमन्य धनराशि का 75 प्रतिशत भाग सम्बन्धित कर्मचारी के भविष्य निधि खाते में जमा किया जायेगा तथा शेष 25 प्रतिशत का नकद भुगतान किया जायेगा। अपर मुख्य सचिव के अनुसार यदि कोई कर्मचारी भविष्य निधि खाते के सदस्य नहीं है तो उसे यह धनराशि नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट के रूप में दी जायेगी अथवा उसके पब्लिक प्रोविडेंट फण्ड में जमा किया जायेगा, जो कर्मचारी 31 मार्च 2019 के बाद सेवानिवृत्त हो चुके हैं अथवा 30 अप्रैल 2020 तक सेवानिवृत्त होने वाले हों उनको बोनस की सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान नकद किया जायेगा।


# ड्रग के बादशाह रहे मिर्ची से सौदे पर प्रफुल्ल पटेल तलब

## ईडी ने वरिष्ठ राकांपा नेता से कहा 18 को दर्ज कराएं बयान, पार्टी ने आरोपों को किया खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुंबई

**अंडरवर्ल्ड** डॉन दाउद इब्राहिम के दाहिने हाथ रहे इकबाल मिर्ची से कथित सौदेबाजी मामले में राकांपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल पर ईडी ने अपना शिकंजा कस दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मिर्ची की कथित अवैध संपत्तियों से जुड़ी धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में पटेल को तलब किया है। जांच एजेंसी के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री से 18 अक्टूबर को मुंबई में अपना बयान दर्ज कराने को कहा गया है।

प्रवर्तन निदेशालय का दावा है कि प्रफुल्ल पटेल और उनकी पत्नी द्वारा संचालित कंपनी मिलेनियम डेवलपर्स ने 2006-2007 में मुंबई में सीजे हाउस नामक एक इमारत बनाई थी जिसकी तीसरी व चौथी मंजिलें



राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल

मिर्ची की पत्नी हाजरा इकबाल मेमन के नाम हस्तांतरित कर दी। बताया जाता है कि जिस जमीन पर यह इमारत बनाई गई वह मिर्ची की थी और उक्त हस्तांतरण उसके लाभ के तौर पर किया गया। जांचकर्ताओं का कहना था कि यह जमीन धन शोधन, मादक पदार्थों की तस्करी और कथित जबरन वसूली के अपराधों से उगाहे पैसों से खरीदी गई थी।

इस बीच, पटेल और उनकी पार्टी राकांपा ने गैंगस्टर इकबाल मिर्ची के साथ मुंबई में अपने कथित

- जांच एजेंसी का दावा-पटेल की रियल एस्टेट कंपनी ने 2007 में मिर्ची की पत्नी हाजरा के नाम की थी सीजे हाउस की दो मंजिलें

सौदे की रिपोर्ट को कोरी अटकलें करार दिया। आरोपों को नकारते पटेल ने कहा कि उनके बीच एक पैसे मूल्य की भी संपत्ति का लेनदेन नहीं हुआ है। संवाददाताओं से मुखातिब प्रफुल्ल पटेल के मुताबिक, हो सकता है कि दस्तावेज मीडिया को लीक किए गए हों। जहिर है कि उनके पास कुछ कागजात भी होंगे लेकिन कभी भी इस तरफ उनका ध्यान नहीं खींचा गया। ड्रग की दुनिया का बादशाह कहलाने वाले मिर्ची की 2013 में लंदन में मौत हो गई थी। ऐसी रिपोर्ट मिली है कि उसकी पत्नी हाजरा मेमन ने प्रफुल्ल पटेल के परिवार के साथ संपत्ति का एक सौदा किया था। इस पर पटेल ने तर्क दिया कि मिलेनियम डेवलपर्स पर उनके परिवार का मालिकाना हक है और कंपनी में और कोई भी साझीदार नहीं है।

पटेल परिवार और हाजरा मेमन के बीच एक पैसे कीमत की संपत्ति तक का लेनदेन नहीं हुआ है। सब कुछ बॉम्बे हाईकोर्ट के कोर्ट रिसीवर के पास मौजूद है। वे लोग न तो सीधे तौर पर संपत्ति की देखरेख करते हैं और न ही इसके प्रत्यक्ष प्रभारी हैं। ईडी की कार्रवाई के पीछे क्या उन्हें राजनीतिक मंशा दिखाई देती है? इस सवाल पर पटेल ने कहा कि उनके पास (मीडिया) ज्यादा जानकारी है क्योंकि कई कागजात जिसे उन्होंने भी नहीं देखा है, मीडिया के पास खुद पहुंच गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ( शेष पेज 10 )

# पाकिस्तानी सैनिकों की गोलाबारी में महिला की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**पाकिस्तान** की सेना ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा से लगे हुए गांवों को निशाना बनाकर भारी गोलाबारी की। इस घटना में 24 वर्षीय एक महिला की मंगलवार को मौत हो गई। पुंछ जिला विकास आयुक्त राहुल यादव ने बताया कि शाहपुर सेक्टर में पाकिस्तानी सैनिकों की ओर से हुई गोलाबारी में नूना-बांदी की रहनेवाली शमीमा अख्तर की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में चार भैंसों की जान भी चली गई। पाकिस्तानी सेना ने सुबह से ही अग्रिम चौकियों और गांवों को निशाना बनाया हुआ है। इससे पहले एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने पुंछ के कस्बा और किर्नी सेक्टरों में छोटे हथियारों से गोलीबारी की और मोर्टार से गोले दागे।

# महिलाओं के सशक्तीकरण व सुरक्षा के लिए सरकार गंभीर

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश के समस्त जनपदों की महिला नोडल अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित किया


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण, उनकी सुरक्षा तथा आर्थिक उन्नयन के प्रति अत्यन्त गम्भीर है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से केन्द्र तथा राज्य की सरकारों द्वारा लगभग 50 से अधिक योजनाएं लागू की गयी हैं। आवश्यकता इस बात की है कि इन योजनाओं की जानकारी प्रदेश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में रहने वाली जरूरतमन्द महिलाओं तक पहुंचायी जाए। इसके अलावा इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए इनकी मॉनीटरिंग भी की जाए।

मुख्यमंत्री ने यह विचार आज यहां लोक भवन में आयोजित जिलों की महिला नोडल अधिकारियों के साथ हुई बैठक को सम्बोधित करते हुए

- हर जिले में तीन दिन तक रहेगी तीन सदस्यीय महिला नोडल अधिकारियों की टीम

व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण, उनकी सुरक्षा इत्यादि पर ध्यान केन्द्रित करते हुए यह बैठक आयोजित की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 75 जनपदों की महिला नोडल अधिकारी तीन-तीन के समूह में सम्बन्धित टीम के लिए निर्धारित जनपदों में 18, 19 और 20 अक्टूबर को तीन दिन का भ्रमण और रात्रि विश्राम करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद के लिए भेजी जाने वाली इस महिला नोडल अधिकारी टीम में एक अधिकारी पुलिस विभाग की होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नोडल अधिकारी केन्द्र और राज्य




सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा से सम्बन्धित कार्यक्रमोंध्योजनाओं का अनुश्रवण और स्थलीय निरीक्षण कर महिला लाभार्थियों की प्रतिक्रिया भी लेंगी। साथ ही वे इस कार्य के लिए शासन द्वारा निर्धारित फॉर्मेट पर सम्बन्धित विभागों की योजनाओं के लाभार्थियों की संतुष्टि के स्तर का उल्लेख करने के अलावा इन योजनाओं को और प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव भी देंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आगामी 25 अक्टूबर को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना लागू करने जा रही है। अतः यह सभी महिला नोडल अधिकारी लक्षित महिलाओं को इस योजना के लाभों को विस्तार से बतायें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा के प्रति अत्यन्त गम्भीर है और इस दिशा में हर सम्भव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की योजनाओं की सफलता में जनसहभागिता और जनजागरूकता अत्यन्त आवश्यक है। अतः प्रशासन को महिलापरक कार्यक्रमों-योजनाओं की जानकारी लक्षित समूह तक पहुंचाना सुनिश्चित करना चाहिए ताकि उन्हें सम्बन्धित योजना और उसके लाभों की पूरी जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित रह जाते हैं। यह स्थिति ठीक नहीं है।

कार्यक्रम को मुख्य सचिव आरके तिवारी सहित अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा रेनुका कुमार, प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा एस राधा चौहान, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव महिला कल्याण मोनिका गर्ग, सचिव पंचायतीराज इत्यादि ने भी सम्बोधित किया। बैठक के दौरान बड़ी संख्या में महिला नोडल अधिकारी मौजूद थीं।

# विधानसभा उप चुनाव के मैदान में 24 फीसदी दागी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- बीएसपी के सबसे ज्यादा पांच, बीजेपी के तीन, कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के दो-दो प्रत्याशियों पर दर्ज हैं आपराधिक मुकदमे
- 35 प्रत्याशियों की सम्पत्ति एक करोड़ से ज्यादा, लखनऊ कैंट से बसपा उम्मीदवार अरुण द्विवेदी 22 करोड़ से ज्यादा की सम्पत्ति के साथ सबसे अमीर
- 31 फीसदी की शैक्षिक योग्यता कक्षा 5 से 12 तो 61 प्रत्याशी स्नातक व दो उम्मीदवार डिप्लोमा धारक

**प्रदेश** में होने वाले विधानसभा उप चुनाव में 24 फीसदी दागी उम्मीदवार मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा आपराधिक छवि के प्रत्याशी अब्दुल मातीन पीस पार्टी के टिकट पर प्रतापगढ़ विधानसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। दूसरे नंबर पर समाजवादी पार्टी के टिकट पर रामपुर से चुनाव लड़ रही डॉ. नाजीन फातमा और तीसरे नंबर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के टिकट पर प्रतापगढ़ से चुनाव लड़ रहे नीरज त्रिपाठी हैं। मंगलवार को उप चुनाव पर आधारित रिपोर्ट को साझा करते हुए उत्तरप्रदेश इलेक्शन वॉच एवं एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिर्फाम्स के सदस्यों का कहना है कि उपचुनाव में बाहुबलियों की भरमार है।

एडीआर के यूपी हेड संजय सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में चुनाव लड़ने वाले 109 में से 101 प्रत्याशियों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। 8 उम्मीदवारों के शपथपत्र स्पष्ट ना होने के कारण उनका विश्लेषण नहीं किया गया है। उपचुनाव में 101 प्रत्याशियों में से 24 प्रत्याशियों (24 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले एवं 21 प्रत्याशियों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। अगर बात करें दलगत आपराधिक उम्मीदवारों की तो बीएसपी में सबसे ज्यादा 5, बीजेपी में 3, कांग्रेस में 2, समाजवादी पार्टी में 2 आपराधिक प्रवृत्ति के प्रत्याशियों पर पार्टी ने दांव लगाया है। उपचुनाव में 101 प्रत्याशियों में से 35 प्रत्याशी ऐसे हैं जिनकी सम्पत्ति एक करोड़ से ज्यादा है।

सबसे ज्यादा धनवाद अरुण द्विवेदी हैं, जो लखनऊ कैण्ट से बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इनकी सम्पत्ति 22 करोड़ से ज्यादा है, दूसरे नम्बर पर देवी प्रसाद तिवारी हैं जो कानपुर नगर से बीएसपी के प्रत्याशी हैं, जिनकी सम्पत्ति 10 करोड़ से ज्यादा है और तीसरे नम्बर पर बीजेपी के टिकट पर कानपुर नगर से सुरेन्द्र मैथानी हैं। उपचुनाव में उम्मीदवारों की औसतन सम्पत्ति 1.59 करोड़ है। सबसे कम सम्पत्ति रामपुर विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी शीवा खान की है, जिन्होंने अपनी सम्पत्ति 4029 रुपये घोषित की है। बात अगर शैक्षिक योग्यता की करें तो 101 प्रत्याशियों में से 31 फीसदी ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5 से 12 तक घोषित की है, जबकि 61 प्रत्याशियों ने अपनी योग्यता स्नातक घोषित की है, 2 उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं। विधानसभा उपचुनाव में 70 उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 50 वर्ष के बीच घोषित की है। 61 उम्मीदवारों ने अपनी आयु 51 से 70 वर्ष के बीच घोषित की है। इस विधानसभा उपचुनाव में 11 प्रतिशत महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रही हैं।

# सभी 75 जिलों में सौंपा गया जिम्मा, डीजी भावेश सिंह बने लखनऊ के नोडल अफसर

- कानून व्यवस्था की बेहतरी के लिए योगी सरकार का नया प्रयोग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में कानून व्यवस्था की बेहतरी के लिए योगी सरकार की ओर से किए गए नए प्रयोग के तौर पर सभी 75 जिलों में नोडल पुलिस अधिकारी बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने डीआईजी से लेकर डीजी स्तर तक के तेजतर्रार अधिकारियों का चुनाव करने के बाद उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है।

नोडल पुलिस अधिकारी बनाए गए आईपीएस में लखनऊ में डीजी अभिसूचना भावेश कुमार सिंह, रायबरेली में एडीजी पीसी मीणा, अमेठी में एडीजी एलवी एंटोनी देव कुमार, अंबेडकरनगर में आईजी संजीव गुप्ता, अमरोहा में एडीजी बृजराज मीणा, अलीगढ़ में डीजी ईओडब्ल्यू आरपी सिंह, आगरा में डीजी जेल आनंद कुमार, आजमगढ़ में एडीजी विजय कुमार मौर्या, इटावा में एडीजी हरिराम शर्मा, प्रयागराज में एडीजी आशुतोष पाण्डेय, उन्नाव में एडीजी अंजू गुप्ता, एटा में डीआईजी डॉ. प्रीतेंद्र सिंह, औरैया में डीआईजी विजय भूषण, कन्नौज में आईजी डॉ. एन. रविंदर, कुशीनगर में एडीजी दावा शेरपा, कानपुर देहात में आईजी मोहित अग्रवाल, कानपुर नगर में डीजी सीबीसीआईडी वीरेंद्र कुमार, कासगंज में डीजी प्रशिक्षण सुजान वीर सिंह, कौशांबी में एडीजी एमके बशाल, गाजियाबाद में एडीजी विनोद कुमार सिंह, गाजीपुर में डीजी सतर्कता एचसी अवस्थी, गोण्डा में डीजी होमगार्ड जीएल मीना, गोरखपुर में एडीजी डायल-100 ध्रुवकांत ठाकुर, नोएडा में एडीजी संजय सिंघल, चंदौली में एडीजी असीम कुमार अरुण, चित्रकूट में डीजी फायर सर्विस विश्वजीत महापात्रा, जालौन में आईजी विजय सिंह मीणा, झांसी में एडीजी संजय एम तारडे, देवरिया में एडीजी केएस प्रताप कुमार, पीलीभीत में एडीजी अविनाश चंद्र, अयोध्या में एडीजी एसएन साबत, फतेहपुर में डीआईजी केबी सिंह, फर्रुखाबाद में एडीजी प्रेम प्रकाश,फिरोजाबाद में डीजी भर्ती बोर्ड आरके विश्वकर्मा, बदायूं में डीआईजी राजेश कुमार पाण्डेय, बरेली में एडीजी अभय कुमार प्रसाद, बुलंदशहर में एडीजी राजीव कृष्णा, बलरामपुर में डीजी विशेष जांच महेंद्र मोदी, बलिया में आईजी सुरक्षा रवि जोसफ लोक्कू, बस्ती में आईजी एसटीएफ अमिताभ यश, बहराइच में आईजी पद्मजा चौहान, बागपत में आईजी आलोक सिंह, बांदा में डीआईजी दीपक कुमार, बाराबंकी में डीजी जवाहर लाल त्रिपाठी, बिजनौर में आईजी राम कुमार, मऊ में डीआईजी आजमगढ़ रेंज मनोज तिवारी, मुजफ्फरनगर में डीआईजी रेंज सहारनपुर उपेंद्र अग्रवाल, मथुरा में एडीजी अजय आनंद, मैनपुरी में आईजी आगरा ए.सतीश गणेश, मेरठ में एडीजी आदित्य मिश्रा, मुरादाबाद में एडीजी कमल सक्सेना, महराजगंज में एडीजी गोरखपुर रेंज जय नारायण सिंह, महोबा में आईजी विजय प्रकाश, मिर्जापुर में एडीजी जकी अहमद, रामपुर में आईजी रमित शर्मा, शाहजहांपुर में आईजी नीलाब्जा चौधरी, शामली में आईजी लक्ष्मी सिंह, लखीमपुरखीरी में एडीजी एसके माथुर, ललितपुर में डीजी सहकारिता असित कुमार पाण्डा, वाराणसी में एडीजी दीपेश जुनेजा, श्रावस्ती में आईजी नवनीत सिकेरा, संतकबीरनगर में डीआईजी पीयूष श्रीवास्तव, संभल में एडीजी एसबी शिरोडकर, सुलतानपुर में एडीजी पीयूष आनंद, सहारनपुर में एडीजी मेरठ जोन प्रशांत कुमार, सिद्धार्थनगर में आईजी (अपराध) अशोक कुमार सिंह, सीतापुर में एडीजी रेणुका मिश्रा, सोनभद्र में एडीजी बृजभूषण, हमीरपुर में आईजी दीपक रतन, हरदोई में आईडी एसके भगत, हाथरस में आईजी नवीर अरोरा और आईजी अमित चंद्रा को हापुड़ जिले का जिम्मा सौंपा गया है।

# चार जिलों के ई-टेन्डरिंग के स्पेशल ऑडिट के निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ऊर्जा** मंत्री पं श्रीकान्त शर्मा के निर्देशों के अनुपालन में विद्युत अनुरक्षण कानून में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा शासन की भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेन्स नीति का शत-प्रतिशत पालन करने के लिए विद्युत विभाग के कार्यों के लिए कराए गए ई-टेन्डरों का थर्ड पार्टी आडिट कराया जाएगा। इसके प्रथम चरण में बलरामपुर, बहराईच, श्रावस्ती तथा गोण्डा में कराए गए ई-टेन्डरों के थर्ड पार्टी आडिट के निर्देश आज जारी कर दिये गये हैं। प्रमुख सचिव ऊर्जा और पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया है कि 1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2019 के बीच दो वर्षों में विद्युत सम्बन्धी कार्यों के लिये जो भी ई-टेन्डरिंग हुई है उनके स्पेशल आडिट के लिय निर्णय लिया गया है। इसके लिये ख्याति प्राप्त आडिट कम्पनियों को थर्ड पार्टी आडिट के लिये निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। इन कम्पनियों से अपेक्षा की गयी है कि वे ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में निर्धारित नियमों के पालन की विस्तृत जांच कर अपनी रिपोर्ट शीघ्र सौंपेंगे।

## बिना अनुमति बिजली खरीदने पर पावर कारपोरेशन को आयोग की नोटिस

**लखनऊ।** पॉवर कॉरपोरेशन और प्रदेश की बिजली कम्पनियों की तानशाही से जहां उपभोक्तओं को रोज दो चार होना पड़ रहा है तो वहीं पावर कॉर्पोरेशन और यूपीएसलडीसी का अब एक नया कारनामा सामने आया है। पावर कार्पोरेशन ने 440 मेगावाट विंड पावर बिना नियामक आयोग की अनुमति के चुपचाप पीटीसी के माध्यम से क्रय कर ली, इस मामले का खुलासा तब हुआ जब पावर कार्पोरेशन नियामक विद्युत आयोग से उसका अनुमोदन लेने आया। इस पर आयोग भी अचंभित हो गया कि बिना उसकी अनुमति के पावर कारपोरेशन ने कैसे बिजली क्रय कर ली है। नियमतः विद्युत अधिनियम 2003 के प्राविधानों और आयोग द्वारा बनाए गए नियमों के तहत कोई भी सरकारी व निजी बिजली कंपनी जब तक नियामक आयोग से पावर परचेज एगेरिमेंट और पावर सेल एगेरिमेंट की अनुमति न ले ले वह किसी से बिजली खरीद नहीं कर सकता और न ही यूपीएसलडीसी उसकी शिडूलिंग ही कर सकता। इस मामले में नियामक आयोग ने धारा 142 के तहत नोटिस देते हुए कहा कि पॉवर कार्पोरेशन व एसलडीसी ने विद्युत अधिनियम 2003 के प्राविधानों के तहत नियामक आयोग के नियमों का पूर्णतया उलघन किया है। एक साल से बिना अनुमित के विंड पावर की खरीद गंभीर मामला है आयोग ने श्री राम स्वार्थ और निदेशक एसलडीसी को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 142 के तहत नोटिस देते हुए फटकार लगायी है। इस नोटिस के बाद एक लाख रूपए का जुर्माना कारपोरेशन को देना पड़ेगा। उप्र विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस मामले पर सरकार से कड़ी कार्यवाही की मांग उठाते हुए बिना अनुमोदित पीपीए के विंड पावर खरीद की जाँच की मांग उठायी है। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि इस मामले में सख्त कानून बनना चाहिए।

# इलाहाबाद में छात्रों पर लाठीचार्ज अमानवीय घटना: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र परिषद के गठन के विरोध और छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर मंगलवार को छात्रों के प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय के सुरक्षा दल द्वारा लाठीचार्ज अमानवीय घटना हैं। यह छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है।

सपा प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों के लाठीजार्च में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 16 से अधिक छात्र घायल हो गए हैं जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर रखा है। छात्रों, नौजवानों के भविष्य के साथ यह खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कभी आक्सफोर्ड जैसी प्रतिष्ठा थी। भाजपा सरकार ने उसकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।



भाजपा सरकार के हस्तक्षेप के चलते विश्वविद्यालय का प्रशासन पंगु हो गया है और युवा छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता नष्ट होती जा रही है।

छात्रसंघ से चिढ़ के पीछे छात्रों को वैचारिक एवं क्रियात्मक स्तर पर निश्क्रिय बनाना है। छात्र परिषद को कठपुतली के तौर पर इस्तेमाल का कुत्सित इरादा अनैतिक है। वहीं दूसरी ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 88वीं जयंती पर श्रद्धांसुमन अर्पित करते हुए कहा है कि बतौर वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने देश की रक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मिसाइल टेक्नोलॉजी विकसित की थी। इसी कारण उन्हें मिसाइल मैन कहा जाता था।

अखिलेश यादव ने कहा कि डॉ. कलाम ने समाजवादी सरकार में उत्तर प्रदेश के विकास में भी गहरी दिलचस्पी दिखाई थी और उन्होंने वृक्षारोपण, उर्जा तथा सौरऊर्जा के सम्बंध में महत्वपूर्ण सलाहें दी थी। डॉ. कलाम साहब के नाम पर लखनऊ में सबसे बड़ा विश्वविद्यालय 'डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नीकल यूनिवर्सिटी' है।

# होमगार्डों के प्रति सरकार का रवैया तानाशाहीपूर्ण : अजय कुमार


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने पुलिस विभाग से 25 हजार होमगार्ड जवानों को ड्यूटी से हटाये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता के प्रति संवेदनहीन हो गयी है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार सिपाही के बराबकर होमगार्ड के जवानों को भत्ता देने के बजाय न्यायालय के निर्णय के बावजूद होमगार्ड के जवानों को भत्ता देने से बच रही है, उक्त कार्यवाही निश्चिय ही सरकार का तानाशाहीपूर्ण रवैया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की है कि है कि होमगार्ड जवानों के 25 दिन के कार्य दिवस को बहाल करते हुए 25 हजार होमगार्ड जवान जिन्हें ड्यूटी से बाहर किया गया है उन्हें बहाल करे, वरना कांगेस पार्टी होमगार्ड जवानों के पक्ष में आन्दोलन करेगी।

# राम की पैड़ी पर अविरल प्रवाह बनाये रखने का कार्य 18 तक पूरा करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रमुख** सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन टी. वेंकटेश ने अयोध्या में दीपोत्सव 2019 कार्यक्रम को देखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा राम की पैड़ी पर अविरल प्रवाह बनाने समेत कराये जा रहे रिमॉडलिंग परियोजना के समस्त कार्यों को 18 अक्टूबर शुक्रवार तक प्रत्येक स्थिति में पूरा कराये जाने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन टी. वेंकटेश ने दिए। प्रमुख सचिव सिंचाई श्रीराम की पैड़ी अयोध्या में पवित्र सरयू नदी के जल को अविरल एवं प्रवाहमय बनाने के लिए संचालित रिमॉडलिंग परियोजना का विधिवत निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने राम की पैड़ी परियोजना के अन्तर्गत निर्मित पम्प हाउस एवं चैनल के रिमॉडलिंग के लिए निर्माण कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने राम की पैड़ी चैनल की साफ-सफाई उच्च कोटि की बनाये रखने एवं



कार्यस्थल को सुव्यवस्थित बनाने की भी हिदायत दी। प्रमुख सचिव ने कहा कि कार्य में किसी तरह की लापरवाही को गम्भीरता से लिया जायेगा, इसलिए संबंधित अधिकारी 18 अक्टूबर तक सारे कार्यों को अपनी देखरेख में पूरा करा लें। निरीक्षण के दौरान प्रमुख अभियंता सिंचाई एवं जल संसाधन वीके निरंजन, अधीक्षण अभियंता गुण नियंत्रण मण्डल अयोध्या संदीप खरे, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड अयोध्या जय सिंह तथा सहायक अभियंता द्वितीय सरयू नहर खण्ड अयोध्या मानवेन्द्र सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विजय किरण आनंद बने डीजी स्कूली शिक्षा

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग में पहली बार महानिदेशक स्कूली शिक्षा का पद सरकार की तरफ से सृजित किये जाने के बाद सरकार की तरफ से इस पद पर राज्य परियोजना विभाग के निदेशक विजय किरन आनंद की डीजी स्कूली शिक्षा के पद पर तैनाती कर दी गयी है। शिक्षा विभाग के सारे पद महानिदेशक के अधीन होंगे।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरी जूनियर हाईस्कूल अनुक्रमांक 1275 सीरियल नम्बर 626 व ड्राइविंग लाइसेंस की मूल कॉपी वास्तव में खो गई है। हरीश कुमार दीक्षित पुत्र स्व0 कन्हैयालाल दीक्षित अभिषेकपुरम, जानकीपुरम, लखनऊ।

# कांग्रेस में बढ़ी रार, विनोद चौधरी ने अनुशासन समिति से दिया इस्तीफा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस की नई कमेटी (यूपीसीसी) को लेकर पार्टी में रार बढ़ती ही जा रही है। अब पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक विधायक विनोद चौधरी ने अनुशासन समिति की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व एमएलसी हाजी सिराज मेंहदी ने अपना विरोध जाहिर किया था। उन्होंने कांग्रेस आला कमान द्वारा पिछले दिनों घोषित की गयी प्रदेश कांग्रेस कमेटी में शियों को प्रतिनिधित्व न मिलने और 50 साल से अधिक उम्र के नेताओं को उसमें शामिल न किए जाने पर कड़ आपत्ति जताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखा था। जिसमें उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सदस्यता से इस्तीफा भेज दिया था। इसके अलावा पूर्व सांसद राजेश मिश्रा ने भी कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को सलाह देने वाली समिति में शामिल होने से इंकार कर दिया था।

कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य और पूर्व विधायक विनोद चौधरी ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने कहा है कि नई बदली हुई परिस्थितियों में वह काम करने में असहज महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि संगठन में नए पदाधिकारियों में से अधिकतर को वह जानते और पहचानते तक नहीं है। इस वजह से वह इस्तीफा दे रहे हैं।

# संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस का जातीय समीकरण पर जोर

- कांग्रेस ने घोषित किए 47 जिला व 4 शहर अध्यक्ष

विवेक श्रीवास्तव। लखनऊ

**कांग्रेस** ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के बाद अब जिला और शहर अध्यक्षों की नियुक्ति में भी जातीय समीकरण को साधने की कोशिश की है। पार्टी जानकारों का कहना है कि जिले और मंडल के जातीय समीकरणों को देखते हुए ही जिला अध्यक्ष और शहर अध्यक्षों का चयन किया गया है।

उत्तर प्रदेश में अपना वजूद खो चुकी कांग्रेस एक बार फिर संगठन को मजबूती प्रदान करने में जुट गयी है। अध्यक्ष पद पर अजय कुमार लल्लू सहित नई प्रदेश कांग्रेस कमेटी घोषित करने के बाद अब पार्टी ने मंगलवार को 47 जिलों के जिलाध्यक्ष और चार शहर अध्यक्षों की भी घोषणा कर दी है।



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अब इस नई टीम के सहारे 2022 के विधानसभा चुनाव के रण में उतरेंगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद यूपी के सभी जिला और शहर इकाइयों को भंग कर दिया था। अब नए सिरे से जिला व शहर अध्यक्षों की तैनाती की जा रही है। पार्टी के जानकारों का कहना है कि प्रियंका गांधी के निर्देश पर उनकी टीम के छह राष्ट्रीय सचिवों ने पिछले चार-पांच महीनों के दौरान जिले-जिले जाकर संभावित अध्यक्षों की सूची तैयार की। इसके बाद प्रियंका गांधी ने खुद इनका साक्षात्कार लिया और उसके बाद ही यह नाम घोषित किए गए। मंगलवार को जिन 47 जिलों के जिलाध्यक्ष व चार शहर अध्यक्षों की घोषणा की गयी है उनमें 14 फीसदी दलित, 33 फीसदी पिछड़ी जातियों, 35 फीसदी सवर्ण और 18 फीसदी अल्पसंख्यक समुदाय को कमान सौंपी गयी है।

कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली में पंकज तिवारी को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। अमेठी में प्रदीप सिंघल और सुल्तानपुर में अभिषेक सिंह राना को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के गृह जनपद कुशीनगर में राजकुमार सिंह को जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

**इन्हें सौंपी गयी जिले की कमान:** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने जिन 47 जिलों के जिलाध्यक्षों का नाम घोषित किया है उनमें झांसी से भगवानदास कोरी, ललितपुर से बलवंत सिंह राजपूत, जालौन से अनुज मिश्रा, बांदा से राजेश दीक्षित, चित्रकूट से कुशल पटेल, हमीरपुर से नीलम निषाद, महोबा से तुलसीदास लोधी, कौशाम्बी से अरुण विधार्थी, फतेहपुर से अखिलेश पाण्डेय, अयोध्या से अखिलेश यादव, सुल्तानपुर से अभिषेक सिंह राणा, अमेठी से प्रदीप सिंघल, रायबरेली से पंकज तिवारी, आजमगढ़ से प्रवीण सिंह, मऊ से इंतेखाब आलम, चंदौली से धर्मेन्द्र तिवारी, गाजीपुर से सुनील राम, जौनपुर से फैसल हसन तबरेज, मिर्जापुर से शिव कुमार पटेल, भदोही से देवनारायण यादव, सोनभद्र से रामराज गोंड, बस्ती से अंकुर वर्मा, संतकबीरनगर से प्रवीण चन्द्र पाण्डेय, सिद्धार्थनगर से काजी सुहेल अहमद, गोरखपुर से निर्मला पासवान, कुशीनगर से राजकुमार सिंह, महाराजगंज से अवनीश पाल, देवरिया से धर्मेन्द्र सिंह सैथवारा, मथुरा से दीपक चौधरी, कानपुर से ऊषारानी कोरी, औरैया से शिववीर दूबे, हाथरस से चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य, फिरोजाबाद से संदीप तिवारी, श्रावस्ती से नशीम चौधरी, बलरामपुर से अनुज कुमार सिंह, पीलीभीत से हरप्रीत सिंह चब्बा, आगरा से श्रीमती मनोज दीक्षित, हरदोई से आशीष कुमार सिंह, मैनपुरी से वीनीता शाक्य, इटावा से मलखान सिंह यादव, कानपुर देहात से नरेश कटियार, एटा से एकेश लोधी, संभल से विजय शर्मा, बुलंदशहर से तुक्कीमल खटिक, कन्नौज से प्रमोद शाक्य, मुजफ्फरनगर से हरेन्द्र त्यागी और गौतमबुद्धनगर से मनोज चौधरी शामिल हैं।

**ये बने शहर अध्यक्षः** संभल शहर से तौकीर अहमद, बुलंदशहर शहर से हुसैन अली, मुजफ्फरनगर शहर से जुनैद रुऊफ और गौतमबुद्ध नगर शहर से शहाबुद्दीन को शहर अध्यक्ष बनाया गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# शिक्षा व्यवस्था पर गंभीरता से फोकस करने की जरूरतः राजीव







## लविवि के दीक्षांत समारोह में राजीव कुमार और रितु करिधाल को मिली मानद उपाधि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नीति** आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने कहा है कि मौजूदा समय में हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था पर गंभीरता से फोकस करना चाहिए, हमें बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए और अधिक कार्य करने की जरूरत है। उच्च शिक्षा पर केंद्र सरकार का पूरा फोकस है, प्रदेश सरकार को भी इस दिशा में कदम बढ़ाने चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव के कदम बढ़ाए जा चुके हैं। 50 यूनिवर्सिटी को स्वतंत्रता दी गई है कि वह अपने संसाधन की जरूरतों को पूरा कर सकें। राजीव कुमार मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के 62वें दीक्षान्त समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह के दौरान प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पदक देकर सम्मानित किया। साथ ही मुख्य अतिथि राजीव कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल चन्द्रयान-2 की निदेशक रितु करिधाल को मानद उपाधि प्रदान की।

मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में राजीव कुमार ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय के पास भी मौका है कि वह नैक ग्रेड के लिए सुधार करे। जिससे इसे भी स्वतंत्र यूनिवर्सिटी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हॉल ही में केंद्र सरकार की तरफ से नैक को लेकर एडवाइजरी बनाई है। आज हमारे देश पर पूरी दुनिया की नजर है। हमारी कई ऐसी स्कीम हैं जो उदाहरण के रूप में विदेशों में सामने आ रही हैं। उदाहरण के तौर पर न्यूयार्क में हमारी पांच साल में पीएम की ओर से लागू की गई योजनाओं जैसे जनधन, आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, जीएसटी को बहुत गौर और गंभीरता से देखा जा रहा है। सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक क्षेत्र में सरकार काफी आगे बढ़ चुकी है। इसलिए इसमें



विकास को जन आंदोलन के रूप में सामने लाने का प्रयास करना चाहिए।

**लखनऊ विश्वविद्यालय के कई अहसान हैं हम परः** राजीव कुमार ने कहा लखनऊ यूनिवर्सिटी के उन पर कई अहसान हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली से थोड़ा पथ भ्रष्ट होने के चलते 1971 में एलयू ने उन्हें पनाह दी। उसके बाद बीए से लेकर पीएचडी तक की पढ़ाई पूरी की। यहीं पर उनकी पत्नी से भी मुलाकात हुई थी। उनकी मां, पिता, बहनें व पत्नी व सभी यहीं के छात्र रहे हैं। उन्होंने अपने पीएचडी के सुपरवाइजर रहे डॉ. वीबी सिंह, डॉ. आरएस माथुर, डॉ. एनएन माथुर, डॉ. प्रकाश चंद्रा, डॉ. अजीत सिंह के प्रति भी अपना अपना आभार व्यक्त किया।

**परिस्थितियों का सामना करना इसरो ने सिखायाः रितुः** विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल चन्द्रयान-2 की निदेशक डॉ. रितु करिधाल ने कहा कि इसरो ने किसी भी परिस्थिति में हार न मानने की सीख दी है। किसी परिस्थिति से कैसे निप्टा जा सकता है, उसके लिए क्या एप्रोच होने चाहिए, यह सब इसरो से सीखने को मिला। उन्होंने कहा कि जिसने परिस्थितियों का सामना करना सीख लिया, उसे सफलता अवश्य मिलती है। कठिन से कठिन समस्या का सामना करना और उसका हल ढूंढने तक संघर्ष जारी रखें। रितु करिधल ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपको जो डिग्री मिली यह वह अभी तक आपके शिक्षा का सबसे बड़ा सम्मान है। यह शिक्षा ही है जो आपके लिए भविष्य में सबसे बड़ा हथियार बनेगी। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता को देते हुए कहा कि 22 साल पहले जब दूरी को किलोमीटर में नहीं, दिनों में नापा जाता था। पहले एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने में जहां ढाई दिन लगते थे, वहीं आज यह दूरी ढाई घंटे में तय हो रही है। उन्होंने कहा उस वक्त मेरे माता पिता ने बिना डरे निर्णय लिया और घर से दूर और अनजान जगह भेजा क्योंकि उन्हें अपनी बेटी पर विश्वास था। उसी के बाद मेरी स्पेस यात्रा शुरू हो सकी। उन्होंने बताया कि 1996 में फिजिक्स डिपार्टमेंट से पीजी की पढ़ाई पूरी की। इसके लिए उन्होंने अपने शिक्षक व विभागाध्यक्ष रहे प्रो एलएम बाली, प्रो जेपी शुक्ला, प्रो एनके मेहरोत्रा, प्रो पूनम पांडेय, प्रो मनीषा गुप्ता के प्रति आभार प्रकट किया।

**शामिया के बाद रिषभ दूसरे नंबर परः** दीक्षांत समारोह के दौरान सबसे अधिक पदक शामिया इकराम को दिया गया। वहीं एमए एनिसेंट हिस्ट्री के स्टूडेंट रिषभ त्रिपाठी को आठ मेडल, आठ मेडल एलएलबी की स्टूडेंट वंतिका द्विवेदी को दिये गए। जबकि एमजेएमसी की छात्रा अंशिका मिश्रा को 7 मेडल, बीए की छात्रा साहिला खातून को 6 मेडल, एमए इकोनामिक्स के छात्र शरयति प्रकाश को 5 मेडल एमएससी बॉटनी की स्टूडेंटस ज्योति वर्मा को 4 मेडल, एमए पोलिटिकल साइंस की छात्रा निमिषा सिंह को 4 मेडल, एमपीए के छात्र श्रेयांस रस्तोगी को 4 मेडल प्राप्त हुए।

**दुर्गेश और विभू को मिला चांसलर व चक्रवर्ती मेडलः** समारोह के दौरान राज्यपाल व मुख्य अतिथि राजीव कुमार की तरफ से चांसलर गोल्ड मेडल दुर्गेश कुमार त्रिपाठी को और चक्रवती मेडल विभू बनर्जी को दिया गया। विभू यूनिवर्सिटी के मेधावी छात्र परिषद के उपाध्यक्ष हैं जबकि दुर्गेश टॉपर्स स्टूडेंट काउंसिल के अध्यक्ष हैं।

### दीक्षान्त समारोह एक विशेष अवसरः दिनेश शर्मा

**उप** मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डा दिनेश शर्मा ने मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षान्त समारोह विद्यार्थियों के लिए विशेष अवसर होता है। वर्तमान सरकार द्वारा कौशल विकास के माध्यम से शिक्षा व रोजगार दिये जाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार के नये पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के शुभारंभ में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने विश्वविद्यालय के प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। दीक्षान्त समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पुस्तक व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय का तीन वर्षीय यात्रा व लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षिक कैलेन्डर की पुस्तक का विमोचन भी किया।

### शिक्षा जीवन में संतुलन बनाए रखने का साधनः राज्यपाल

**समारोह** की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल ने कहा कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका उपयोग दुनिया को बदलने के लिए किया जा सकता है। शिक्षा न केवल मनुष्य का अधिकार है, बल्कि जीवन के विभिन्न आयामों में संतुलन बनाये रखने का साधन है। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों का नाम दुनिया में सम्मान से लिया जाता है। देश के प्रधानमंत्री कहते हैं कि बेटियों का सम्मान होना चाहिए, तभी हमारा देश एक अच्छा भारत बनेगा। उन्होंने कहा कि देश में कम ही ऐसे विश्वविद्यालय हैं, जिनके पास सौ साल से ज्यादा की शैक्षिक विरासत है और उनके नाम के साथ उनके शहर की विरासत भी छिपी हो। लखनऊ विश्वविद्यालय उनमें से एक है। इस विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा देश के सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करना इसकी विशिष्ट क्षमता का परिचायक है। भारत के उत्कृष्ट पुरस्कारों में से 2 पद्म विभूषण, 4 पद्म भूषण एवं 19 पद्मश्री पुरस्कारों के साथ-साथ बीसी राय और शान्ति स्वरूप भट्नागर पुरस्कार भी यहां के छात्रों ने प्राप्त किये हैं। राज्यपाल ने मेडल पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आगे की पढ़ाई भी मेहनत से करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि मेडल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं अपने आस.पास के क्षेत्र में एक बेटा या एक बेटी को पढ़ाने में सहयोग करेंगे तो समाज में अच्छा संदेश जायेगा। राज्यपाल ने पढ़े लखनऊ बढ़े लखनऊ अभियान के सफल आयोजन के लिये लखनऊ विश्वविद्यालय को बधाई दी, जिसमें 9 लाख 70 हजार छात्र-छात्राओं ने एक साथ पुस्तकें पढ़कर एक नया विश्व रिकार्ड बनाया था।

### दीपक को मिला पहला उदय शुक्ला गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** लविवि के दीक्षांत समारोह में मंगलवार को पहला उदय शुक्ला गोल्ड मेडल दीपक दिवेद्वी को मिला। समारोह में कुलपति ने दीपक को यह मेडल दिया। यह पदक आईपीएस अधिकारी स्वर्गीय उदय शुक्ला के नाम पर दिया जा रहा है जोकि लविवि के छात्र थे और उन्होंने 1976 और 1978 में गणित में बीएससी और एमएससी पूरा किया। 1987 में यूपीएससी पास हुए और आईपीएस अधिकारी बने। 27 मई 2018 को उनका निधन हो गया उससे पहले महाराष्ट्र में पश्चिम रेलवे और रेलवे सुरक्षा बल के मुख्य सुरक्षा आयुक्त के रूप में कार्य किया।

















## लोक मंगल दिवसः शिकायतों के निस्तारण का आदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ठाकुरगंज** और आलमबाग क्षेत्र में लोक मंगल दिवस पर महापौर ने जनता की शिकायतें सुनीं। मार्ग प्रकाश, सफाई रऔर पशु चिकित्साधिकारी से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के आदेश अधिकारियों को दिया। यही नहीं महापौर ने बीते लोक मंगल दिवस पर आयीं शिकायतों का दूरभाष से संपर्क कर यथा स्थिति जानीं।

मंगलवार को महापौर संयुक्ता भाटिया द्वारा लोकमंगल दिवस का आयोजन आलमबाग और ठाकुरगंज में किया गया। मंगल दिवस पर क्षेत्रीय जनता की शिकायतों का निस्तारण का आदेश अधिकारियों को दिया गया। बालागंज निवासी मयंक तिवारी ने महापौर को बताया कि क्षेत्र में अंधेरा व्याप्त रहता है जिसपर महापौर ने अभियंता मार्गप्रकाश को उचित मार्ग प्रकाश व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया। दुबग्गा निवासी राधेश्याम



गुप्ता ने महापौर को बताया कि उनके क्षेत्र में सफ ाई नहीं हो रही है जिसपर महापौर ने इस स्थल पर सफ ाई कराने के निर्देश दिए। लोकमंगल दिवस में कुल 56 शिकायतें पंजीकृत की गई जिनमें अभियंत्रण की 14, कर विभाग की 6, जलसंस्थान की 5, स्वास्थ्य की 6, मार्ग प्रकाश की 12, उद्यान की 2, नामांतरण की 2, पशु चिकित्साअधिकारी 3, अतिक्रमण की 5 और एक शकायत पंजीकृत की गयी। वहीं, जोन छह में आयोजित लोक मंगल दिवस के दौरान महापौर संयुक्ता भाटिया ने विगत लोक मंगल दिवस पर आयी हुई जन शिकायतों के निस्तारण की यथा स्थिति स्वयं फोन कर जानीं। महापौर ने पिछले लोकमंगल दिवस पर आए हुए शिकायत कर्ताओं चुन्नू खेड़ा निवासी अंकित मौर्या, मुन्नू खेड़ा निवासी चित्रा मौर्या, सुल्तानबेग निवासी मुन्ना लाल, अवनीश तिवारी, जगदीश प्रसाद सहित अन्य लोगों को स्वयं फोन कर शिकायतों की वास्तविकता स्वयं जानी।

## सौभाग्य व उज्ज्वला का लाभ उठाने वालों को नहीं मिलेगा केरोसिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सरकार** ने सौभाग्य और उज्ज्वला योजना का लाभ उठाने वाले सभी परिवारों को केरोसिन नहीं देने की नई कवायद शुरू की है। इसमें बिजली और रसोई गैस कनेक्शन निजी तौर पर लेने वाले भी शामिल किए गए हैं। अब उन परिवारों को केरोसिन नहीं मिल सकेगा जो इन दोनों योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। यदि इन योजनाओं में से किसी एक योजना का लाभ ले रहे हैं तो केरोसिन दिया जाएगा। इसी आदेश के बाद राजधानी के लाखों उपभोक्ताओं के हिस्से के केरोसिन के आवंटन की कटौती कर ली गई है। इस वजह से तमाम कोटेदारों को केरोसिन का आवंटन भी कम कर दिया गया है। लेकिन कोटेदारों को कोई दिशा निर्देश आपूर्ति विभाग ने जारी नहीं किए हैं। वहीं एडीएम आपूर्ति का इस संबंध में कहना है कि इस बाबत शासन की ओर से दो माह पूर्व आदेश किया गया था जिसका अनुपालन कराया जाएगा।

### ● राजधानी में कोटेदारों के आवंटन में तो कर दी कटौती लेकिन आपूर्ति विभाग ने नहीं जारी किए कोई लिखित आदेश

राजधानी के गरीबों को सरकारी आदेश ने उनकी दीवाली फीकी कर दी है। गरीबों के घरों में रहेगा अंधेरा, सौभाग्य और उज्वला के लाभार्थियों को केरोसिन नहीं मिलेगा । इसी वजह से नाराज कोटेदारों ने दीवाली पर अक्टूबर माह के केरोसिन की उठान से मना कर दिया है। उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के अध्यक्ष अशोक मेहरोत्रा ने बताया कि उन्हें केरोसिन का आवंटन इतना कम कर दिया गया है कि वे किस राशन कार्ड धारक को वितरण करें और किसे नहीं। ऐसे में अगर वे किसी कार्डधारक को केरोसिन नहीं देते हैं तो बवाल और हंगामा होगा। इसलिए सभी कोटेदारों ने तय किया है कि जब तक कोई दिशा निर्देश लिखित तौर पर आपूर्ति विभाग से जारी नहीं हो जाते हैं तब तक वे अक्टूबर माह का केरोसिन की उठान ही नहीं करेंगे। बताया कि जिन कोटेदारों ने उठान कर ली है, उन्हें वितरण करने से मना किया गया है। अगर किसी कोटेदार ने वितरण किया भी है तो उसे आपूर्ति विभाग के अधिकारियों से सत्यापन कराने के लिए कहा गया है। अशोक मेहरोत्रा ने बताया कि दरअसल सरकार ने तय किया है कि जो परिवार गैस कनेक्शन और बिजली कनेक्शन धारक हैं अब उन्हें केरोसिन नहीं दिया जाएगा। केरोसिन उन्हें दिया जाएगा जिन परिवारों के पास न गैस कनेक्शन है और न बिजली का कनेक्शन है। बताया कि अभी तक आपूर्ति विभाग ने सिर्फ मौखिक आदेश ही जारी किए हैं। कोई भी लिखित आदेश कोटेदारों को नहीं दिया गया है। अगर कोई बात होती है तो कोटेदारों को ही आरोपी बनाया जाएगा। इसीलि कोटेदारों ने अक्टूबर माह का केरोसिन उठान नहीं करने का निर्णय लिया है। बताते चलें कि राजधानी में 52 प्रतिशत रसोई गैस कनेक्शन है। जिसमें उज्जवला और निजी तौर पर लिए गए कनेक्शन धारक शामिल हैं। इसमें ज्यादातर परिवार वह हैं जिनका राशन कार्ड बना है। जबकि आपूर्ति विभाग में बिजली कनेक्शन की सूची नहीं हैं। उसके लिए उन्हें कोटेदार को लगाया है। वह अपने क्षेत्र में परिवारों के बिजली कनेक्शन होने की सूची तैयार करें। जिससे यह तय हो सके कि किस परिवार के पास बिजली कनेक्शन है। वहीं रसोई गैस कनेक्शन की सूची भी चस्पा की गई है। जिसका नाम हैं उसको चिन्हित किया जा रहा है।

**ब्लैक में 30 से 35 रुपए लीटर बिकता है केरोसिनः** पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध नहीं कराए जाने वाले केरोसिन की कालाबाजारी की जा रही है। बताया जाता है कि ब्लैक में केरोसिन की बिक्री 35 से 40 रुपए प्रति लीटर की दर पर हो जाती है। एक लीटर केरोसिन की कालाबाजारी पर 10 से 15 रुपए का हेरफेर किया जा रहा है। इस हिसाब से हर साल करोड़ों का खेल खेला जा रहा है।

**हर 15 दिन पर 25 पैसे बढ़ जाता है रेटः** केंद्र सरकार केरोसिन पर दी जाने वाली सब्सिडी में लगातार कटौती कर रही है। हर पंद्रह दिन पर केरोसिन के रेट में 25 पैसे प्रति लीटर का इजाफा हो जाता है। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पात्र लाभार्थियों को ही केरोसिन तेल का वितरण सुनिश्चित किया जाए। इसका डायवर्जन किसी भी स्थिति में नहीं होना चाहिए।

**उज्जवला** और सौभाग्य योजना के लाभार्थियों को केरोसिन नहीं दिया जाएगा। शासन की ओर से दो माह पूर्व आदेश किया गया था, जिसके बाद अब इसका अनुपालन कराया जाएगा।
**आरएस पांडेय,**
**एडीएम आपूर्ति, जिला प्रशासन**

# अच्छे चुनाव के लिए दुरुस्त वोटर लिस्ट होना जरूरी: सुशील चंद्रा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश में** मतदाता सूची के सत्यापन की समीक्षा करने के लिए चुनाव आयोग से निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा ने योजना भवन पहुंचकर लखनऊ मंडल के 6 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं प्रत्येक जनपद के 2 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ मतदाता सत्यापन कार्यक्रम की समीक्षा की।

सुशील चन्द्रा ने इस बात पर बल दिया कि एक अच्छे निर्वाचन के लिए स्वस्थ एवं शुद्ध निर्वाचक नामावली का होना अत्यन्त आवश्यक है एवं इसीलिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह मतदाता सत्यापन कार्यकम चलाया जा रहा है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है एवं एक अच्छे निर्वाचन की जिम्मेदारी हमारे ऊपर बनती है। चूंकि भारत में उत्तर प्रदेश से लगभग 16 प्रतिशत मतदाता आते हैं अत: उत्तर प्रदेश की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि वह लखनऊ में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में मतदाता सत्यापन कार्यक्रम के क्रियान्वयन तथा इस संबंध में आने वाली समस्याओं के बारे में भी सुनना चाहते हैं जिससे कि निर्वाचन आयोग संवेदनशील तरीके से उन समस्याओं का निराकरण कर सकें एवं क्षेत्र के अधिकारियों को मतदाता सत्यापन कार्यक्रम के लिए सक्षम बना सकें। निर्वाचन आयुक्त द्वारा सभी अधिकारियों से क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर बल दिये जाने का अनरोध किया एवं यह भी निर्देश दिये कि यह प्रशिक्षण छोटे-छोटे समूहों में आयोजित किए जाएं जिससे कि प्रशिक्षण की विषय वस्तु सही तरीके से कर्मचारियों तक पहुँचायी जा सके।

उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम अब एक माह के लिए और बढ़ा दिया गया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि वर्तमान समय में लगभग 25 लाख मतदाताओं का सत्यापन प्रतिदिन किया जा रहा है एवं इस संख्या को और बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं ताकि इस कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जा सके। मण्डल के जिलाधिकारियों द्वारा जनपदों में मतदाता सत्यापन की प्रगति से अवगत कराया गया एवं आश्वस्त किया गया कि इस कार्य को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा कर लिया जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि शुरूआती दौर में इस कार्यक्रम की गति थोड़ी धीमी थी परन्तु पिछले एक सप्ताह से इसमें अच्छी गति आयी है एवं अब कार्य करने में कोई बहुत कठिनाई नहीं है। समीक्षा के दौरान निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त सन्दीप सक्सेना एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जन्मदिन पर याद किए गए कलाम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग जार्ज** मेडिकल यूनिवर्सिटी के मेडिकल एजुकेशन विभाग द्वारा मंगलवार को देश के 11वें राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलॉम के जन्मदिवस पर मेडिकल शिक्षा की चुनौतियां विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में क्रिश्चियन मेडिकल कालेज लुधियाना के प्रधानाचार्य एवं पीडियाट्रिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. तेजिंदर सिंह ने स्नातक चिकित्सा शिक्षा के लिए नये पाठ्यक्रम में अवधारणाओं पर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सेल्बी हॉल में आयोजित व्याख्यान में नेहरु युवा केन्द्र के बोर्ड ऑफ गवर्नर के सदस्य शतरुद्र प्रताप ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. कलाम हर तरह की परिस्थितियों में रहकर मेहनत कर आगे बढ़े हैं। कठिन परिश्रम से उबरकर देश की धरोहर बने। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को अपने अत्याधिक व्यस्तता के बावजूद संवेदनशील रहना चाहिए। मरीजों की मेहनत और लगन से सेवा करें। अपने संबोधन में शतरुद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मेहनत और लगन के बूते मुकाम हासिल किया जा सकता है। डॉ. कलाम सौम्य स्वभाव के थे। केजीएमयू प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ. दिव्य नारायण उपाध्याय ने कहा कि हम सभी तनाव में जीवन बीता रहे हैं।

हमे सफलता तो मिल रही है लेकिन उससे संतुष्टि और खुशी नहीं मिल पा रही है। संभवत: हम सभी दुनिया भर के और चीजों को ज्यादा महत्व दे रहे हैं लेकिन अपने आपको महत्व देना बन्द कर दिया है। हमें दिन भर में जो भी कार्य करना है उस दौरान यह ध्यान रखना है की यह काम मुझे संतुष्टि दे सकता है या नहीं। संगोष्ठी में न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. आरके गर्ग, डीन डॉ जीपी सिंह, चीफ प्रॉक्टर डॉ आरएएस कुशवाहा, गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुमित रुंगटा ने अपने विचार व्यक्ति किए। डॉ भूपेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 95 छात्रों ने रक्तदान किया।

# ज्ञान गुरु बनने के लिए पौराणिक तकनीक को पुनर्जीवित करना होगा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जल पुरुष** राजेंद्र सिंह ने कहा कि सतत विकास असल में सनातन विकास है, जो कि विकास की एक भारतीय पद्धति है। यदि हमें ज्ञान गुरु बनाना है तो हमें अपनी पौराणिक तकनीक को पुनर्जीवित करना होगा, जिसमें जल देव के रूप में हैं और हमें पूर्व की भांति पुन: जल का सम्मान शुरू करना होगा।

उन्होंने कहा कि भगवान की मेरी समझ में परिभाषा में यह है कि भ से भूमि, ग से गगन, व से वायु, अ से अग्नि और न से नीर है, जिसमें नीर अंत में है और समस्त अन्य तत्वों के मध्य समन्वयन स्थापित करते हुए सहायक बल की भूमिका का निर्वाह करता है। राजेन्द्र सिंह मंगलवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के घटक संस्थान आईईटी, लखनऊ में भारतरत्न एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर जल संरक्षण चुनौतियां एवं तकनीकी समाधान पर सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम वैश्विक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो कि स्त्रोतों के दोहन पर आधारित है। हमें अपनी भौगोलिक स्थितियों के अनुरूप पौराणिक तकनीको का प्रयोग करके जल संचयन के माध्यम से जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों के सामूहिक प्रयासों से राजस्थान के मरुस्थल में ग्यारह हजार आठ सौ वाटर बॉडीज विकसित करके लगभग 2.5 फीसदी जलकूपों को पुनर्जीवित करने की अनूठी पहल की है।

## एकेटीयू का दीक्षान्त समारोह आज, जलपुरुष होंगे मुख्य अतिथि

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का 17वां दीक्षांत समारोह बुधवार को सम्पन्न होगा। दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जलपुरूष राजेन्द्र सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। जबकि प्राविधिक शिक्षा मंत्री कमल रानी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान जल पुरुष राजेंद्र सिंह को डीलिट् की मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। समारोह के दौरान 62 पीएचडी छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी। इसी तरह 66 मेधावियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किया जाएगा, जबकि बीटेक कंप्यूटर साइंस की दीक्षा सिंह जिन्होंने सबसे अधिक अंक प्राप्त किये हैं को कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया जायेगा।

# शिया कालेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शिया पीजी** कालेज में मंगलवार को संयुक्त परिवार और हम विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र एवं छात्राओं ने संयुक्त परिवार पक्ष एवं प्रतिपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये।

अधिकांश प्रतिभागियों ने संयुक्त परिवार के पक्ष में विचार दिए एवं संयुक्त परिवार में रहने से होने वाले पारिवारिक एवं सामाजिक लाभों का वर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन इंचार्ज प्रिन्सिपल डॉ. सरवत तक़ी ने किया एवं निर्णायक मण्डल की भूमिका डा. तनवीर हसन, डॉ. निशात फातिमा एवं डॉ. आसिफ जाफ़री ने निभाई। कार्यक्रम में मोहम्मद राशिद, फैजिया अब्बास, सूरज जोशी ने क्रमश: प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया और फिज़ा हुसैन, जुवेरिया खान को सात्वना पुरस्कार मिला।

कार्यक्रम के अंत में प्रो. तलअत हुसैन नक़वी, प्रिन्सिपल शिया पीजी कालेज ने संयुक्त परिवार की ताकत को सम-हजयाया एवं रोज अपने परिवार को एक से दो घंटे का समय निकालने के लिए सम-हजयाया। कार्यक्रम में डॉ. टीएस नक़वी, डॉ प्रदीप शर्मा, डॉ हसन मेंहदी, डॉ ताज़ीम,डॉ मजहर व डॉ एके सोनी भी उपस्थित रहे।

## गांधी संकल्प यात्रा ने अब तक 5782 किमी का सफर किया

**लखनऊ।** महात्मा गांधी की जयंती प्रारम्भ हुई गांधी संकल्प यात्रा पड़ाव दर पड़ाव आगे बढ़ रही है। जन सरोकारों से जुड़ती हुई पदयात्रा गांव, गरीब, किसान, नौजवान की दहलीज पर दस्तक दे रही है। बीजेपी के प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह 17 अक्टूबर को कन्नौज व 31 अक्टूबर को वाराणसी मं गांधी संकल्प यात्रा की अगुवाई करेंगे। गांधी संकल्प यात्रा अब तक अपना आधा सफर तय कर चुकी है और पदयात्रा ने अब तक के सफर में 5782 किमी की यात्रा पूरी कर ली है। भाजपा प्रत्येक लोकसभा में 150 किमी का मार्ग तय करके केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर सांसदों के नेतृत्व में जनता के दरबार में पहुंच रही है। सिंह ने बताया कि गांधी संकल्प यात्रा में अब तक 1823 जनसभाओं में पहुंचे 1421 जनप्रतिनिधियों के द्वारा राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए मोदी एवं शाह द्वारा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किये जाने का निर्णय भी जनता तक पहुंचा है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने आयोजित किया किसान पखवाड़ा



**लखनऊ।** बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा किसानों को कृषि बैंकिग उत्पादों से जोड़ने हेतु दिनांक एक से 16 अक्टूबर तक किसान पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में बैंक ऑफ बड़ौदा, लखनऊ क्षेत्र द्वारा किसान मेगा क्रेडिट कैम्प का आयोजन इंन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ के मार्स हॉल में किया गया। इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि संबंधी विभिन्न उत्पादों की जानकारी प्रदान कर उन्हें सक्रिय बैंकिग योजनाओं से जोड़ना है। इस किसान मेगा क्रेडिट कैम्प में लगभग 1150 किसानों ने भाग लिया। इस कैम्प में 2567 लाभार्थी किसानों को 109 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया। जिसमें से कृषि क्षेत्र से कुल 1827 लाभार्थी को रुपये 47 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया। इस मेगा क्रेडिट कैम्प में मुख्य अतिथि कृषि निदेशक सोराज सिंह एवं मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड, शंकर ए पाण्डेय द्वारा बैंक ऑफबड़ौदा द्वारा आयोजित कार्यकम की सराहना की गई। अंचल प्रमुख डॉ. रामजस यादव, क्षेत्रीय प्रमुख एके सिंह ने बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों को दी। इस अवसर पर उपक्षेत्रीय प्रमुख द्वय एसपी सिंह एवं योगेश कुमार शर्मा तथा विभिन्न शाखाओं से आये शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## सतर्कता जागरूकता शिविर आयोजित




**लखनऊ।** केंद्रीय सतर्कता आयोग के तत्वावधान में यूनियन बैंक ऑफइंडिया शाखा चांदगंज की ओर से राम स्वरूप विश्वविद्यालय, लखनऊ में सतर्कता जागरूकता शिविर के अंतर्गत निबंध लेखन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरण सुभाष चन्द्र शर्मा उप क्षेत्र प्रमुख, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, लखनऊ के द्वारा वितरित किए गयें। सुभाष चन्द्र शर्मा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुऐ बताया कि बैंक से लेन-देन करते समय सावधानी बरतनी चाहिए विशेषकर एटीएम कार्ड व ऑनलाइन बैंकिंग करते समय अपने गोपनीय पासवर्ड को किसी अन्य व्यक्ति के साथ शाझा नहीं करना चाहिए। उन्होने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिये हर संभव ईमानदारी, सत्यनिष्ठा एवं वचनवद्ध होने पर ज़ोर दिया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुख्य सतर्कता अधिकारी लखनऊ पीके सिंह ने कहा कि हमारे देश में आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बहुत बड़ी बाधा है जिससे निपटने के लिये हम सभी को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है।

## एसकेडी ने मनाई पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की जयंती



**लखनऊ।** एसकेडी एकेडमी की पांचों शाखाओं (यूपी बोर्ड, आईएससी बोर्ड, जूनियर हाईस्कूल शाखा, विक्रान्त खण्ड शाखा एवं वृन्दावन शाखा) में 'विश्व छात्र दिवस' भारत के मिसाइल मैन व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे. अब्दुल कलाम की जन्मतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालयों में छात्रों द्वारा प्रष्नोत्तरी प्रतियोगिता व कलाम जी के जीवन पर भाषण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों को बताया गया कि भारत के 11वें राष्ट्रपति जो कि महान वैज्ञानिक थे उन्हें भारत रत्न, पद्म भूषण एवं पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। आज उनकी जन्मतिथि को 'विश्व छात्र दिवस' के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय के निदेशक मनीष सिंह जी ने 'विश्व छात्र दिवस' के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ गुरू, भारत के मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को स्मरण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए छात्रों को कलाम जी का प्रेरित करने वाला विचार प्रस्तुत किया।

## शारदा इंस्टीट्यूशंस में ट्रैफिक अवेयरनेस प्रोग्राम



**लखनऊ।** श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस गोसाईगंज लखनऊ ने ट्रैफिक पुलिस लखनऊ के साथ मिलकर ट्रैफिक अवेयरनेस वीक के उद्घाटन पर 14 अक्टूबर को ट्रैफिक अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन हजरतगंज, बंदरिया बाग, परिवर्तन चौक, कपूरथला, चौक, आलमबाग नहरिया, तेलीबाग, पॉलिटेक्निक, टेढ़ी पुलिया और अहिमामऊ पर किया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्णेंदु सिंह, एसपी ट्राफिक लखनऊ ने किया। निर्मेश सिंह, वाइस चेयरमैन प्रो. विवेक मिश्रा, डीन के साथ-साथ फैकल्टी मेंबर्स स्टूडेंट्स और प्रख्यात हस्तियां भी इस मौके पर मौजूद थीं। इस कार्यक्रम में छात्रों ने आम जनता के बीच यातायात नियमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रमुख ट्रैफिक चौराहों पर प्लेकार्ड और परचों के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया। उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्णेंदु सिंह एसपी ट्रैफिक लखनऊ ने कहा कि जिम्मेदार पुलिसकर्मी के रूप में हम भारत की सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज ज्यादातर दुर्घटनाएं ड्राइवर की लापरवाही और अनुचित सड़क शिष्टाचार के कारण होती हैं इसलिए सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों को शिक्षित करने का हमारा प्रयास है।

## कांग्रेस प्रतिधिमण्डल पीड़ित परिवार से मिला

**लखनऊ।** हापुड़ जनपद के लाखन गांव निवासी किसान नेता प्रदीप तोमर की पुलिस हिरासत में हुई मौत की घटना पर वस्तुस्थिति की पूरी जानकारी के कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल हापुड़ पहुंचा। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया यह प्रतिनिधिमण्डल घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के निर्देश पर गया है। प्रतिनिधिमण्डल ने मृतक के परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए घटना से सम्बन्धित पूरे तथ्यों की जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगा, जिस पर कांग्रेस पार्टी द्वारा पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने हेतु संघर्ष की रूपरेखा तैयार करेगी।

## किसान कांग्रेस ने उपुचनाव में 12 सीटों पर नियुक्त किए चुनाव प्रभारी

**लखनऊ।** प्रदेश में 12 विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनावों में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा प्रभारियों की नियुक्ति की गयी है। किसान कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी श्याम पांडेय ने गंगोह विधानसभा में अध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश यतीन्द्र कसाना, लखनऊ कैंट में उपाध्यक्ष मध्य जोन उदयवीर सिंह, प्रतापगढ़ में समन्वयक पूर्वी उत्तर प्रदेश सुशील तिवारी, मानिकपुर में जिला अध्यक्ष बांदा गजेंद्र सिंह पटेल, जैदपुर में अध्यक्ष मध्य जोन उत्तर प्रदेश धर्मेंद्र चौधरी व जिला अध्यक्ष सीतापुर दीपक वर्मा, इगलास में अध्यक्ष साउथ जोन उत्तर प्रदेश योगेश तलन, टुंडला मे समन्वयक साउथ जोन उत्तर प्रदेश अमित उपाध्याय, गोविंदनगर में जिला अध्यक्ष झांसी योगेंद्र सिंह, जलालपुर में समन्वयक पूर्वी उत्तर प्रदेश वीरेंद्र यादव, घोसी में उपाध्यक्ष पूर्वी उत्तर प्रदेश संजय चौबे, रामपुर में समन्वयक पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रमोद शर्मा, बलहा में समन्यवक पूर्वी उत्तर प्रदेश संगीता चौहान को विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है।

# सेना के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मेकेनिकल इंजीनियर्स कोर ने मनाया स्थापना दिवस



**लखनऊ।** सेना के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मेकेनिकल इंजीनियर्स कोर का 77वॉं स्थापना दिवस मंगलवार को लखनऊ छावनी में मनाया गया। इस अवसर पर मध्य कमान के सेनाध्यक्ष ले. जनरल आईएस घुमन ने कोर के सभी सेवारत् एवं सेवानिवृत सैन्यधिकारियों, जूनियर कमीशन्ड अधिकारियों, अन्य रैंकों के जवानों एवं उनके परिजनों को भेजे अपने संदेश में हार्दिक शुभकमानाएं दीं।

ले. जनरल आईएस घुमन ने मध्य कमान के अंतर्गत आने वाले परिक्षेत्रों में हथियार एवं उपकरण प्रणालियों के रखरखाव में अनुकरणीय योगदान के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मेकेनिकल इंजीनियर्स कोर की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह कोर वर्तमान की चुनौतियों के अनुरूप हथियारों एवं उपकरण प्रणालियों की जटिलताओं से निपटने में अपनी अहम् भूमिका निभायेगा।

इस अवसर पर मध्य कमान के युद्ध स्मारक 'स्मृतिका' पर एक श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया जहाँ मध्य कमान के मेजर जनरल इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मेकेनिकल इंजीनियर्स मेजर जनरल जेएस सिदाना ने 'स्मृतिका' पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

# ऐतिहासिक इमारतों व सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हुए विदेशी छात्र



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैंपस) के तत्वावधान में चल रहे चार दिवसीय इण्टरनेशनल टीनएजर्स मैथमेटिक्स ओलम्पियाड (आईटीएमओ-2019) के प्रतिभागी 17 देशों के मेहमान छात्रों ने लखनऊ भ्रमण का आनन्द उठाया और लखनऊ की ऐतिहासिक इमारतों, साँस्कृतिक विरासत व गंगा-जमुनी तहजीब से रूबरू हुए। फिलीपीन्स, दक्षिण अफ्रीका, थाईलैण्ड, नेपाल, यूएई, बांग्लादेश, भूटान, ताइवान, वियतनाम, मलेशिया, श्रीलंका, इण्डोनेशिया, रूस, ट्यूनीशिया, बुल्गारिया, फिनलैण्ड एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों से पधारे बाल गणितज्ञों ने लखनऊ भ्रमण के दौरान बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, चिड़ियाघर आदि की सैर की और इस दौरान लखनऊ के लजीज जायके का आनन्द उठाया, साथ ही लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब को नजदीक से अनुभव किया। विदित हो कि गोमती नगर (प्रथम कैंपस) द्वारा आईटीएमओ-2019 का आयोजन 13 से 16 अक्टूबर तक कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि लखनऊ की गलियों में घूमते हुए इन विदेशी बच्चों ने वसुधैव कुटुम्बकम का अनूठा दृश्य उपस्थित किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गुलौली, वि.ख.-पहला, सीतापुर

पत्रांक-04/मनरेगा/निविदा पत्रा0/2019-20/ दिनांक-15.10.2019

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला / ग्राम पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 16-10-2019 से 21-10-2019 अपरान्ह 4.00 बजे तक निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत, गुलौली, वि0 खं0 पहला से प्राप्त की जा सकती है।

मोहरबंद निविदा दिनॉक 22-10-2019 को अपरान्ह 4.00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनॉक 23-10-2019 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत गुलौली, वि0 खं0 पहला एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारो की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत GST सहित (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाबू के खेत से मतई के घर तक सोलिंग निर्माण कार्य। | 395136.00 | 8000.00 | 1000 | 03 माह | क्षे0पं0/ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |

निविदा की पात्रता :-
1. निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनॉक 16-10-2019 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत अधिकारी गुलौली कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभि0 (आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. निविदा के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0डी0आर0 जो कार्यालय ग्राम पंचायत गुलौली, वि0खं0 पहला के पक्ष में बंधक हो लगाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ग्रा0 पंचा0 अधिकारी
गुलौली, वि.खं.पहला, सीतापुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत कोरार, वि.ख.-पहला, सीतापुर

पत्रांक-01/मनरेगा/निविदा पत्रा0/2019-20/ दिनांक-15.10.2019

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला / ग्राम पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 16-10-2019 से 21-10-2019 अपरान्ह 4.00 बजे तक निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत कोरार वि0 खं0 पहला से प्राप्त की जा सकती है।

मोहरबंद निविदा दिनॉक 22-10-2019 को अपरान्ह 4.00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनॉक 23-10-2019 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत कोरार, वि0 खं0 पहला एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारो की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डामर रोड से ओमप्रकाश के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य। | 473001.00 | 9500.00 | 1000 | 03 माह | क्षे0पं0/ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |

निविदा की पात्रता :-
1. निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनॉक 16-10-2019 से किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कोरार कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभि0 (आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. निविदा के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0डी0आर0 जो कार्यालय ग्राम पंचायत कोरार, वि0खं0 पहला के पक्ष में बंधक हो लगाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ग्रा0 पंचा0 अधिकारी
कोरार, वि.खं.पहला, सीतापुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरईखेड़ा, वि.ख.-पहला, सीतापुर

पत्रांक-01/मनरेगा/निविदा पत्रा0/2019-20/ दिनांक-16.10.2019

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला / ग्राम पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 17-10-2019 से 22-10-2019 अपरान्ह 4.00 बजे तक निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत अधिकारी, बरईखेड़ा वि0 खं0 पहला से प्राप्त की जा सकती है।

मोहरबंद निविदा दिनॉक 23-10-2019 को अपरान्ह 4.00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनॉक 24-10-2019 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत बरईखेड़ा, वि0 खं0 पहला एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत दुकानदारो की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनु-मानित लागत GST सहित (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | सामग्री आपूर्ति करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बरईखेड़ा में रामपाल के घर से कल्लू के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 917519.00 | 18500.00 | 1000 | 03 माह | क्षे0पं0/ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | फरीदपुर महिपत सिंह में डामर रोड से रामनरेश के मकान तक इण्टरलाकिंग एवं भूमिगत नाली निर्माण कार्य। | 389849.00 | 8000.00 | 1000 | 03 माह | क्षे0पं0/ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |

निविदा की पात्रता :-
1. निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनॉक 22-10-2019 से किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी बरईखेड़ा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभि0 (आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. निविदा के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0डी0आर0 जो कार्यालय ग्राम पंचायत बरईखेड़ा वि0खं0 पहला के पक्ष में बंधक हो लगाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ग्रा0 वि0 अधिकारी
बरईखेड़ा, वि.खं.पहला, सीतापुर

उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड ई-निविदा संख्या-109-120-ई0टी0 सी0(प्र0) ए0/2019-2020 प्रतिष्ठित, अनुभवी ठेकेदारों/निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं से निम्नलिखित कार्यो/सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदायें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर स्वीकार की जायेंगी। (1) अतिअल्पकालीन ई-निविदा सं0-109-ई0टी0सी0ए0/2019-2020 :- 220 के0वी0 उपकेन्द्र मालवा, फतेहपुर पर 250 वॉट एच0पी0एस0वी0 लैम्प फिटिंग उपलब्ध कराने एवं लगाने के कार्य हेतु, (2) अल्पकालीन ई-निविदा सं0-110/ई0टी0सी0प्र0ए0/2019-2020:- 132 के0वी0 उपकेन्द्र, खागा पर स्थापित 63 एम.वी.ए. परिवर्तक पर आयल लीकेज बंद करने के कार्य हेतु (3) अल्पकालीन ई-निविदा संख्या-111-ई0टी0सी0प्र0ए0/2019-2020 :- विद्युत प्रेषण खण्ड-प्रतापगढ के विभिन्न उपकेन्द्रों पर परिवर्तकों पर जाली एवं डी0जी0 सेट हेतु हट बनाने सम्बन्धी समस्त कार्य हेतु, (4) अल्पकालीन ई-निविदा संख्या-112-ई0टी0सी0प्र0ए0/2019-2020 :- 132 के0वी0 उपकेन्द्र भुपियामऊ, प्रतापगढ पर घास की कटाई एवं छोटे पेडों की जड़ से खुदाई (अपरूटिंग) के कार्य हेतु, (5) ई-निविदा संख्या-113-ई0टी0सी0प्र0ए0/2019-2020:- 220 के0वी0 उपकेन्द्र रीवारोड, प्रयागराज पर स्थित 800 के0वी0 सेन्ट्रल स्टोर के शेड की मरम्मत एवं पेन्टिंग के कार्य हेतु (6) ई-निविदा संख्या-114-ई0टी0सी0प्र0ए0/2019-2020 :- 132 के0वी0 उपकेन्द्र सोरांव पर गन फिटिंग एंव विभिन्न क्लैम्पों की आपूर्ति हेतु, (7) ई-निविदा संख्या-115-ई0टी0सी0प्र0ए0/2019-2020 :- मुख्य अभियन्ता (पा0द0पू0), प्रयागराज कार्यालय में एक अदद एअर कंडीशनर की आपूर्ति एवं लगाने के कार्य हेतु, (8) ई-निविदा संख्या-116-ई0टी0सी0प्र0ए0/2019-2020 :- 132 के0वी0 उपकेन्द्र, जहानाबाद के वार्षिक अनुरक्षण कार्य हेतु, (9) ई-निविदा संख्या-117-ई0टी0सी0प्र0ए0/2019-2020:- 220 के0वी0 उपकेन्द्र, फतेहपुर के वार्षिक अनुरक्षण कार्य हेतु, (10) ई-निविदा संख्या-118-ई0टी0सी0प्र0ए0/2019-2020:- विद्युत रचना इकाई, नैनी, प्रयागराज में हाइड्रोक्लोरिक एसिड की आपूर्ति हेतु (11) ई-निविदा संख्या-119-ई0टी0सी0प्र0ए0/2019-2020 :- विद्युत रचना इकाई, नैनी, प्रयागराज में डी0ए0 गैस की आपूर्ति हेतु, (12) ई-निविदा संख्या-120-ई0टी0सी0प्र0ए0/2019-2020 :- विद्युत रचना इकाई, नैनी, प्रयागराज में आक्सीजन गैस की आपूर्ति हेतु। ई-निविदा सं0 109 दिनांक 19-10-2019, ई-निविदा सं0 110 से 112 तक दिनांक 06-11-2019, ई-निविदा सं0 113 से 116 तक दिनांक 20-11-2019 एवं ई-निविदा सं0 117 से 120 तक दिनांक 21-11-2019 को सायं 13.00 बजे खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने की तिथि को अवकाश पड़ जाता है तो निविदायें अगले कार्य दिवस पर नियत समय पर खोली जायेंगी। निविदा जमा करने की तिथि तक विवरण के लिए/डाउनलोड के लिए/किसी प्रकार के सुधार/संशोधन/परिवर्तन के लिए कृपया उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त करें। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत प्रेषण मण्डल-प्रथम, 57-जार्ज टाउन, प्रयागराज। पत्रांक-3410 दिनांक :- 15.10.2019 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें"।

# फरार व घोषित अपराधियों को नहीं दी जाए अग्रिम जमानत: हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि फरार और घोषित अपराधियों को अग्रिम जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। पीठ ने यह फैसला फैजाबाद रोड स्थित होटल ग्रैंड ओरियन की तीसरी मंजिल से गिरकर एक बच्चे की हुई मौत के मामले में दिया है। इस मामले में सत्र अदालत से अभियुक्त को अग्रिम जमानत मिल गई थी। पीठ ने सत्र अदालत के इस आदेश को खारिज कर दिया है।

जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष इस मसले पर अंकुर मिश्रा की याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता का कहना था कि 21 दिसंबर, 2018 को वह पत्नी और बच्चों के साथ होटल ग्रैंड ओरियन में एक पारिवारिक समारोह में भाग लेने गए थे। जहां तीसरी मंजिल की टूटी हुई रेलिंग से गिरकर उनके 11 वर्षीय बेटे की मौत हो गई। उन्होंने इस मामले में होटल मालिक व प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस द्वारा संतोषजनक कार्रवाई नहीं करने उन्होंने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लखनऊ के समक्ष एक अर्जी दी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अर्जी पर सुनवाई के बाद अभियुक्त के खिलाफ समय-समय पर न सिर्फ गैर जमानतीय वारंट बल्कि फरारी की उद्घोषणा व कुर्की का भी आदेश जारी किया साथ ही पुलिस के आला अफसरों को कई पत्र लिखकर अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने को कहा। बावजूद इसके अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। उधर, बीते नौ अगस्त को फरार होने के बावजूद सत्र न्यायालय द्वारा उसकी अग्रिम जमानत अर्जी को मंजूर कर लिया गया। एकल पीठ ने सुनवाई के बाद इस मामले में विस्तृत फैसला दिया। पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि फरार और घोषित अपराधियों की अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्रों को मंजूर नहीं किया जाना चाहिए। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध 10 जनवरी, 2019 को न सिर्फ गैर जमानतीय वारंट बल्कि उसके खिलाफ फरारी की उद्घोषणा व कुर्की का आदेश भी जारी हो चुका था। पीठ का यह भी कहना था कि इस मामले में विवेचनाधिकारी की भूमिका व उसकी सहभागिता पर टिप्पणी करने की आवश्यकता तो नहीं है, यह तो उसके आचरण से ही स्पष्ट हो रहा है। एकल पीठ ने कहा कि सत्र न्यायालय ने इन पहलुओं पर गौर किए बगैर अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर कर की है। अब जबकि मामले में चार्ज शीट दाखिल हो चुकी है, अभियुक्त ट्रायल कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण करें।

## पीएमओ के फर्जी अफसर का चार दिन का पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**पीएमओ** में उच्च पद पर कार्यरत बताकर अफसरों पर रौब गांठने व आर्थिक दोहन करने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम अतुल शर्मा को अदालत ने चार दिन के लिए पुलिस की कस्टडी में सौंपने का आदेश दिया है। कस्टडी रिमांड की यह अवधि 16 अक्टूबर की सुबह 10 बजे से शुरू होगी। प्रभारी विशेष सीजेएम स्वप्न आंनद ने यह आदेश थाना हजरतगंज के एसएचओ राधा रमण सिंह की अर्जी पर दिया है। अभियोजन अधिकारी विजय कुमार ने इस अर्जी पर बहस करते हुए कहा कि मुल्जिम खुद को अमेरिकन फॉरेन पॉलिसी काउसिंल का एक्जीक्यूटिव मेम्बर व काउसिंल ऑन फॉरेन रिलेशंस में भी कार्यरत बताता है। साथ ही खड्गपुर से आईआईटी पास आउट भी बताया है। इसने कूटरचित दस्तावेजों के जरिए अपने फेसबुक एकाउंट की प्रोफाइल पर अपना परिचय भूतपूर्व आईबीएम रिसर्च लैबोरेट्री व यूएस डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस रिसर्च बता रखा है। जिसके जरिए लोगों पर रौब गांठता है व उनका आर्थिक दोहन भी करता है। इसके द्वारा इस्तेमाल किए गए कूटरचित दस्तावेजों की बरामदगी आवश्यक है। इसने बताया है कि वो बेगुसराय चलकर सभी दस्तावेज बरामद करा सकता है। लिहाजा इसका सात दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर किया जाए। बीते 24 सितंबर को इस मामले की एफआईआर मनोज कुमार ने दर्ज कराई थी।

# नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे की नोक पर किसान के घर की लूटपाट

**संवाददाता।** निगोहां

**निगोहां** थाना क्षेत्र के सैदापुर गांव में सोमवार की देर रात तीन नकाबपोश बदमाश एक किसान के घर धावा बोलकर किसान की सो रही पत्नी को तमन्चे की नोक पर लेकर घर में बक्से में रखे कीमती सोने-चांदी के जेवरात व नगदी लूट ले गये। किसान की बेटी की नींद खुलने पर उसका मुंह दबाकर घसीट ले गये ओर पीछे खेत में धक्का देकर भाग निकले। पीड़ित परिवार की चीख पुकार सुनकर लोगों ने मौके पर पहुँचकर सौ नम्बर पर पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना के डेढ घंटे बाद निगोहां थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर छानबीन की। वही ग्रामीणों का आरोप हल्के में तैनात सिपाही व दरोगा कभी गश्त नहीं करते हैं जिसके चलते आये दिन घटनायें होती रहती हैं। वहीं सीओ आर के शुक्ला ने मौके पर पहुँचकर छानबीन करने के साथ निगोहा पुलिस को घटना के खुलासे के निर्देश दिये। उतरावाँ के मजरा सैदापुर गांव निवासी किसान राज कुमार मिश्रा ने पुलिस को लिखित तहरीर देते हुये बताया सोमवार की देर खाना खाने के बाद वो पत्नी सरोज के साथ बरामदे में पड़े तख्त व तीनों बेटियां कमरे में सो गयीं। मगंलवार की सुबह तीन बजे के करीब खटपट की आवाज सुनकर बडी बेटी शिवानी उठी तो कमरे में सारा सामान बिखरा देखकर मां सरोज को जगाने कमरे से बाहर आयी तो देखा एक नकाबपोश बदमाश सो रही मां के कनपटी पर तमंचा लगाए था। वो जैसे ही चीखने चली तभी एक बदमाश ने पीछे से उसका मुंह दबा दिया ओर घर के पीछे खेत में घसीटते हुये ले जाकर खेत धक्का देकर तीनों बदमाश मौके से भाग निकले।





### एक घर के किचन में जाकर रुका खोजी कुत्ता

**किसान** के घर में हुयी घटना के बाद मौके पर पहुँची डाग स्क्वायर्ड टीम ने जांच शुरू की ओर साथ लाये कुत्ते ने बदमाशों के पैरों के बने निशान की गंध को सूंघ कर कुत्ता खेतों के रास्ते होते हुये करीब तीन सौ मीटर की दूरी पर स्थित मठ गांव में अनवर के घर के अन्दर बने किचन में जाकर रूक गया। जिसके बाद पुलिस घर के मालिक को सदेंह के घेरे में लेकर पूछताछ कर रही है।

## 50 हजार का ईनामी तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने मथुरा जिले से शातिर शराब तस्कर और 50 हजार के ईनामी अपराधी चेतराम को गिरफ्तार किया। एसटीएफ की आगरा फील्ड इकाई को सूचना मिली कि 50 हजार का ईनामी अपराधी चेतराम थाना कोसीकलॉ जनपद मथुरा से शराब तस्करी व पुलिस के साथ मुठभेड़ जैसे अपराध मे वांछित होने के फलस्वरूप लगातार फरार चल रहा है। जो होडल की तरफ से आने वाला है और हताना होकर अपने गॉव बरचावली जायेगा। इस सूचना पर एसटीएफ टीम स्थानीय पुलिस को साथ पहुंची और चेतराम निवासी कोसीकलॉ, मथुरा को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक तमंचा, चार कारतूस बरामद हुए। चेतराम ने बताया कि अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिये वह मेवात क्षेत्र में चला गया था। उसे अपने परिवार को देखे हुए काफी समय हो गया था जिससे वह अपने घर आ रहा था।

## अवैध रूप से बन रहा बेसमेंट सील

**लखनऊ।** पारा क्षेत्र में मोहान रोड पर निर्माणकर्ता ने बिना अनुमति के प्लाट में बेसमेंट का निर्माण करने पर एलडीए ने कार्रवाई की। एलडीए ने मौके पर भूतल निर्माण पर आपत्ति जताई। क्षेत्रीय एक्सियन एवं प्रवर्तन दल ने आरसीसी कालम खड़ा करने पर सीलिंग की कार्रवाई की। मंगलवार को एलडीए की विहित प्राधिकारी ऋतु सुहास के 9 अक्टूबर के आदेश पर पारा क्षेत्र में निर्माणकर्ता बब्बलू की अर्धनिर्मित बिल्डिंग को सील कर दिया है। यहां मौके पर निर्माणकर्ता ने निर्माण करने के बाद भी भूतल में आरसीसी के कालम खड़ा कर घेने पर एलडीए ने कड़ा रुख अपनाया। क्षेत्रीय अधिकारी कमलजीत सिंह ने निर्माण को सील कर दिया। अधिकारी के अनुसार बेसमेंट में कालम का निर्माण कर छत डालने की तैयारी प्लाट के स्वामी की थी लेकिन जोन के अधिकारी और अधिशाषी अभियंताओं के होने से कड़ी कार्रवाई की गयी।

## घर मे घुसे चोर को दबोच कर पुलिस को सौंपा

**लखनऊ।** मड़ियांव में आधी रात को घर मे घुसे चोर को मकान मालिक ने दबोच कर उसे पुलिस के सुपुर्द किया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कृष्णलोक कॉलोनी फैजुल्लागंज निवासी बराती लाल के मुताबिक सोमवार रात घर मे मुंडन का कार्यक्रम था। देर रात कार्यक्रम संपन्न होने पर सभी घर के अंदर से गए गए। जबकि उनका बेटा शुभम वर्मा छत पर लेटा था। शुभम के मुताबिक रात करीब दो बजे संदिग्ध युवक को छत पर चढ़ा देख उसने शोर मचा दिया। इस पर घर के अन्य सदस्य भी जग गए। मौके से भागने का प्रयास कर रहे आरोपित को दबोच लिया गया।

## महिला से बाइक सवार बदमाशों ने चेन लूटी

**लखनऊ।** इंदिरानगर थाना क्षेत्र में स्कूल से अपने बच्चे को लेने जा रही पैदल महिला से सेक्टर 12 के पास अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने चेन लूट ली और हवा में फर्राटा भरते हुए फरार हो गये। पुलिस ने वादिनी की पति अनुराग की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और बदमाशों की तलाश करने की बात कह रही है। गाजीपुर निवासिनी अंजली मंगलवार की दोपहर अपने बच्चे को स्कूल से लेने के लिए पैदल जा रही थी। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह इंदिरानगर स्थित सेक्टर 12 के पास पहुंची तभी तेज बाइक से निकले दो बदमाशों ने उसके गले से झपटटा मारकर सोने की चेन खींच ली और मौके से फरार हो गये।

## यात्री ने लगाया अवैध वसूली का आरोप

**सरोजनीनगर।** चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट मंगलवार को शारजहां से पहुंचे एक हवाई यात्री ने कस्टम अधिकारियों पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और अपने मोबाइल से डायल 100 पर फोन कर पुलिस को बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक देवरिया जिले के बाबूगंज में रहने वाले यात्री सुरेंद्र प्रसाद मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे शारजाह से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट से राजधानी के लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंचा। सूत्रों ने बताया कि सुरेंद्र विमान से उतरने के बाद एयरपोर्ट बिल्डिंग से बाहर निकल रहा था। तभी कस्टम जांच के दौरान उसके पास सोने का हार मिलने पर कस्टम अधिकारियों ने उसे रोक लिया और उससे हार पर अधिक कस्टम शुल्क लगने का हवाला देते हुए उससे कुछ रकम मांगने लगे। लेकिन उसने अतिरिक्त रकम देने से मना कर दिया। इस बात को लेकर अधिकारियों और यात्री के बीच झड़प हो गई। हालांकि सूत्रों का कहना है कि यात्री सुरेंद्र ने खुद के पास मौजूद सोने के हार की रसीद भी दिखाई, लेकिन कस्टम अधिकारी ध्कर्मचारी जबरन उसे रोके रहे।

## शिलापट लगाने में लापरवाही की शिकायत, कार्रवाई की मांग

मोहनलालगंज। पंचायत निधि से कराए जा रहे विकास कार्यों पर खर्च की गई धनराशि और कार्य का ब्योरा दर्शाने वाले शिलापट लगाने में मोहनलालगंज समेत राजधानी के सभी ब्लाक की अधिकतर ग्राम पंचायतें घोर लापरवाही बरत रही हैं। भाजपा सरकार की पारदर्शी नीति में इसे बड़ी बाधा मानते हुए कुछ भाजपाईयों ने ग्राम्य विकास और पंचायतीराज मंत्री से मामले का संज्ञान लेकर अविलम्ब सुधार कराने की मांग उठाई है। मोहनलालगंज समेत राजधानी के लगभग सभी ब्लाक की ज्यादातर ग्राम पंचायतों में सचिव और प्रधान पंचायत निधि से कराए जा रहे विकास कार्यों का ब्योरा दर्शाने को लेकर लापरवाही बरत रहे हैं। ग्रामीणों का मानना है कि पंचायतों में कराए जा रहे निर्माण और मरम्मत के विकास कार्यों पर खर्च की गई धनराशि और कार्य का ब्योरा लिखा शिलापट नही लगाया जा रहा है। जिससे आम लोगों को उस कार्य के बारे में पूरी जानकारी ही नहीं हो पाती है।

## फर्जी आईडी के सहारे ई-टिकट बेचने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। त्योहारों के मद्देनजर तत्काल व ई-टिकटों की दलाली करने वाले शातिरों की धरपकड़ करने के लिए आरपीएफ ने कई टीमें बनाई हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अतुल कुमार श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अमित मिश्रा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत आरपीएफ ने मंगलवार को गोमतीनगर इलाके से एक शातिर को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ क्राइम ब्रांच लखनऊ के प्रभारी अमित कुमार राय ने बताया कि त्योहारों के दौरान यात्रियों से ज्यादा रुपए लेकर उन्हें ई-रेलवे टिकट बेचने वाले एक शातिर को गोमतीनगर इलाके के पत्रकारपुरम चौराहे के गोमतीप्लाजा स्थित ओम साई कम्प्यूटर एवं साइबर कैफे पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है। उसका नाम अरुण कुमार शुक्ला है। उन्होंने बताया कि शातिर के पास से 57 ई-टिकट बरामद किए गए हैं। जिनकी कीमत 80 हजार से रुपए से अधिक है। इसके साथ ही शातिर के पास से टीम ने 35 हजार से अधिक की नगदी, कम्प्यूटर एवं कई दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

## मजदूर समेत तीन लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ। काकोरी के मुजफ्फरपुर गांव में रहने वाले मजदूर शत्रोहन की शादी पांच साल पहले देहगवां निवासी रीमा (25) से हुई थी लेकिन इस दौरान उसके कोई औलाद नहीं हुई। सोमवार को शत्रोहन मजदूरी करने चला गया। शाम को घर पहुंचा तो पत्नी नहीं थी। पड़ोसियों से जानकारी ली फिर उसे तलाशने निकल पड़ा। देर रात तक उसका कोई पता नहीं चला। मंगलवार सुबह ग्रामीणों नेआम की बाग में साड़ी के सहारे रीमा का शव लटकता देखा। इसके अलावा माल के मडवाना गांव में रहने वाले नन्हा (50) का शव घर के अंदर आंगन में रखे टीन शेड़ की बल्ली से दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। वहीं गहदो पंचायत के मजरे उतरेहटा गांव में मंगलवार की सुबह केशन की बाग की ओर ग्रामीण पहुंचे तो उन्होंने किसान पुत्तीलाल (64) का शव गमछे के सहारे लटकता पाया।

# भूसी की बोरियों में छिपाकर शराब तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा, एक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● 1160 पेटी देशी शराब बरामद

**भूसी** की बोरियों में छिपाकर अन्तर्राज्यी स्तर पर शराब की तस्करी करने वाले गिरोह का एसटीएफ ने खुलासा किया। एसटीएफ ने रायबरेली में गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1160 पेटी देशी शराब बरामद की। एसटीएफ के अनुसार बरामद शराब की कीमत करीब 60 लाख रुपए है।

विगत दिनों उत्तर प्रदेश में जहरीली शराब से हुई मौतों के कारण अवैध शराब व उसकी तस्करी करने वाले शराब माफियाओं व तस्करों के विरुद्ध एसटीएप ने अभियान छेड़ रखा है। इसी क्रम में एसटीफ को सूचना मिली कि एक ट्रक पर हरियाणा से अवैध देशी शराब लाद कर जनपद रायबरेली होते हुए बिहार प्रान्त को जा रही है। इस सूचना पर एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस थाना मिल एरिया, रायबरेली को साथ लेकर सारस तिराहा नेशनल हाइवे पर ट्रक को घेराबन्दी कर रोका। तलाश लेने पर ट्रक के अन्दर पीले रंग की भूसी की बोरियों से ढककर रखी गयी 1160 पेटी अवैध देशी शराब कुल 55680 बोतल पायी गयी। पीले रंग की 100 बोरियों में भूसी भरी हुई थी। ट्रक चालक सुरेन्द्र सिंह निवासी हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया गया। चालक के कब्जे से बरामद बिल्टी टोटल ट्रान्सपोर्ट सल्यूशन शाप नं. 3 अशोक बिहार फेस-3, गुड़गांव के नाम की पाई गयी जो स्काई लार्क फीड (लावा) को अम्बाला हरियाणा से पुरूलिया पश्चिम बंगाल तक पहुचाने के लिए तैयार की गयी थी। बिल्टी में ट्रान्सपोर्टर के दो दूरभाष नम्बर गलत अंकित किये गये थे। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि यह वाहन वेदपाल निवासी कलवान, तहसील सफीदुन, जिला जीन्द, हरियाणा का है जिसके कहने पर पानीपत से शराब सहित ट्रक लेकर बिहार जा रहा था। ट्रक मालिक ने कहा था कि यूपी-बिहार बार्डर पर एक अन्य व्यक्ति मिलेगा जो उस स्थान तक साथ जाएगा जहां पर यह शराब उतारी जानी है।

## डेंगू के 20 मरीज मिले, 2725 घरों का टीम ने किया सर्वेक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** सहित पूरे लखनऊ जनपद को अपने आगोश में ले चुके डेंगू के चलते मंगलवार को अलग-अलग इलाके से कुल 20 मरीजों में डेंगू की पुष्टि पाई गई है। वहीं वेक्टरजनित नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आज स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 2725 घरों का सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण के दौरान कई स्थानों पर मच्छरजनित स्थितियों के पाये जाने पर 37 लोगों को नोटिस जारी की गयी। इनमें राजभवन कालोनी का सर्वेंट क्वार्टर भी शामिल है। जिन इलाकों से डेंगू मरीजों की पुष्टि हुई है, उन इलाकों में मलिहाबाद, नारही, विशाल खंड, मरी माता मंदिर के पास, राजाजीपुरम, गोमती नगर, सेक्टर एन अलीगंज, बदरू खेड़ा, विकासखंड चिनहट, ओमेक्स सिटी, कानपुर रोड, अलीगंज, आशियाना, जयति खेड़ा, मड़ियांव, नदवा कॉलेज कैंपस शामिल हैं। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा सोर्स रिडक्शन तथा स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई। वहीं फाइट द बाइट अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 2725 घरों का सर्वेक्षण किया। जहां मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी की गयी। जिनमें प्रमुख रूप से जयपुरिया स्कूल, रेलवे कॉलोनी, बालागंज, इमा थॉमसन कॉलेज लालबाग, राजाजीपुरम शामिल है।

# सिपाही के घर बदमाशों का धावा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गुडम्बा** थाना क्षेत्र के पलका कौड़ियामऊ और सादामऊ के 7 घरों में रविवार रात बदमाशों के धावा बोलने के मामले में पुलिस बदमाशों को पकड़ पाती इससे पहले ही सोमवार रात बदमाशों ने सेमरा गांव निवासी सिपाही के घर मे धावा बोल कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। बदमाशों ने पूरा घर खंगाला कर जेवर नकदी और मेंथा ऑयल पर हाथ साफकर दिया। तभी पीड़ित परिवार के जग जाने पर बदमाश भाग निकले। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सेमरा गांव निवासी पंकज यादव सिपाही हैं। वर्तमान में उनकी तैनाती लखीमपुर खीरी में है। पंकज के मुताबिक सोमवार को वह छुट्टी पर आया था। मंगलवार की तड़के करीब चार बजे खटपट की आवाज सुनकर उसकी नींद खुल गई। घर के अंदर बदमाशों को देख कर उसने शोर मचा दिया। जिससे ग्रामीण जग गए और बदमाशों को घेरने का प्रयास किया लेकिन वह भाग निकले। पीड़ित के मुताबिक बदमाशों ने बक्सा तोड़कर करीब तीन लाख रुपये कीमत के जेवर और 35 हजार रुपये समेत बीस लीटर मेंथा ऑयल चोरी कर ले गए है। अतिरिक्त प्रभारी गुडम्बा बलवीर सिंह ने बताया कि पंकज की मां मीरा देवी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

### सात घरों में हुई घटना की नहीं दर्ज की रिपोर्ट

**लखनऊ।** सिपाही के घर से चोरी होने पर पुलिस ने आनन फानन में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जबकि रविवार रात थाना क्षेत्र के पलकाए कौड़ियामऊ और सादामऊ के 7 घरों में बदमाशों द्वारा घुसकर की गई वारदात के मामले में पुलिस सिर्फ तहरीर लेकर शांत बैठ गई है। पलका निवासी पीड़ित अशर्फीलाल व कौड़ियामऊ निवासी सुरेशए प्रदीपए रमेश और राहुल का कहना है कि उसने चौकी पर तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज करने की बात कह कर टरका रही है। वहीं लगातार क्षेत्र में वारदात होने के कारण ग्रामीण दहशत में हैं। इंस्पेक्टर का कहना है कि यदि चौकी पर तहरीर दी गई है तो चौकी इंचार्ज से जानकारी लेकर सभी पीड़ितों की एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)

**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0**

नवीन फल एवं सब्जी मंडी स्थल उतरौला रोड, गोण्डा

पत्रांक :- उ0नि0/(निर्माण)/गोण्डा/ई-निविदा/2019-319 दिनांक : 15.10.19

**अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

कार्यालय पत्रांक 260, दिनांक 24.09.2019 के माध्यम से मण्डी परिषद निर्माण खण्ड, गोण्डा क्षेत्रान्तर्गत आने वाली नवीन मण्डी स्थल बलरामपुर, जनपद बलरामपुर में हैण्डपम्प की मरम्मत / रिबोर कार्य हेतु दिनांक 15.10.2019 को आमंत्रित की गयी थी। जो कि मात्र दो निविदा अपलोड होने के कारण पुनः दिनांक 23.10.2019 तक आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 17.10.2019 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 23.10.2019 की सायं 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्यों की निविदा 24.10.2019 को अपरान्ह 2.00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेंगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | निविदा मूल्य (वैट सहित) | कार्य की अनु.लागत (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवीन मण्डी स्थल बलरामपुर में 08 नग श्रेणी इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प की मरम्मत/रिबोर का कार्य। | 118.00 | 2.77 | 0.28 | एक माह | "द" |

**नोट :** निविदाओं के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। नियम व शर्तें यथावत् रहेंगी।

उपनिदेशक (निर्माण)

# पूर्वी इलाके में आतंक का पर्याय बना शातिर अपराधी सोनू वालिया गिरफ्तार

● अमन हत्याकांड का मुख्य आरोपी है शातिर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजधानी** के पूर्वी इलाके में आतंक का प्रयाय बने सोनू वालिया को आखिर कार आलमबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरा भाई जुगनू वालिया पंजाब जेल में पहले से ही बंद है। अभी जल्द ही सोनू वालिया जेल से रिहा हुआ था और छूटने के बाद से ही वह अमन हत्याकांड में मृतक के पिता परमेन्द्र सिंह को धमका रहा था। और बेटे की हत्या में गवाही ने देने की बात कह रहा था। बताया जा रहा है कि सोनू वालिया और जुगनू वालिया का आतंक इतना था कि वह जब चाहता था जिससे चाहता था उससे रंगदारी की मांग करता था और न देने पर उसे जान से मारने की धमकी या उस पर कातिलाना हमला कर देता था। इधर एसएसपी लखनऊ कलानिधि नैथानी द्वारा चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत लखनऊ पुलिस शातिरों को गिरफ्तार करने की कवायद में जुटी थी। मृतक अमन के पिता प्रमेंद्र की शिकायत जैसे ही आलमबाग कोतवाली में दर्ज कराई गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक आनन्द शाही ने उसकी तलाश शुरू की और एक टीम बनाकर आखिर कार सुबह उसे गिरफ्तार कर लिया। उसने 9 जनवरी की रात अमन को दुकान से घर जाते वक्त जुगून कालिया व साथी दिलशाद के साथ मिलकर गोली से उड़ाया था। हालांकि दिलशाद अभी फरार है जबकि जुगून जेल में बंद है।

## ईवीएम चेक करने पहुंचे जिलाधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जिलाधिकारी,** रमाबाई रैली स्थल में चुनाव से संबंधित का जायजा लेने पहुंचे। स्थल पर रखी ईवीएम और वीवीपैट का निरीक्षण किया। डीएम ने अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को चॉक चौबंद करने पर विचार विमर्श किया। मंगलवार को जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने रमाबाई रैली स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण क रने के दौरान डीएम ने इवीएम और वीवी पैट को चेक किया। डीएम ने चेकिंग के दौरान बूथों पर लगाने की तैयारी की जा रही है। डीएम ने पूरे परिसर को अधिकारियों के साथ परीक्षण किया। अधिकारियों से शेष तैयारियों को पूरा करने का आदेश दिया। यही नहीं पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। अधिकारियों को सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी भूआ-एक और तहसीलदार सदर मौजूद रहे।

# डाक सेवा अवार्ड से नवाजे गए उत्कृष्ट कर्मचारी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश डाक परिमंडल द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों को उनकी कर्तव्यपरायणता के लिए 'डाक सेवा अवार्ड' से नवाजा गया। 9 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित डाक सप्ताह के समापन के मौके पर मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन जीपीओ प्रांगण में किया गया। महानिदेशक (डाक) मीरा हाण्डा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता चीफ पोस्टमास्टर जनरल (उप्र) कौशलेन्द्र कुमार सिन्हा ने की। निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय) परिक्षेत्र कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि 'डाक सेवा अवार्ड' योजनाओं को सही तरीके से लागू करने, जन समस्याओं के निराकरण, सराहनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाता है। जिन अधिकारियों व कर्मचारियों को इस सम्मान से सम्मानित किया गया उनमें सतर्कता अधिकारी शशि कुमार उत्तम को वर्ष 2018-19 में लखनऊ मंडल को उत्तर प्रदेश के चैम्पियन मंडल में स्थान दिलाने में उल्लेखनीय योगदान, बचत बैंक राजस्व व व्यवसाय विकाय के लिए यह सम्मान दिया गया। वहीं ग्रामीण डाक जीवन बीमा तथा सुकन्या समृद्धि योजना में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सुदेश चंद्र जैन (ग्रामीण शाखा डाकपाल) कुतेरसा मुजफ्फरनगर को, जन शिकायतों का दक्षता के साथ निराकरण करने के लिए उप्र परिमंडल कार्यालय में तैनात (स्टेनोग्राफर) दिनेश बाबू को, डाकघरों को नेटवर्क से जोड़ने के बावत उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रवर अधीक्षक डाकघर कानपुर हिमांशु कुमार मिश्र को सम्मानित किया गया। इस सम्मान से कुल आठ कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। वहीं ग्रुप कैटेगरी के तहत बरेली प्रधान डाकघर, नेशनल सार्टिंग हब कानपुर (आरएमएस), नेशनल सार्टिंग हब लखनऊ (स्पीड पोस्ट) को क्रमशः स्वच्छता पुरस्कार दिया गया। निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय) परिक्षेत्र केके यादव ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों व उपभोक्ताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में डाक सेवाओं से आमजनों को जोड़ने की अपील की।

**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत देवा, बाराबंकी**

**स्वच्छ देवा! "जो रब है,वही राम है" सुन्दर देवा!**

कार्तिक देवा मेला 2019 के शुभ अवसर पर नगर निकाय, नगर निवासियों एवं जनपद निवासियों को हार्दिक बधाई एवं अभिनन्दन करती है।

निकाय नगरवासियों से निम्नलिखित अपील करती है :-

**नागरिकों से अपेक्षायें :-**

**1.** खुले में शौच न जाएं **2.** अपने घरों के कूड़ा करकट को वार्ड के सफाई कर्मी के मांगे जाने पर उसे दें सड़क/नाली पर न डालें। **3.** पॉलीथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतयः प्रतिबन्धित है। इसका उपयोग करते पाये जाने पर प्रतिबन्धित पॉलीथीन एवं प्लास्टिक के जब्तीकरण एवं शमन धनराशि वसूल करने की कार्यवाही की जायेगी। समस्त दुकानदारों एवं कस्बा निवासियों से अपेक्षा है कि प्रतिबन्धित प्लॉस्टिक का प्रयोग न करें। अन्यथा आवश्यक कार्यवाही एवं जुर्माना भी वसूला जायेगा। **4.** स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने हेतु कृपया अपने घर में शौचालय का निर्माण कराये। **5.** नगर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें। **6.** वातावरण को शुद्ध बनाये रखने की दृष्टि से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। **7.** जल ही जीवन है इसका सदुपयोग करें। नल की टोंटी खुली न छोड़ें। **8.** गृहकर, जलकर व जलमूल्य समय से जमा करें। **9.** मानचित्र स्वीकृत कराने के उपरान्त ही घर बनाये। **10.** प्रकाश बिन्दुओ को क्षति न पहुँचायें एवं नाली पर अतिक्रमण न करें।

| ओंकार नाथ सैनी (वरिष्ठ लिपिक) नगर पंचायत देवा बाराबंकी | प्रदीप कुमार (अधिशाषी अधिकारी) नगर पंचायत देवा बाराबंकी | (मा० सदस्यगण) नगर पंचायत देवा बाराबंकी | साहबे आलम वारसी (अध्यक्ष) नगर पंचायत देवा बाराबंकी |
|---|---|---|---|

# आदित्य की हत्या में नामजद सहित सात आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। रायबरेली



**मानवता को** कलंकित करने वाली नृशंस हत्या की वारदात जिसमें 22 वर्षीय युवा आदित्य प्रताप सिंह उर्फ रवि की जान चली गई थी। घटना ने आम जनमानस को झकझोर दिया था। लगातार कई दिनों से आदित्य की हत्या के आरोपितों को सलाखों के पीछे भेजने में नाकाम दिख रही खाकी पर लोग सवाल खड़ा कर रहे थे। आम लोग सड़कों पर उतर कर पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। जिले से लेकर प्रदेश तक के पुलिस के आला अधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रहे थे।

उस चर्चित हत्याकांड में मुख्य आरोपी और घटना में शामिल छह अन्य लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 10 अक्टूबर को मृतक आदित्य के पिता वादी प्रदीप कुमार सिंह निवासी सिकंदरपुर थाना महाराजगंज द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि उसका पुत्र आदित्य प्रताप सिंह उर्फ रवि जो कानपुर रोड रायबरेली में रहता था। अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ रतापुर स्थित सोनू ढाबा पर खाना खाने के लिए रात्रि दस बजे गया था। जहां होटल के कर्मचारियों से किसी बात पर झगड़ा होने पर ढाबा मालिक सुरेश यादव व अन्य स्टाफ के सदस्यों द्वारा वादी के पुत्र को लाठी डंडा व सरिया से बुरी तरह से मारा पीटा गया। बाद में थाना हरचंदपुर के गढ़ीखास गोदाम के पास आदित्य को जान से मार कर फेंक दिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए विवेचना में वैज्ञानिक व फॉरेंसिक साक्ष्य एकत्रित करने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ की टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किए गए। विवेचना के मध्य सीसीटीवी फुटेज तथा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से अभियुक्तों की सही-सही पहचान करते हुए घटना में शामिल अपराधियों को चिन्हित किया गया। 14 अक्टूबर को थाना हरचंदपुर पुलिस व अन्य सहयोगी टीमों द्वारा नामजद मुख्य आरोपी अभियुक्त सुरेश यादव व अन्य छह अभियुक्तों की गिरफ्तारी दहिया बाजार थाना मिल एरिया से की गई।

घटना में प्रयुक्त वाहन सफारी व स्कॉर्पियो कार बरामद की गई। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के गंभीर प्रयास जारी हैं। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही घटना में शामिल अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार गहनता से पूछताछ करने पर नामजद मुख्य वांछित अभियुक्त सुरेश यादव ने बताया की 9 अक्टूबर की रात मृतक व उसके दोस्तों से हमारे ढाबे के लोगों से मारपीट हो गई थी। बाद में मारपीट कर मृतक को हमारे लोगों ने दो गाड़ियों से पीछा कर घटना को अंजाम दिया। अन्य गिरफ्तार अभियुक्तों से बारी-बारी पुलिस ने घटना के संबंध में गहन पूछताछ किया। पुलिस ने अब तक मामले में कुल सात को गिरफ्तार कर लिया है।

इनमें मुख्य आरोपी अभियुक्त सुरेश यादव पुत्र भारत निवासी रतापुर थाना मिल एरिया सहित विनोद कुमार पुत्र राम कुमार निवासी मिश्रन का पुरवा मजरे सुलखियापुर थाना भदोखर, सुमेर उर्फ रामसुमेर उर्फ़ कुंदनलाल पासी निवासी देवानंदपुर नई बस्ती थाना मिल एरिया, झुरहा उर्फ जयचंद उर्फ जितेंद्र पुत्र कन्दरलाल निवासी देवानंदपुर नई बस्ती थाना मिल एरिया, सौरभ पुत्र राधेश्याम शर्मा निवासी तिलिया कोट थाना कोतवाली नगर रायबरेली, मानू कुमार पुत्र ललित कुमार निवासी रतापुर भरतपुरम थाना मिलएरिया व अभितेज सिंह पुत्र सूर्यभान सिंह निवासी अशरफाबाद थाना महाराजगंज हैं। घटना में प्रयुक्त दो वाहन जिनमें एक सफेद सफारी गाड़ी व दूसरी सफेद स्कॉर्पियो गाड़ी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। हत्याकांड के संबंध में पुलिस के गहन जांच-पड़ताल जारी है।

# शिक्षा सचिव आराधना शुक्ला ने तहसील दिवस में की शिकायतों की सुनवाई

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज तहसील सभागार मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुये शिक्षा सचिव एवं जिले की नोडल अधिकारी अराधना शुक्ला के साथ मुख्य विकास अधिकारी राकेश कुमार ने फरियादियो को न्याय दिलाने का भरसक प्रयास किया। डीएम का तहसील दिवस होने की सूचना के चलते भारी संख्या मे लोग तहसील पहुंचे। तहसील दिवस मे मुख्य रूप से अवैध कब्जे, पेंशन, इंडिया मार्का नल आदि की शिकायते बहुतायत मे रही। पूरे जमा बहाई के राधेश्याम यादव ने गांव के इन्द्र बहादुर पुत्र काली के खिलाफ खडंजे पर अतिक्रमण कर निर्माण कर लिये जाने का आरोप लगाया। वहीं बरहा के शिवलाल ने रामेश्वर व रामशंकर के खिलाफ चकरोड पर अतिक्रमण करने की शिकायत की। निहस्था के धुन्नी प्रसाद और उदवामऊ की रेनू ने आवास दिलाये जाने की गुहार लगायी। सरायं बैरियाखेडा के शिवमोहन सिंह ने पेंशन और बिसायकपुर के चन्द्र मोहन ने विवाह अनुदान दिलाये जाने के बाबत प्रार्थना पत्र दिया। बनपुरवा के रामजगेसर ने नल दिलाये जाने के बाबत गुहार लगायी। वहीं दूलापुर के कामता प्रसाद ने प्राथमिक और जूनियर स्कूल मे व्याप्त गंदगी की समस्या दूर कराये जाने के बाबत प्रार्थना पत्र दिया। सीडीओ ने सभी प्रार्थना पत्रो पर सुनवायी करते हुये कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया। जिले की नोडल अधिकारी आराधना शुक्ला ने जिले के अधिकारियो के साथ बैठक करते हुये सरकारी कार्यो और योजनाओ के बाबत जानकारी ली और निर्देशित करते हुये कहा कि सरकारी योजनाओ को लागू करने मे किसी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नही की जायेगी। उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज अध्यक्ष विवेक शर्मा की अगुवाई मे लालगंज की खराब हो गयी सडको के बाबत सीडीओ को ज्ञापन भी दिया गया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियो मृत्युंजय बाजपेयी, अप्पू शर्मा,संतोष सिंह, शीलू त्रिवेदी, हंसराज, अमित गुप्ता आदि ने कहा है कि अगर शीघ्र ही सड़कें ठीक नही की गयी तो पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ व्यापारी आन्दोलन करने के लिये बाध्य होंगे। तहसील दिवस के मौके पर एसडीएम जीतलाल सैनी, सीओ लक्ष्मीकांत गौतम, तहसीलदार ऋचा सिंह, कोतवाल विनोद सिंह, एसओ राकेश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए: अक्षय प्रताप सिंह

संवाददाता। महाराजगंज, रायबरेली



**जिन अपराधियों** द्वारा आदित्य सिंह उर्फ रवि सिंह की हत्या की गई है वह निंदनीय है और ऐसे अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए, जिससे ऐसे अपराधी अपने जीवन काल में दोबारा ऐसी जघन्य घटनाओं की पुनरावृत्ति न कर सके।

उक्त उद्गार आज रवि सिंह के पैतृक गांव सिकंदरपुर में शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे पूर्व सांसद व एमएलसी प्रतापगढ़ अक्षय प्रताप सिंह व्यक्त कर रहे थे। आपको बता दें कि, सिकन्दरपुर गांव में मृतक रवि सिंह की हत्या की खबर सुनकर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा है। उसी कड़ी में 15 अक्टूबर दिन मंगलवार को दिन में लगभग 11:00 बजे भारी लाव लश्कर के साथ मृतक के पैतृक गांव पहुंचे प्रतापगढ़ एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह व बाबागंज विधायक विनोद कुमार सरोज ने शोक संवेदना व्यक्त की। उसके उपरांत शोकाकुल परिवार के साथ बैठकर बातचीत की तथा पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि, आपके इस दुख की घड़ी में हम सभी आपके साथ हैं और न्याय की लड़ाई में हत्यारोपियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा तथा उन्होंने कहां कि, जनपद के न्यायाधीश से मांग की जाएगी कि, ऐसे अपराधियों को फांसी की सजा दी जाए। इस मौके पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक कोर कमेटी के सदस्य कुंवर हरेंद्र सिंह, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतापगढ़ उमाशंकर यादव, जिला अध्यक्ष अशोक सिंह परिहार, पिंटू सिंह, सूरज सिंह, बाबी सिंह, शांतनु सिंह, राजकुमार सिंह उर्फ मोंगा, रानू सिंह, हरिहर सिंह, भोलू सिंह, राजन सिंह, सतीश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जनता की मूलभूत समस्याओं का निस्तारण हमारी प्राथमिकता: सदर विधायक

संवाददाता। रायबरेली



**सदर विधायक** आदिति सिंह नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव ने नगर पालिका क्षेत्र के आचार्य द्विवेदी नगर में इंटरलॉकिंग रोड का लोकार्पण किया। रायबरेली नगर पालिका क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा लगातार विकास के क्रम में निर्माण जनहित को देखते हुए लगातार किया जा रहा है। नगर पालिका क्षेत्र के मुंशीगंज आचार्य द्विवेदी नगर मैं आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक आदिति सिंह ने कहा कि जनता की मूलभूत समस्याएं जो भी है उनका निस्तारण हमारी प्राथमिकता है। नगर पालिका क्षेत्र के जो भी अधूरे काम हैं, जल्द से जल्द पूरे किए जाएंगे। आने वाले समय में जो भी रास्ते बचे हैं उनका निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक उनके पिता स्वर्गीय श्री अखिलेश सिंह का जो सपना उसको हम सब लोग मिलकर पूरा करेंगे। शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना नगरपालिका का प्रथम कर्तव्य है। नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सपनों को साकार करने के लिए नगरपालिका सरकार की मंशा के अनुरूप विकास में स्वच्छता एवं सुंदरता के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर पूर्व विधायक स्वर्गीय श्री अखिलेश सिंह जी की पत्नी व देवांशी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव सहित कमल श्रीवास्तव, मोनू सिंह, सोनू सिंह, अजय आदि लोग मौजूद रहे।

**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, अल्प-कालीन ई-निविदा सूचना**

अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से निम्न-लिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दो भागों में आन-लाईन आमंत्रित की जाती है, आनलाइन निविदा http://etender.up.nic.in पर दिनांक 23.10.2019 को अपरान्ह 11.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है एवं जिसके खुलने की तिथि 23.10.2019 को अपरान्ह 02.00 बजे निर्धारित है। निविदा के प्रथम भाग में निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर धनराशि, जो कि दिनांक - 22.10.2019 तक (आर0टी0जी0एस0 /एन0ई0एफ0टी0) द्वारा अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, फतेहपुर के बैंक खाता संख्या 0170002100023127 (IFSC Code - PUNB0017000, Punjab National Bank, Fatehpur) में जमा की जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथायोज्य यू0टी0आर0 संख्या पे-इन-स्लिप की मूलप्रति (इश्यू बैंक के कन्फर्मेशन मेल की प्रति) ई-निविदा प्रपत्रो के साथ ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, एवं सम्बन्धित बैंक से पुष्टि तथा निविदा के प्रथम भाग की शर्तों के पूर्ण होने के उपरान्त ही निविदा का द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा का प्रथम भाग खुलने पर फर्मो द्वारा सभी शर्ते पूरी करने वाले ठेकेदारों के सभी अभिलेखों की सत्यता की जांच इस कार्यालय द्वारा करायी जायेगी। फर्जी अभिलेख/प्रपत्र पाये जाने पर सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस पर निविदा खोली जायेगी। **1. ई-निविदा संख्या - 109/वि0वि0मं0फ0/कार्य/2019-20 : कार्य का विवरण :** विद्युत वितरण खण्ड - प्रथम, फतेहपुर के अन्तर्गत प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/निजी विद्यालयों के परिसर एवं उसके आस पास से गुजरने वाली 33 के0वी एवं 11 के0वी0 की लाइनों की गार्डिंग का कार्य। **निविदा का मूल्य** रू0 590.00 (रू0 500.00 + रू0 90.00 जी0एस0टी0) **धरोहर धनराशि :** 10000.00 (रू0 दस हजार) मात्र। **2. ई-निविदा संख्या-110/वि0वि0मं0फ0/कार्य/2019-20 : कार्य का विवरण :** विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, फतेहपुर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न जमा योजना मद मे संयोजन प्रदान करने हेतु विभिन्न लाइन निर्माण कार्य। **निविदा का मूल्य** रू0 590.00 (रू0 500.00+रू0 90.00 जी0एस0टी0) **धरोहर धनराशि :** 10000.00 (रू0 दस हजार) मात्र। **3. ई-निविदा संख्या-111/वि0वि0मं0फ0/कार्य/2019-20 : कार्य का विवरण :** विद्युत वितरण खण्ड - द्वितीय, फतेहपुर के अन्तर्गत राजकीय नलकूपों एवं अन्य जमा योजना के अन्तर्गत संयोजन प्रदान करने हेतु लाइन निर्माण कार्य। **निविदा का मूल्य** रू0 590.00 (रू0 500.00 + रू0 90.00 जी0एस0टी0), **धरोहर धनराशि:** 10000.00 (रू0 दस हजार) मात्र। **4. ई-निविदा संख्या-112/वि0वि0मं0फ0/कार्य/2019-20: कार्य का विवरण:** विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, फतेहपुर के अन्तर्गत प्राथमिक/ उच्च प्राथमिक/ निजी विद्यालयों के परिसर एवं उसके आस पास से गुजरने वाली 33 के0वी एवं 11 के0वी0 की लाइनों की गार्डिंग का कार्य। **निविदा का मूल्य** रू0 590.00 (रू0 500.00 + रू0 90.00 जी0एस0टी0) **धरोहर धनराशि :** 10000.00 (रू0 दस हजार) मात्र। **5. ई-निविदा संख्या-113/वि0वि0मं0फ0/कार्य/2019-20 : कार्य का विवरण :** विद्युत वितरण खण्ड - तृतीय, फतेहपुर के अन्तर्गत राजकीय नलकूपों एवं अन्य जमा योजना के अन्तर्गत संयोजन प्रदान करने हेतु लाइन निर्माण कार्य। **निविदा का मूल्य** रू0 590.00 (रू0 500.00 + रू0 90.00 जी0एस0टी0) **धरोहर धनराशि :** 10000.00 (रू0 दस हजार) मात्र। **6 ई-निविदा संख्या-114/वि0वि0मं0फ0/कार्य/2019-20 : कार्य का विवरण :** विद्युत परीक्षण खण्ड, फतेहपुर के अन्तर्गत आने वाले 33 व 11 के0वी0 के विघुत उपभोक्ताओं के परिसर पर खराब पी0पी0एम0सी0/सी0टी0 / पीटी0 यूनिट / पोल माउन्टेड सी0टी0पी0टी0 यूनिट के स्थान पर भण्डार केन्द्र, फतेहपुर से ढुलाई करके कार्य स्थल पर नयी यूनिट स्थापित कर उर्जीकृत करने तथा क्षतिग्रस्त यूनिट को स्टोर मे जमा करने का कार्य। **निविदा का मूल्य** रू0 590.00 (रू0 500.00 + रू0 90.00 जी0एस0टी0), **धरोहर धनराशि:** 10000.00 (रू0 दस हजार) मात्र। **शर्तें :** 1. कार्य एक या कई फर्मो को आवंटित किया जा सकता है। 2. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा/सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 3. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 4. निविदा की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश या अन्य कारणों से कार्यालय बन्द होने की स्थिति मे अगले कार्य दिवस जिसमें कार्यालय खुला होगा, खोली जायेगी। 5. सम्बन्धित कार्यो के अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो को ही निविदा से सम्मिलित किया जायेगा। 6. उपरोक्त निविदा मे सम्मलित होने वाले निविदा-दाताओं के लिए विद्युत सुरक्षा निदेशालय से जारी "क" श्रेणी का लाइसेन्स अनिवार्य होगा। **अधीक्षण अभियन्ता** विद्युत वितरण मण्डल, फतेहपुर। पत्रांक-2227, दिनांक-15.10.2019 **"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव का बछरावा चौराहे पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

संवाददाता। बछरावां, रायबरेली



**भाजपा के** उत्साही कार्यकर्ता व क्षेत्रीय विधायक सहित सैकड़ों लोगों ने पहले चुरुवा मंदिर पर और उसके बाद मेन चौराहा बछरावां पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ता और आम जनमानस ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष महोदय की डलमऊ में कल एक बैठक होनी है और उसी बैठक को संबोधित करने के लिए जा रहे थे। स्वागत करने में भाजपा विधायक बछरावां राम नरेश रावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मा.स्वतंत्र देव सिंह के रायबरेली आगमन पर चूरूवा हनुमान मंदिर पर जोरदार स्वागत किया। सुनील सिंह विधान सभा प्रभारी सलोन मंडल अध्यक्ष हरेकृष्ण पांडे कार्यालय प्रभारी विधायक किशन सभासद पति अंशू धानुक मयंक रंजन द्विवेदी वीरेंद्र गौतम नरेंद्र चौधरी महिला मोर्चा की महामंत्री प्रीती पाण्डेय आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपने प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## लालगंज पहुंचने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

**लालगंज, रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेष अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के लालगंज आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने बडी माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालो मे विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष निखिल पाण्डेय, जिला कार्य समिति सदस्य सुषील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष षिवप्रकाष पाण्डेय, दीपप्रकाष शुक्ला, संतोष सिंह, हरीषंकर पाण्डेय, दिनेष दीक्षित, आषीष बाजपेयी, कैलाष बाजपेयी, सुरेन्द्र गुप्ता, राजेष सिंह फौजी, महेष सोनी, नागेन्द्र गुप्ता, जंग बहादुर सिंह, महेन्द्र सिंह, आषुतोष शुक्ला, मनीष त्रिवेदी, रामसुमेर लोधी, नीरज पाण्डेय, जगन्नाथ पाण्डेय आदि लोग शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रदेष अध्यक्ष ब्लाक सभागार का उद्घाटन करने डलमऊ जा रहे थे। तभी लालगंज पहुंचने पर भाजपा के सैकडो कार्यकर्ताओ ने उनका जोरदार स्वागत किया।इस मौके पर प्रदेष अध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ताओ की हौसला अफ्जाई करते हुये कहा कि कार्यकर्ताओ की मेहनत और लगन की बदौलत ही आज हिन्दुस्तान मे भाजपा की सरकार भारी बहुमत से चल रही है।अधिकांष प्रदेषो मे भी भाजपा की सरकार है। यह सब कार्यकर्ताओ की मेहनत का ही फ्ल है। उन्होने अपने स्वागत के प्रति कार्यकर्ताओ का आभार भी व्यक्त किया।

## रेलकोच मजदूर संघ के नेताओ ने भूख हड़ताल मे लिया हिस्सा

**लालगंज, रायबरेली।** रेलकोच को निगम बनाये जाने के प्रस्ताव के खिलाफ चल रही लडाई स्थानीय स्तर से दिल्ली तक पहुंच गयी है। एमसीएफ के नेताओ ने दिल्ली पहुंचकर अटल समाधि स्थल पर भूख हडताल मे सहभागिता की। भारतीय मजदूर संघ एमसीएफ के मुख्य पदाधिकारी सुशील गुप्ता और रामबरन वर्मा ने खासतौर से भूख हडताल मे हिस्सा लिया। कर्मचारी नेताओ का स्वागत करते हुये एमसीएफ बचाओ संघर्ष समिति के वरिष्ठ नेता आदर्श सिंह बघेल ने बताया कि अटल समाधि स्थल पर बीएमएस के नेताओ ने भूख हडताल की है। श्री बघेल ने बताया कि एमसीएफ के निगमीकरण के खिलाफ काली जर्सी पहनकर रेलकोच के नेताओ ने भागीदारी की। भूख हडताल की बैठक को सम्बोधित करते हुये अखिल भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री बृजेश उपाध्याय ने सरकार को निगमीकरण के खिलाफ चेतावनी दी और कहा कि अगर सरकार ने रेलवे, आर्डिनेंस व कोल कारखानो के निगमीकरण का फैसला वापस नही लिया तो बीएमएस एक बहुत बडा आन्दोलन खडा करेगी, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। एमसीएफ मजदूर संघ के नेताओं ने एमसीएफ के बैनर तले विरोध प्रदर्शन करते हुये भूख हडताल मे हिस्सा लिया। दिल्ली गये नेताओ का स्वागत करने वालो मे आदर्श सिंह बघेल, नैब सिंह, ऋतुराज शुक्ला, देवनाथ निर्मल, राकेश कुमार, रमित कुमार, ऋतुराज सिंह आदि लोग शामिल रहे।

# निर्माण, विकास व शासकीय कार्यो के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता, हीलाहवाली लापरवाही अक्षम्य होगी: आराधना शुक्ला



संवाददाता। रायबरेली

**प्रदेश की** प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा व जनपद की नोडल अधिकारी आराधना शुक्ला ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक करते हुए निर्देश दिये कि सरकार की मंशा के अनुरूप कार्यो में प्रगति लाये इसके अलावा जो भी निर्माण व विकास कार्य आधे अधूरे है या जो कार्य अपूर्ण है उन्हें शीघ्र युद्ध स्तर पर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि निर्माण एवं विकास कार्यो में गुणवत्ता, मानक व समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने निर्देश कि वे किसी भी सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा न होने दें और यदि कही हो तो उसे तत्काल खाली करवाये। इसके अलावा जनपद में अभियान चलाकर भू-माफियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करें तथा पट्टा धारको को तत्काल पट्टा पर काबिज कराये। उन्होंने कहा कि अपराधों में कमी लाये व कानून व शान्ति व्यवस्था को प्रभावी तरीके से दुरूस्त रखें। निर्माण, विकास व शासकीय कार्यो के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता हिलाहवाली, लापरवाही क्षम्य नही की जायेगी। उन्होंने बैठक में बांट माप, डिप्टी आरएमओ, गन्ना अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, नलकूप, अधिशाषी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, सहायक निबन्धक, सहायक निदेशक मत्स्य आदि अधिकारियों की उपस्थित न पाये जाने या देर से आने पर गम्भीरता से लेते हुए कड़ी फ्टकार लगाते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण प्राप्त कर कार्यवाही करे।

# वंशवाद व भ्रष्टाचार की राजनीति का शीघ्र पतन होने वाला है: प्रदेश अध्यक्ष

संवाददाता। डलमऊ, रायबरेली

**वंशवाद और** भ्रष्टाचार की राजनीति का शीघ्र पतन होने वाला है। उक्त उद्गार डलमऊ विकासखंड परिसर में आयोजित जनसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने सिंह ने व्यक्त किए। नवीनीकृत सभागार एवं प्रमुख कक्ष लोकार्पण समारोह के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में अब ईमानदारी की सरकार चलेगी। आने वाला समय परिवारवाद, वंशवाद, भ्रष्टाचार, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार बनेगी। आने वाले समय की राजनीति, वंशवाद और जातिवाद से ऊपर उठकर विकास की अहम भूमिका तय करेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छता अभियान शौचालय निर्माण आवासों के निर्माण के बारे में विस्तार से उपलब्धि का बखान करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में धरातल से लेकर चंद्रयान तक का सफर किया जा रहा है। वैज्ञानिक भी उत्साहपूर्वक अपने मिशन को कामयाब बनाने में लगे रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं प्रक्षेपण के दौरान पहुंचकर वैज्ञानिकों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में स्वतंत्र देव जी ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिवस का उल्लेख करते हुए उनके बारे में विस्तारपूर्वक संबोधित किया। समारोह के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष ने ब्लॉक परिसर में नवीनीकृत सभागार एवं प्रमुख कक्ष का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर डलमऊ ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश कुमारी राम बहादुर यादव भाजपा नेता विनीत त्रिवेदी प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सुधीर हलवासिया जिला अध्यक्ष रामदेव पाल विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह राम नरेश रावत एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष अनुभव कक्कड़ महामंत्री दिनेश त्रिपाठी बुद्धि लाल पासी आदि लोग उपस्थित रहे।

# पानी में डूबने से हुई थी संजय कश्यप की मौत

**शिवगढ़( रायबरेली )।** 28 वर्षीय संजय कश्यप की मौत तालाब में डूबने से हुई थी। जिसकी पुष्टि पीएम रिपोर्ट से हुई है। विदित हो कि बीते 12 अक्टूबर को राजधानी लखनऊ के निगोहा थाना क्षेत्र के उतरावां गांव के रहने वाले संजय कश्यप पुत्र बाबादीन का शव शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बेड़ारु गांव में स्थित चंदवर तालाब में उतराता मिला था। जिसकी खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया था। पीएम रिपोर्ट के मुताबिक संजय कश्यप की मौत पानी में डूबने से हुई थी। परिजनों के मुताबिक संजय कश्यप 11 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे घर से सिंघाड़ों में दवा डालने के लिए निकला था। शाम को घर वापस ना लौटने पर दूसरे दिन परिजनों द्वारा खोजबीन करने पर संजय कश्यप का शव चंदवर तालाब में उतराता मिला था। पीएम रिपोर्ट आने से पूर्व ग्रामीणों द्वारा तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। किंतु आई रिपोर्ट ने संजय कश्यप की हुई मौत को स्पष्ट कर दिया है। शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि कश्यप की मौत पानी में डूबने से हुई थी, जिसकी पुष्टि पीएम रिपोर्ट से हुई है।

# गोरा बाजार भरत मिलाप कार्यक्रम हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक: पूर्णिमा



**रायबरेली।** शहर के गोरा बाजार में आयोजित भव्य भरत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन गोरा बाजार कमेटी द्वारा लगातार विगत वर्षो से किया जाता है। गोरा बाजार भरत मिलाप कमेटी के हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक कार्यक्रम में हिंदू मुस्लिम समुदाय एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर धार्मिक आयोजनों का आनंद लेते हैं। नगर अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव एवं प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में एकता और अखंडता का संचार होता है। गोरा बाजार के प्रांगण में आयोजित जन समुदाय ने नगर पालिका अध्यक्ष के उपस्थिति में भरत मिलाप कार्यक्रम का आनंद लिया और नगर पालिका अध्यक्ष ने लोगों को सम्मानित किया। अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव ने क्कार्यक्रम में सहभागी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि भरत मिलाप कार्यक्रम इसी तरह होता रहेगा। इसके लिए नगर पालिका कमेटी को धन्यवाद देती है। आयोजक मंडल में अवधेश मौर्या, ओम प्रकाश मौर्य, धर्मेंद्र सिंह सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# पंकज तिवारी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नियुक्त

**रायबरेली।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर नव नियुक्त अध्यक्ष राही के ब्लाक अध्यक्ष पंकज तिवारी का तिलक भवन में स्वागत किया गया और राष्ट्रीय नेतृत्व माननीया सांसद श्रीमती सोनिया गांधी, और उ0प्र0 की प्रभारी महामंत्री श्रीमती प्रियंका गांधी, को बधाई देते हुए इस निर्णय का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि श्री तिवारी की अध्यक्षता में संगठन को एक मजबूती मिलेगी, निर्णय का स्वागत करने में निर्वतमान वीके शुक्ला, व विजय शंकर अग्निहोत्री, राज कुमार दीक्षित, सूर्य कुमार बाजपेयी, धीरज श्रीवास्तव, मुन्ना घोसी, हिमांशु सिंह, अनवार खान, लाल आश किरन प्रताप सिंह, हाजी उस्मान, संजीव शुक्ला, सोनू खान, अजीजुल हसन, कन्हैया लाल सोनकर, अभय त्रिवेदी, महताब आलम, अजय पाल सिंह एडवोकेट, मो0 आरिफ मनीष त्रिपाठी, मीसम नकवी आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस, सपा, बसपा के एजेंटों ने हड़पा विकास का धनः सीएम



**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मऊ-मानिकपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आनन्द शुक्ला के समर्थन में हुई जनसभा में सीधे कांग्रेस, सपा व बसपा पर हमला किया। विकास के धन को इनके एजेंट हड़प जाते थे। अब ऐसा नहीं हो रहा है। विकास का पूरा पैसा जनता को मिल रहा है। मंगलवार को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लालतारोड़ चौराहे के पास हुई चुनावी जनसभा में कहा कि चित्रकूट अब दस्यु मुक्त हो चुका है। विकास की दिशा में ये बड़ी कार्रवाई है, अब जल्द ही यहां से दिल्ली के लिए फ्लाइट शुरु होगी। अन्ना प्रथा को पूरी तरह से समाप्त करेंगे, एक भी गौवंश नहीं कटने देंगे। अभी तक चुने गये लोग ठेकेदारों के साथ मिलकर विकास के धन पर डकैती डाल रहे थे। अब ऐसा नहीं होगा। विकास को आये धन की एक-एक पाई विकास में लगेगी। किसी ने डकैती डालने का प्रयास किया तो उसका जो हश्र हो हा है, पूरा प्रदेश देख रहा है। सीएम ने कहा कि अब तेजी से यहां का विकास होगा। पर्यटन की यहां अपार सम्भावनाये हैं। राम ने यहां 14 साल के वनवास में 12 साल बिताये थे। हजारों साल पुरानी विरासत सजोंकर रखना हमारा दायित्व है। सीएम ने वायदा किया कि चित्रकूट के विकास को बुलंदियों पर ले जायेंगे। वे यहां के एयरपोर्ट को शुरु कराने का प्रयास कर रहे हैं। डिफेंसकारीडोर का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि यहां के नवजवान को अब पलायन नहीं करना पड़ेगा, उसको यहीं रोजगार मिलेगा। अपने घर में रहकर नवजवान, मां, बाप और देश की सेवा एक साथ करेंगे। सीएम ने कहा कि यहां बने फाइटर प्लेन और तोपें जिन पर चित्रकूट लिखा होगा वह देश की रक्षा करेंगे। भाजपा प्रत्याशी आनन्द शुक्ला को जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गौसंरक्षण और संवर्धन को प्रतिबद्ध है। एक भी गौवंश कटने नहीं देंगे और किसानों की फसल खराब न होने देंगे। डीएम व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही इसका उदाहरण है। पशुपालकों से उन्होंने गौवंश गोद लेने की अपील की। सरकार आर्थिक मदद कर रही है। महेन्द्र सिंह, राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, रमेशचन्द्र द्विवेदी, पूर्व ब्लाक प्रमुख, नवलकिशोर मिश्रा समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता व भाजपा प्रत्याशी आनन्द शुक्ला मौजूद रहे।

# आग से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत, योगी ने जताया शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** झांसी/लखनऊ

**प्रदेश** में झांसी जिले के सीपरी बाजार इलाके में एक मकान में अचानक लगी आग से परिवार के चार सदस्यों की झुलस कर मौके पर ही मौत हो गई। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीपरी बाजार इलाके में आग से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के लहरगिर्द इलाके में रहने वाले 51 वर्षीय जगदीश उदैनिया अपने घर में ही किराना दुकान चलाते थे। बीती रात करीब ढाई बजे मकान में आग लग गई जिससे जगदीश, उनकी पत्नी रजनी (45 वर्ष), बेटी मुस्कान (16 वर्ष) तथा वृद्ध मां कुमुद की झुलस कर मौत हो गई। यह सभी एक ही कमरे में सो रहे थे। घटना की जानकारी मिलने पर पड़ोसियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। घर की ऊपरी मंजिल पर रहने वाले जगदीश के भाई दीपक एवं उनके चार संबंधियों को पड़ोसियों के घर से सीढ़ी लगाकर सकुशल बाहर निकाल लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आशंका है कि शार्ट सर्किट के कारण आग लगी। मंगलवार को सुबह मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों के साथ डीआईजी (झांसी रेंज) सुभाष सिंह बघेल ने बताया कि इस घटना में जगदीश उदेनिया सहित उनके परिवार के चार सदस्यों की आग में झुलसने से मौत हो गई।

# वीर स्कंदगुप्त पर संगोष्ठी में शामिल होंगे अमित शाह

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**बीएचयू** स्थित भारत अध्ययन केंद्र की ओर से स्वतंत्रता भवन सभागार में दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। 17 व 18 अक्टूबर को आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'गुप्तवंशैक-वीर, स्कंदगुप्त विक्रमादित्य का ऐतिहासिक पुन:स्मरण एवं भारत राष्ट्र का राजनीतिक भविष्य' विषयक संगोष्ठी में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बतौर मुख्य वक्ता शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रो. राकेश कुमार उपाध्याय ने मंगलवार दोपहर बीएचयू स्थित जनसम्पर्क कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी में सैदपुर (गाजीपुर) के भीतरी अभिलेख पर विषद चर्चा होगी। इस दौरान गुप्त वंश के वीर स्कंदगुप्त विक्रमादित्य से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान इससे सम्बंधित इतिहास के अनछुए तथ्यों पर चर्चा होगी। प्रोफेसर राकेश उपाध्याय के मुताबिक कुछ तथ्य ऐसे भी हैं जिन्हे इतिहास में उतना महत्व नहीं दिया गया है जितने के वे हकदार हैं। दो दीवसीय संगोष्ठी में राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के महानिदेशक डा. बीआर मणि, जापान के आइवा तकाकी, नेपाल के डा. काशीनाथ, बैंकाक के डा. नरसिंह सी. पंडा, जेएनयू के प्रो. संजय भारद्वाज, आइसीएसआर के ओम उपाध्याय, बीएचयू के प्रो. सीताराम दुबे सहित मंगोलिया, वियतनाम, चीन, म्यांमार, इंडोनेशिया, अमेरिका आदि के विद्वान गुप्त वंश के इस वीर के संदर्भ में ऐतिहासिक तथ्यों पर विषद चर्चा करेंगे।

# सपा नेता की हत्या के आरोपी की जमानत याचिका पर आख्या मांगी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य और सपा नेता लाल जी यादव की हत्या के आरोपी आकाश सिंह की जमानत याचिका पर सरकारी अधिवक्ता से मंगलवार को आख्या प्रस्तुत करने को कहा। आकाश सिंह की जमानत याचिका पर यह आदेश न्यायमूर्ति अनिरुद्ध सिंह ने दिया। अदालत इस मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद करेगी। उल्लेखनीय है कि 31 मई, 2019 को लाल जी यादव जौनपुर के सिद्दीकपुर में अपनी कार में बैठे थे, तभी आरोपी आकाश सिंह अपने दो साथियों के साथ वहां आया और यादव पर कथित तौर पर गोली चलाई जिसके बाद उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई केपी यादव ने सराय ख्वाजा पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी, आरोपी आकाश सिंह 19 जून, 2019 से जेल में बंद है।

# शाहबेरी में अधिकतर अवैध फ्लैट बेचने वाले बिल्डर के खिलाफ रासुका लगी

**पायनियर समाचार सेवा।** ग्रेटर नोएडा

**उत्तर प्रदेश** के गौतम बुद्ध नगर जनपद में प्रशासन ने मंगलवार को सरकारी जमीन पर अवैध रूप से फ्लैट बनाकर बेचने के आरोप में एक बिल्डर के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्वाई की। गौतम बुद्ध नगर के जिलाधिकारी बृजेश नारायण सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के शाहबेरी गांव में अवैध रूप से सबसे ज्यादा फ्लैट बनाकर बेचने वाले बिल्डर जसबीर मान (36) के खिलाफ रासुका के तहत कार्वाई की गई है। मान को थाना बिसरख पुलिस ने एक अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि शाहबेरी गांव में जसवीर मान ने मान प्रॉपर्टी व डेवलपर्स के माध्यम से 261 फ्लैट का अवैध रूप से निर्माण किया, तथा जनता को गुमराह करके उनमें से 169 फ्लैट अवैध रूप से बेचे। शाहबेरी में पिछले साल 17 जुलाई को अगल-बगल स्थित दो इमारतें गिर गई थीं जिसमें एक बच्चे और दो महिलाओं समेत नौ लोगों की जान चली गई थी।

जिलाधिकारी ने बताया कि जसवीर मान ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से भवन योजना तथा नक्शा पास नहीं कराया है। उन्होंने बताया कि उसने भवन नियमावली का उल्लंघन करते हुए, सुरक्षा के मानकों का भी ध्यान नहीं रखा।

उन्होंने बताया कि फ्लैटों के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से फ्लैट बनाने वाले सैकड़ों बिल्डर के खिलाफ थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज हुआ है। उन्होंने बताया कि कई बिल्डरों की गिरफ्तारी हुई है तथा कई बिल्डरों के ऊपर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों शाहबेरी गांव में अवैध रूप से बनाई गई 76 प्रॉपर्टी को जिला प्रशासन ने कुर्क किया है।



प्रतापगढ़ में एक रैली के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष कांग्रेस की दिग्गज नेता राजकुमारी रत्ना सिंह भाजपा में शामिल हो गईं

# मथुरा के मंदिरों में सक्रिय हैं महिला चोर

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद के मंदिरों में इन दिनों महिला चोर सक्रिय हैं। पुलिस ने रविवार को सीसीटीवी की मदद से ऐसी ही दो महिला चोरों को पकड़ा है, जिन्होंने दाऊजी महाराज के मंदिर में दर्शन करने पहुंची महिला के पर्स से सोने की चेन गायब कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शलभ माथुर ने बताया, यह मामला बलदेव के दाऊजी मंदिर का है। जहां अलीगढ़ की निवासी मंजू यादव दर्शन करने के लिए आईं थीं। उन्होंने अपनी सोने की चेन उतारकर पर्स में रख ली थी, लेकिन दो महिलाओं ने उन्हें ऐसा करते हुए देख लिया। उन्होंने बताया, दोनों महिलाओं ने उनकी चेन पार कर दी और मंदिर से निकल गईं। मंजू यादव ने मंदिर से बाहर आने के बाद जब गले में पहनने के लिए पर्स में चेन तलाशा तो पाया कि चेन गायब हो चुकी थी। उन्होंने तुरंत थाने पहुंचकर शिकायत की। इस पर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने मंदिर के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को देखा, तो पीड़िता के आसपास दो महिलाएं मंडराती दिखाई दीं। उन्होंने बताया, उक्त दोनों महिलाओं को खोजकर उनकी तलाशी ली गई तो चुराई गई सोने की चेन मिल गई। दोनों का चालान काटकर जेल भेज दिया गया है।

# दीपोत्सव कार्यक्रम अलौकिक, अद्भुत, अविस्मरणीय व ऐतिहासिक होगाः मुख्य सचिव

**संवाददाता।** अयोध्या

**अयोध्या में** 25 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2019 तक दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया जायेगा। पांच लाख से अधिक दीप प्रकाशपुंज के रूप में जलकर अयोध्या को रोशन करेंगे। चार लाख दीपक राम की पैड़ी की बहती अविरल धारा को रोशन करेंगे। एक लाख 50 हजार दीपक जन सहभागिता से शहर के चौराहों, मन्दिरों व अन्य प्रमुख स्थानो पर अद्धभुत छठा बिखेरेंगे। सरकारी भवनो, स्कूलों, हॉलो, चौकियां में भी जलेंगे दीये। इस बार का दीपोत्सव कार्यक्रम अलौकिक, अद्भुत, अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक होगा। उक्त उद्गार उप्र शासन के मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने व्यक्त करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि इस बार के दीपोत्सव में अयोध्या के पूज्यनीय सन्त महात्माओं के मार्ग दर्शन व अयोध्यावासियों के जन सहयोग से विश्व विख्यात बनाया जाए। दीपोत्सव कार्यक्रम अपने पिछले रिकार्ड के पार करेगा। उन्होंने बताया कि भगवान राम माता सीता व अनुज लक्ष्मण जी के स्वरूप को लेकर पुष्पक विमान अयोध्या में उतरेगा, दूसरी तरफ हेलीकाप्टर पूरे अयोध्या में पुष्प वर्षा करेगा, जो अपने आप में अद्भुत दृश्य होगा। इसी के साथ दीपोत्सव कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत होगी। उसके पूर्व वनवास से भगवान श्रीराम के साथ लौटे सहयोगियों को लेकर रामकथा की झांकी साकेत महाविद्यालय से प्रात: 10 बजे निकलकर मुख्य कार्यक्रम स्थल रामकथा पार्क पहुंचेगी। रामकथा पार्क में भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक होगा, अयोध्या की जनता के साथ संवाद के बाद भगवान राम माता सीता व अनुज लक्ष्मण के साथ साधु-संत, ऋषि-मुनि, मुख्य अतिथि, जनमान्य नागरिक, जनमानस सरयू घाट पर पहुंचकर माता सरयू की आरती व दीपो को प्रकाशमय किया जायेगा। इसके बाद राम की पैड़ी पर ही लेजर शो व अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे।



इस सभी कार्यक्रमों के बाद अन्तर्राष्ट्रीय रामलीला का देर रात्रि तक प्रस्ततीकरण होगा। पूरे आयोजन का मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुतीकरण जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने बड़े ही सुन्दर ढंग से प्रोजेक्टर के माध्यम से किया। पर्यटन के प्रमुख सचिव जितेन्द्र प्रसाद ने प्रोजेक्टर के माध्यम से पूरे कार्यक्रम का रंगीन मंडप, मंच, गेट सजावट आदि का प्रस्तुतीकरण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने सुरक्षा व्यवस्था का खाका प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सांसद लल्लू सिंह, अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश पाण्डेय उर्फ बादल, अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव सिंचाई टी वेंकेटेश, प्रमुख सचिव पर्यटन जितेन्द्र प्रसाद, पुलिस महानिदेशक ओम प्रकाश सिंह, निदेशक सूचना व संस्कृति शिशिर कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक एसएन सांवत, जल निगम निदेशक विकास गोठवाल, आयुक्त मनोज मिश्र, पुलिस महानिरीक्षक डा सजीव गुप्ता उपस्थित थे। सरयू नदी के उस पार जनपद गोण्डा की तरफ होगी आतिशबाजी। आतिशबाजी का अद्भुत नजारा होगा जिसे देश एवं विदेश की मीडिया अपने कैमरे में कैद करने के साथ इंस अद्भुत छठा का लोगो को लाइव प्रसारण के माध्यम से अवलोकन करायेगी। दूरदर्शन व सूचना विभाग के लिंक से कायक्रम का होगा सीधा प्रसारण। दीपोत्सव कार्यक्रम का सूचना विभाग की एलईडी वैन व डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से पूरी अयोध्या में प्रमुख स्थलों पर लाइव प्रसारण किया जायेगा, जिसका आनन्द लोग अपने क्षेत्रों मे ही उठा सकेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों सहित इण्टर कालेजों में भी दीये जलाये जाने के लिए शासन द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। थानों एवं चौकी में भी दीये जलेंगे। संत, महात्मा, व्यापारी संगठन, सभासद, पार्षद एवं एनजीओ, पेट्रोलियम एशोसिएशन, रोटरी क्लब, लायन्स क्लब सहित सभी संगठन 26 अक्टूबर को प्रमुख स्थलों व चैराहो पर दीपक जलायेंगे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद, सीतापुर

पत्रांक : 130/अ0अ0 ई–टेण्डर सूचना/2019–20/न0पा0परि0मह0    दिनांक 14–10–2019

### अति अल्पकालीन ई–टेण्डरिंग सूचना

एतद्द्वारा नगर पालिका परिषद महमूदाबाद जनपद सीतापुर के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद महमूदाबाद में 14वां वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 22.10.2019 समय 02.00 पी0एम0 तक ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा वेबसाईट **etender.up.nic.in** पर दिनांक 15.10.2019 से 22.10.2019 समय 02.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है, निविदा प्रपत्र की धनराशि नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के खाता संख्या **21036437840** आई0एफ0सी कोड **ALLA0211108** इलाहाबाद बैंक शाखा महमूदाबाद में जमा करके प्राप्ति की रसीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्राप्त ई–निविदा की टेक्निकल एवं फाइनेन्सियल बिड्स दिनांक 23.10.2019 को अपरान्ह 02:00 बजे तक ओपन की जायेगी। ई–निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद जनपद सीतापुर में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है, यदि किसी कारणवश निविदा तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस में यथावत निविदा खोली जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेब–साईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | **15–10–2019 02:00 PM** |
| 2 | ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | **15–10–2019 12:00 PM** |
| 3 | ई–निविदा अपलोड की अंतिम तिथि व समय | **22–10–2019 02:00 PM** |
| 4 | ई–निविदा खोले जाने की तिथि व समय | **23–10–2019 12:00 PM** |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रूपये में | 02 प्रतिशत जमानत धनराशि | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | **जल निकासी** | | | | |
| 1 | वार्ड ठाकुरपुर में मोतीपुर चौराहा से खारजा तक नाला निर्माण कार्य लम्बाई– 420.00 मीटर, चौड़ाई– 1.50 मीटर | 21.78 | 43560.00 | 2464.00 | 2 माह |
| 2 | वार्ड ठाकुरपुर में यूनाईटेड स्कूल से सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर तक नाला निर्माण कार्य। लम्बाई– 300 मीटर चौड़ाई– 1.50 मीटर | 15.57 | 31140.00 | 1792.00 | 2 माह |
| 3 | मो0 मोतीपुर में मदेशाह मजार से सुन्दरलाल के मकान तक नाला निर्माण कार्य। लम्बाई– 330.00 मीटर चौड़ाई– 1.50 मीटर | 17.12 | 34240.00 | 1904.00 | 2 माह |
| 4 | वार्ड नूरपुर दक्षिणी में रामपुर मथुरा रोड से टेडवा बार्डर तक नाली निर्माण कार्य। लम्बाई–500.00 मीटर चौड़ाई–01.00 मीटर | 15.59 | 31180.00 | 1792.00 | 2 माह |
| 2 | **सड़क निर्माण** | | | | |
| 1 | मो0 बीबीपुर में तहसील भवन के पूरब तरफ के ग्राउंड में इन्टरलाकिंग एवं पेन्टेड रोड के किनारे इन्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। लम्बाई–7.00, 11.50, 29,00. 60.00 मी० चौड़ाई–7.50. 24.50. 16.50. 3 मीटर | 23.03 | 46095.00 | 2576.00 | 2 माह |
| 2 | वार्ड नई बाजार उत्तरी में कन्या प्राथमिक विद्यालय रमकुण्डा में इन्टरलाकिंग एवं नाला तक जल निकासी हेतु नाली निर्माण कार्य। लम्बाई– 85.00 मीटर चौडाई– 04.00 मीटर | 10.29 | 20580.00 | 1176.00 | 2 माह |
| 3 | मो० नूरपुर उत्तरी में रामपुर मथुरा रोड से आसरा कालोनी तक इन्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। लम्बाई– 180 मीटर चौड़ाई– 05.00 मीटर | 21.89 | 43780.00 | 2464.00 | 2 माह |
| 4 | मो० ठाकुर पुर में पैतेपुर रोड से माधव के मकान तक इन्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। लम्बाई– 200.00 मीटर चौडाई– 04.00 मीटर | 15.90 | 31800.00 | 1792.00 | 2 माह |
| 3 | **सामुदायिक परिसम्पत्तियों के रख–रखाव** | | | | |
| 1 | वार्ड ठाकुरपुर परमहंश बाबा मन्दिर के कैम्पस में टीनशेड का निर्माण कार्य। लम्बाई–27.75 मीटर चौड़ाई– 11.40 मीटर | 11.52 | 23040.00 | 1288.00 | 2 माह |
| 2 | वार्ड सुन्दौली मो० बेहटी में हनुमान मन्दिर के कैम्पस में टीन शेड का निर्माण कार्य। लम्बाई–27.75 मीटर चौड़ाई–11.40 मीटर | 11.52 | 23040.00 | 1288.00 | 2 माह |

**नियम व शर्तें :–**

1. निविदा के साथ 02 प्रतिशत जमानत धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के पदनाम से बन्धक कराकर मूल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, तथा 8 प्रतिशत जमानत धनराशि की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 टेण्डर स्वीकृत होने के पश्चात देना होगा। अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. निविदा सुस्पष्ट भरे जाने चाहिये।
3. प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत तथा निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद में निहित होगा।
4. हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र पालिका में पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
5. कार्य स्थल पर डिस्प्ले बोर्ड कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व लगाना अनिवार्य होगा।
6. निविदादाता को निविदा स्वीकृत करने के पश्चात निर्धारित 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध पत्र भरकर प्रस्तुत करना होगा। एवं 10 रूपये के स्टाम्प पर नोटरी भी देनी होगी।
7. निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त न्यूनतम निविदा दाता द्वारा अपलोड किये गये समस्त अभिलेखों की मूल अभिलेख (हार्ड कॉपी) एक लिफाफे में बंद करके सत्यापन हेतु व्यक्तिगत रूप में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 24.10.2019 को सायं 05.00 बजे तक प्रस्तुत किया जायेगा। समस्त अभिलेख मूल रूप में प्रस्तुत नहीं किये जाने पर निविदादाता के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।
8. भू–तत्व खनिज विभाग एवं कर्मकार उपकर विभाग जी0एस0टी0 के अन्तर्गत व वर्तमान एवं भविष्य में समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जायेगा।
9. आगणन की धनराशि में जी0एस0टी0 सम्मिलित है, आगणन की धनराशि में से 12 प्रतिशत कटौती करके शेष धनराशि पर जमानत धनराशि जमा करना होगा।

**(शैलेन्द्र कुमार दुबे)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**महमूदाबाद–सीतापुर।**

**(ममता सोनी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद,**
**महमूदाबाद–सीतापुर।**

## दिल्ली में प्रदूषण
### बहस के बजाए कार्रवाई जरूरी

**बरसात** और तेज हवा थम जाने के बाद अब दिल्ली में साफ नीला आसमान दिखना जनता के लिए फिर सपना बन गया है। कुछ दिनों से जारी सवेरे की धुंध से स्पष्ट है कि जहरीले जाड़े से बचने के लिए प्रदूषण नियंत्रण के पुराने अनुमान व माडल काफी नहीं होंगे। वायु गुणवत्ता सूचकांक-एक्यूआई अभी से 200 के ऊपर निकल गया है जो दिल्ली व एनसीआर में 'बहुत खराब' वातावरण का द्योतक है। पिछले सप्ताह ही सरकार ने दावा किया था कि उत्तर प्रदेश, पंजाब व हरियाणा के पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने मे कमी आई है। लेकिन स्पष्ट प्रमाणों व उपग्रह चित्रों से यह सरकार का यह दावा गलत सिद्ध होता है। यह बात नासा द्वारा जारी चित्रों से भी स्पष्ट है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार पिछले 15 दिनों में उपग्रह चित्रों से पराली जलाने की लगभग 350 घटनायें सामने आई हैं। इससे निकलने वाला धुंआ देश की राजधानी व एनसीआर में कम से कम 6 प्रतिशत प्रदूषण का जिम्मेदार है। प्रदूषण के अन्य स्रोतों में वाहनों का धुंआ, उद्योगों का उत्सर्जन, डीजल जेनसेट, खुले में कूड़ा जलाना तथा सर्वोपरि मिट्टी व सड़कों से उड़ने वाली धूल है। इन सबसे हवा में प्रदूषक कणों-पीएम, नाइट्रोजन आक्साइड, सल्फर डाईआक्साइड व कार्बन मोनोआक्साइड का स्तर बढ़ता है।

केन्द्र व राज्यों की अनेक सरकारों ने अतीत में समस्या के कई समाधान सुझाए थे, पर वे टुकड़ों में हैं। प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक समग्र योजना का अर्थ है कि हमें समस्या समाधान के लिए उठाए जाने वाले कदमों के राजनीतिक प्रभावों से बचना होगा तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से अपने व्यवहार और सुविधाओं में परिवर्तन करना होगा। लेकिन क्रियान्वयन पर गौर



करें तो वाहनों में सीएनजी के प्रयोग तथा ईंट भट्ठों को शहर के बाहर ले जाने के सिवा और कुछ नहीं हुआ है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण-एनजीटी ने पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया है, पर इसका ठीक से क्रियान्वयन नहीं हुआ। हरियाणा में नियम का पालन न करने पर केवल 58 एफआईआर हुई, ऐसे में स्पष्ट रूप से क्रियान्वयन के जिम्मेदार अधिकारी दोषी हैं। किसान प्रतिबंध का धड़ल्ले से उल्लंघन करते हैं और पराली को हटाने पर होने वाले खर्च की तुलना में प्रति दो हेक्टर पर 2,500 रुपये जुर्माना देने को तैयार हैं। पराली काटने पर मशीन, डीजल व लेबर खर्च मिला कर 6000-7000 रुपये एकड़ आता है। इसके अलावा ये मशीनें छोटे व सीमान्त किसानों की पहुंच से बाहर हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड-सीपीसीबी ने वायु गुणवत्ता के आधार पर राजधानी क्षेत्र व दिल्ली में चरणबद्ध प्रतिक्रिया निर्धारित की है। लेकिन प्रदूषण से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण जरूरी है, क्योंकि नियंत्रण एजेंसियां एक-दूसरे के खिलाफ काम करते हुए अपनी जिम्मेदारी नहीं तय कर पा रही हैं। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी अपने स्तर पर काम करते हुए पुरानी ओड-इवेन योजना लागू कर रही है। हालांकि, यह भी पूरी तरह समग्र नहीं थी और इसमें ज्यादा प्रदूषणकारी दोपहिया वाहनों को बाहर रखा गया था। पेरिस में यह योजना सफलतापूर्वक लागू हुई थी, लेकिन दिल्ली में वैसे भी अच्छी सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का अभाव है। मेट्रो व बसें यात्रियों के लिए काफी नहीं हैं। दिल्ली अब भी औद्योगिक इकाइयों के निकट है जिनको आवश्यकता होने पर बंद करना होगा। प्रदूषण को मौसमी समस्या के बजाय इससे स्थाई रूप से निपटने की तैयारी करनी होगी। नियोजन, निगरानी, कार्रवाई तथा मूल्यांकन अच्छी नीति के अंग हैं और दिल्ली अब इसके बिना नहीं रह सकती है।

# संकट में घिरे इमरान खान

सरकार-विरोधी धरनों को बढ़ावा देकर सत्ता में पहुंचे इमरान खान अब स्वयं अभूतपूर्व विरोध का सामना कर रहे हैं। इन विरोध प्रदर्शनों का लक्ष्य उनकी सरकार का तख्ता पलटना है।



**भूपिंदर सिंह**
लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



पाकिस्तान में धरनों के रूप में विरोध प्रदर्शन एक विशिष्ट राजनीतिक परिघटना बन गए हैं। राजनीतिक या धार्मिक विरोध की इस रणनीति का बार-बार प्रदर्शन तत्कालीन सरकार को घुटने टेकने पर मजबूर करना रहा है। विरोधकर्ता राजधानी इस्लामाबाद को जाने वाली सड़कों के चौराहों पर शिविर लगा कर खुलेआम सरकार को अपनी मांगों पर मजबूर करने का प्रयास करते हैं। अब तक कई पाकिस्तानी सरकारें राजधानी की लगभग घेरेबंदी की इन स्थितियों का मुकाबला करने की प्रभावी रणनीति तैयार करने में विफल रही हैं जिनके कारण राजधानी और देश में गतिरोध पैदा हो जाता है। सभी आधे-अधूरे प्रयास जैसे, अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती, बैरिकेडिंग, कंटीले तार व शिपिंग कंटेनरों के प्रयोग आदि व्यावहारिक रूप से नागरिक विरोध, गुंडागर्दी व संपत्ति को आग लगाने को रोकने में विफल रहे हैं। विरोधी प्रदर्शनकारियों को जबरन हटाने का तरीका आमतौर से विकल्प नहीं है क्योंकि इससे आग और भड़कने की संभावना रहती है। इससे विरोध के मुद्दे खतरनाक रूप ले सकते हैं, प्रदर्शनकारी गुस्सा हो जाते हैं तथा पाकिस्तान में सरकार उलटने का खतरा पैदा होता है।

इसलिए जनता का थोड़ा भी समर्थन प्राप्त संगठन अपने आगे बढ़ने के लिए आक्रामक विषय चुनता है और वह तत्कालीन सरकार को पंगु बना सकता है। पाकिस्तानी 'अवस्थापना' में विभिन्न पक्षों के हित परस्पर टकराव वाले हैं। यहां राजनेता वर्ग, धर्मगुरुओं, न्यायपालिका और सर्वोपरि पाकिस्तानी सेना के बीच हितों के अपरिहार्य और अघोषित टकराव बिंदु हैं। इसका परिणाम धोखाधड़ी, षडयंत्र तथा पर्दे के पीछे से किए जाने वाले एक दूसरे को नीचा दिखाने वाले प्रयास हैं। इनके कारण प्रदर्शनों को अकल्पनीय ऊर्जा मिलती है जिसे स्वीकार नहीं किया जाता है।

कुछ साल पहले एक अज्ञात धार्मिक संगठन तहरीके लब्बैक या रसूल अल्लाह ने प्रभावशाली 'धरना' आयोजित किया जिसका लक्ष्य राष्ट्रीय व प्रांतीय असेम्बलियों में लेने वाली पर की शपथ में संशोधन की मांग कर 'मेरा विश्वास है' के बजाय 'मैं पवित्र अंत:करण से प्रतिज्ञा करता हूं' लाना था जिसका संबंध संबंधित व्यक्ति द्वारा पवित्र पैगंबर को अंतिम पैगंबर मानना था। हालांकि, सरकार ने माना था कि अनजाने में हुआ यह परिवर्तन क्लर्क की गलती थी, पर देश भर में पैदा विरोध प्रदर्शनों की ऊर्जा के कारण जल्द ही कानून मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा था। उस समय विपक्ष के नेता इमरान खान को इसमें राजनीतिक अवसर दिखाई पड़ा और उन्होंने कानून मंत्री तथा प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग की थी।

यहां तक कि पाकिस्तानी सेना भी इस खेल में शामिल हो गई और उसने 'अपनी जनता' के खिलाफ कार्रवाई से इनकार कर दिया। इससे तत्कालीन सरकार की इज्जत मिट्टी में मिल गई और सेना ने ऐसे समय 'मध्यस्थता' का प्रस्ताव किया जब सरकार निराशाजनक रूप से प्रदर्शनकारियों के सामने घुटने टेक चुकी थी। तत्कालीन सरकार इस प्रकरण से विकलांग होकर मुक्त हुई, जबकि प्रदर्शनकारी उग्र तत्वों ने सुनिश्चित किया कि धार्मिक-भावनाओं वाले मतदाताओं को जानबूझ कर भड़काया जाए। उग्र प्रदर्शनकारियों को इमरान खान जैसे नेताओं, धर्मगुरुओं व पाकिस्तानी सेना का समर्थन प्राप्त था।

महत्वपूर्ण है कि उपरोक्त प्रदर्शन का प्रबंधन निहित स्वार्थी पक्षों ने किया और उन्होंने ईशनिन्दा कानून में किसी संभावित परिवर्तन को भी असंभव बना दिया। इसमें इमरान खान जैसे नेताओं ने 'आल-राउंडर' वाली भूमिका निभाई। उन्होंने सुधारवादी एजेंडे की पैरवी करता दिखा कर स्वयं को मध्य वर्गों व बुद्धिजीवियों का प्रिय बना लिया, जबकि इसके साथ ही वे अवसरवादी नाटक कर कट्टरपंथियों का समर्थन भी प्राप्त कर रहे थे।

इसके काफी पहले इन पक्षों ने इन्कलाब या आजादी मार्च आयोजित कर माहौल गरमाया था जिसकी समाप्ति इस्लामाबाद में कुख्यात 'धरने' के रूप में हुई थी। उस समय इमरान खान ने एक धर्मगुरु ताहिरुल कादरी से गठजोड़ किया था जिनका प्रयोग तत्कालीन सरकार को बदनाम, परेशान और कमजोर करने के लिए किया गया था। इस पूरे घटनाक्रम पर पाकिस्तानी सेना की छाप पूरी तरह स्पष्ट थी।

आज समय और उसकी गति पूरी तरह बदल गई है तथा स्वयं इमरान खान पर विरोध प्रदर्शन व 'धरने' की भयानक छाया मंडरा रही है। इमरान खान विपक्षी नेता के अपने दौर में अतिवादी धार्मिक संगठनों से गठजोड़ कर असाधारण राजनीतिक समर्थन पाने में सफल हुए थे। अब मौलाना से राजनेता बने फजलुर रहमान की बारी है जो जमीयत उलेमाए इस्लाम-एफ के अध्यक्ष हैं। मौलाना ने 27 अक्टूबर को एक और आजादी मार्च की धमकी दी है।

स्वयं इमरान खान की तरह मौलाना फजलुर रहमान का इतिहास भी चयनित उलट-पलट का है और उन्होंने अपनी राजनीति आगे बढ़ाने के लिए अनेक स्थितियां बदली हैं। उन्होंने अमेरिकनों के साथ भी यही चालबाजी की है जो उनको पाकिस्तानी सरकार सबंधी विमर्श में प्रभावशाली लॉबी की तरह देखते हैं। विकीलीक्स द्वारा उजागर किए संदेशों के अनुसार तत्कालीन अमेरिकी राजदूत ने मौलाना के बारे में लिखा था, 'उन्होंने स्पष्ट किया कि अब भी बड़ी संख्या में उनके मतदाता बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।' मौलाना ने यह प्रयास प्रधानमंत्री बनने के लिए वाशिंगटन का आर्शीवाद पाने के लिए किया था। मौलाना के अमेरिका-विरोधी व तालिबान-समर्थक बयानों को उसी तरह समुचित संदर्भ में देखा जाना चाहिए, जिस तरह 'नया पाकिस्तान' में तालिबान खान कहे जाने वाले इमरान खान की लफ्फाजी सामने आई है।

पाकिस्तानी राजनीति की अपनी गतिशीलता है जो निरंतर या रेखीय होने के बजाय केवल परिस्थितियों पर आधारित है। नए आजादी मार्च का खतरा केवल मौलाना द्वारा जुटाया समर्थन न होकर इसके कारण पैदा होने वाला परिणामी बल है। यह पाकिस्तानी 'अवस्थापना' के विभिन्न तत्वों की मौन सहमति या सक्रिय समर्थन पर निर्भर करेगा।

पाकिस्तानी सेना के प्रमुख तत्व इमरान खान को नियंत्रण तथा ज्यादा जोखिम वाली स्थिति में रखने के लिए मौलाना के विरोध को 'सहन' कर सकते हैं। ऐसी घटनाओं पर राजनीति अवसरवादी होती है जिसमें संस्थाओं का प्रयोग करना या अन्य पक्षों को संदेश देना शामिल है। इमरान खान को किनारे करने के लिए मौलाना आसानी से 'इस्लाम खतरे में है' का युद्धघोष कर सकते हैं। यह बहुत पुरानी रणनीति है जो कभी कमजोर नहीं पड़ती है और स्वयं इमरान खान ने अतीत में इसका प्रयोग किया है।

यह विरोध प्रदर्शन अमेरिका-विरोध तथा तालिबान-समर्थन की दिशा में जा सकता है जो इमरान खान द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेश की जाने वाली सुधारवादी छवि के विपरीत है। जहां दूसरी राजनीतिक पार्टियां मौलाना को सीधे इमरान खान से मुकाबले के लिए प्रेरित कर रही हैं, वहीं वे स्वयं को किसी प्रतिबद्धता से दूर रखना चाहती हैं। इसका कारण यह है कि वे इस्लामाबाद और रावलपिंडी के बीच सत्ता की राजनीति में इमरान खान सरकार की स्थिति के बारे में निश्चित नहीं हैं।

पाकिस्तान में विपक्ष की स्थिति स्पष्ट व घोषित है। विपक्षी दल स्वयं भ्रष्टाचार, अक्षमता, धर्म तथा भारत से संबंधों के आधार पर सरकार पर हमले बोल सकते हैं। अब इमरान खान को स्वयं उसी जिन्न का सामना करना पड़ रहा है जिसे उन्होंने पहले बोतल से बाहर निकाला था। अब संदिग्ध रिकार्ड वाला एक और महत्वाकांक्षी नेता 'धरने' की राजनीति का इस्तेमाल इमरान सरकार को विकलांग बनाने के लिए करने जा रहा है।

# वर्तमान आर्थिक मंदी से निकलने का रास्ता

**नितिन आगस्टीन**
(लेखक संचार विशेषज्ञ हैं)



भारत असंदिग्ध रूप से ज्ञात आर्थिक इतिहास में एक बुरे दौर से गुजर रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक व राष्ट्रीय आंकड़ा कार्यालय-एनएसओ द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से संकेत मिलता है कि लंबे समय तक आर्थिक वृद्धि धीमी रहने की आशंका है। मूडी की निवेशक सेवा ने सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की वृद्धि दर 2019-20 में 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि पहले यह 6.2 प्रतिशत था। इसके अलावा मैक्रोइकोनोमिक आंकड़ों से स्पष्ट है कि फैक्ट्रियों के उत्पादन में अगस्त में 1.1 प्रतिशत की गिरावट आई और यह सात साल में सबसे कम उत्पादन है।

अनेक आयामों से स्पष्ट है कि वित्तीय धीमापन उस देश के लिए अच्छा नहीं है जिसे लगभग दो साल तक 'दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था' का दर्जा मिला था। इस घोषणा ने दुनिया को उस समय धक्का दिया है जब भारत को अतीत में किए आमूल सुधारों पर टिके रहने तथा विदेशी निवेश आकर्षित करने में सक्षम माना जाता था। वैश्विक रूप से विकसित व विकासशील देशों में अर्थव्यवस्थायें इसी संकट का शिकार हैं जहां वृद्धि दर में काफी गिरावट आई है और यह प्रवृत्ति जारी रहने की आशंका है।

भारत जैसी उपभोग-संचालित अर्थव्यवस्था में वृद्धि अधिकांशत: इस बात पर निर्भर है कि लोग कितना खर्च करते हैं। इसलिए सरकार के सामने चुनौती है कि वह जनता के हाथ में पैसा रखे, श्रम-बाहुल्य क्षेत्रों को प्रोत्साहित करे, वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी दरों को तार्किक बनाए, रोजगारों का सृजन करे तथा वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग पुनर्जीवित करे। लेकिन ऐसे उपायों का दीर्घकालीन प्रभाव नहीं पड़ता है और ये केवल अल्पकालीन होते हैं।

जेनेवा में जारी संरा. व्यापार एवं विकास रिपोर्ट, 2019 के अनुसार वैश्विक वृद्धि में गिरावट की आशंका है जो 2018 में 3 प्रतिशत से घट कर 2019-20 में 2.3 प्रतिशत रह जाएगी। कर्ज का स्तर बढ़ने, वृद्धि धीमी हाने तथा व्यापार तनावों में वृद्धि के कारण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य बुरी तरह प्रभावित हुआ है। संकुचित होती व्यापार नीतियों, वि-वैश्वीकरण तथा जलवायु परिवर्तन व आतंकवाद जैसे मुद्दों को संबोधित करने की अनिच्छा से उग-राष्ट्रवाद की प्रवृत्तियां विकसित हो रही हैं। इससे गंभीर आर्थिक संकट पैदा हो सकता है। विश्व आर्थिक मंच में टिकाऊ बाजारों पर वरिष्ठ सलाहकार कैरोलीन एंस्टे ने हाल ही में 'जनता और ग्रह के लिए आर्थिक माडल की आवश्यकता' शीर्षक वाले लेख में लिखा है कि 'करोड़पति व्यापारियों व खासकर महिलाओं की अधिक से अधिक संख्या की इच्छा नए किस्म का बाजार है जो समावेशी, समतापूर्ण, हरित व मुनाफा देने वाला हो। इस बाजार में टिकाऊ वृद्धि प्रोत्साहित करने के लिए प्राकृतिक, सामाजिक, मानव व वित्तीय पूंजी का समावेश होना चाहिए।' कठिन समय में लचीले, टिकाऊ व दृढ़ नीतिगत निर्णयों की आवश्यकता होती है ताकि वर्तमान संकट से सबक ले कर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए एक रोडमैप बनाया जा सके।

वर्तमान आर्थिक नीतियों के जोखिम तथा एक अंतराल के बाद मंदी वैश्विक स्तर पर गरमागरम बहस का विषय है। इससे वर्तमान आर्थिक माडलों व वित्तीय बाजारों पर सवाल उठते हैं। यह बात खासकर 2008 में वैश्विक मंदी के प्रभावों के बारे में है जो आज भी अनेक अर्थव्यवस्थाओं को पीड़ित कर रहे हैं। अमेरिकी अर्थशास्त्री जोसेफ स्टिगलिट्ज़ ने अपनी पुस्तक 'फ्रीफाल: अमेरिका, फ्री मार्केट्स एंड द श्रिंकिंग वर्ड इकोनोमी' में बताया है कि '1930 दशक की भयानक मंदी के दौरान खासकर अमेरिका में आर्थिक पेशे को भारी संकट का सामना करना पड़ा। वर्तमान की तरह उस समय भी बाजारों को सक्षम तथा स्वयं को ठीक करने में सफल माना जाता था। अर्थव्यवस्था के मंदी व बाद में अवसाद में डूबने के बाद बहुत से लोगों ने यह सरल सुझाव दिया कि कुछ न करो, बस प्रतीक्षा करो और अर्थव्यवस्था स्वयं को ठीक कर लेगी।' इसी प्रकार के समय में ब्रिटिश अर्थशास्त्री जान कीन्स ने खर्च बढ़ाने तथा रोजगार सृजन को मंदी के लंबे समय से निपटने का तरीका बताया था। विशाल जनसंख्या वाले भारत के लिए यह स्थिति बहुत चुनौतीपूर्ण है, लेकिन आर्थिक पुनर्जीवन के लिए उपभोग बढ़ाना तथा रोजगार सृजन सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। कुल मिला कर बहुत से लोग इस बात से सहमत होंगे कि राष्ट्रपति फ्रेंकलिन रूज़वेल्ट के न्यू डील कार्यक्रम ने अमेरिका को महान मंदी से मुक्ति दिलाई थी जिसमें अर्थव्यवस्था के विस्तार तथा रोजगार सृजन पर काफी ध्यान दिया गया था।

इसलिए अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए फौरन मांग बढ़ाने तथा खर्च बढ़ाने व रोजगार सृजन पर ध्यान देना होगा।

वृद्धि को बढ़ावा देने तथा गिरती अर्थव्यवस्था को तत्काल राहत देने के लिए वस्तुओं एवं सेवाओं की घटती मांग बढ़ानी होगी। निजी उपभोग में वृद्धि से सुनिश्चित होगा कि लोगों द्वारा पैसा खर्च करने से मांग धीरे-धीरे बढ़ेगी तथा वस्तुओं व सेवाओं का उत्पादन तेज होगा। लेकिन खर्च तभी संभव है जब लोगों के हाथ में पैसा हो। आमतौर से मंदी के समय लोग पैसा बचा कर रखना या भविष्य के लिए बैंकों में जमा करना चाहते हैं। भारत में ठीक यही हो रहा है। इसलिए सरकार को त्योहार पर एक और बोनस की घोषणा के साथ ही प्रोत्साहन देने चाहिए ताकि अधिक खर्च से वस्तुओं और सेवाओं के क्षेत्र में प्रगति हो। सरकार वृद्धि व मांग तेज करने के लिए टैक्सों में कटौती कर सकती है। कार्पोरेट टैक्सों में कटौती इस दिशा में सही कदम है।

हालांकि, सरकार की हालिया घोषणाओं का अर्थ खर्च बढ़ाना है, पर वे अपना उद्देश्य बहुत कम पूरा कर सकेंगी। इसका एक कारण यह है कि उपभोक्ताओं का विश्वास इस समय सबसे कम है। आरबीआई के नवीनतम उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण के अनुसार रोजगार, आय व खर्च के बारे में लोगों की भावनायें 6 साल में सबसे निचले स्तर पर हैं। इसलिए वर्तमान समय में चुनौती उपभोक्ताओं का विश्वास बहाल करना है ताकि वे पैसा बचाने के बजाय उसे खर्च करें।

हालिया बेरोजगारी दर ने वर्तमान मंदी में अपना योगदान दिया है तथा नियंत्रण न होने की स्थिति में वह इसे और बढ़ावा देगी। नवीनतम पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे-पीएलएफएस के अनुसार भारत में बेरोजगारी 45 साल में सबसे अधिक है। रोजगार सृजन स्थिर अर्थव्यवस्था का मूल तत्व है। समुचित रोजगार व कर्ज की उपलब्धता से खर्च स्वाभाविक रूप से बढ़ेगा जिससे आर्थिक गतिविधि तेज होगी। आर्थिक संकट गहराने का खतरा देखते हुए सरकार को नुकसान से बचने तथा आर्थिक दृढ़ता के लिए दीर्घकालीन रोडमैप बनाना चाहिए ताकि आर्थिक दृढ़ता, टिकाऊ विकास व लचीलेपन से दुनिया का दूसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश प्रगति कर सके।

## आप की बात

### प्रधानमंत्री के बयान व हकीकत

**प्रधानमंत्री** का पद भारतीय संविधान के अनुसार बहुत ही सम्मानित होता है। प्रधानमंत्री की कही कोई भी बात उनके द्वारा कहा गया एक-एक शब्द बहुत ही सुविचारित ,सुचिन्तित तथा देशहित के लिए होती है। उनकी कही एक-एक बात इस देश के एक अरब पैंतीस करोड़ लोगों के जीवन और उनके भविष्य के लिए एक संवैधानिक पद पर बैठे एक बहुत ही जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा कही गई बात होती है। परन्तु देखने में यह आ रहा है कि एक दिन पूर्व हमारे पीएम सार्वजनिक मंच से देश की एक अरब पैंतीस करोड़ लोगों के सामने घोषणा करते हैं ,उसके ठीक अगले दिन ही उनके द्वारा कही बात के ठीक विपरीत नीतियों को अमल में लाने की तमाम प्रिंट और श्रव्य समाचार माध्यमों से घोषणा कर दी जाती है । अभी पिछले दिनों हमारे पीएम टेलीविजन समाचार चैनलों और प्रिंट मीडिया पर जोर-शोर से घोषणा करते नजर आए कि हम आपसे वादा करते हैं कि हमें रेलवे के निजीकरण करने का कोई इरादा नहीं है। इसके ठीक विपरीत अगले दिन ही समाचार माध्यमों में 50 रेलवे स्टेशनों और 150 रेलगाड़ियों के निजीकरण करने की बात सामने आ गई। आखिर हमारे प्रधानमंत्री जी के नीतिगत बयान और हक़ीक़त में इतना फर्क क्यों है?

– **निर्मल के शर्मा**, गाजियाबाद

### पर्यावरण संरक्षण के वादे

**बीते** दिनों आवास और शहरी मंत्रालय ने पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए एम हरियाली एप लॉन्च किया। जिससे पर्यावरण संरक्षण में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल का पुन: चर्चा में है। दरअसल बिगड़ते पर्यावरण को देखते हुए पर्यावरणविद, वैज्ञानिक, सरकार, समाज और तकनीकी विशेषज्ञ सभी के स्तर पर इको सिस्टम को बचाने के लिए ग्रीन तकनीक के इस्तेमाल की बात कही जा रही है। लेकिन उपभोक्तावादी संस्कृति और मनुष्य के लालच ने पृथ्वी को नर्क बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भारत जैसे बड़ी जनसंख्या वाले देश में ग्रीन तकनीक की उपलब्धता और इस्तेमाल एक चुनौती है। इलैक्ट्रिक वाहन सोलर एनर्जी एवं ग्रीन पटाखे जैसे वैकल्पिक उपाय पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनजर ही उठाए गए हैं। तकनीक पर्यावरण संरक्षण में कारगर सहयोग तो दे रही है लेकिन ई कचरे की समस्या भी पैदा कर रही है। पर्यावरण एक अन्य महत्वपूर्ण पहलु विकसित देशों के द्वारा पृथ्वी बचाने में अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाना भी है। पेरिस जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में इन देशों ने जो वायदे किए थे वे आज भी पूरे नहीं हुए हैं।

– **डॉ बिजेंद्र कुमार**, दिल्ली विश्वविद्यालय


### कितना बदलेगा चीन?

**चीनी** राष्ट्रपति जिनपिंग का भारत में असाधारण स्वागत हुआ, पर इसके चलते अपने देश के सर्वोच्च नेता तथा एशियाई शताब्दी में अपने वर्चस्व की इच्छा रखने वाले शी जिनपिंग शायद ही भारत को असाधारण मानें। हालांकि, वूहान की तरह मामल्लपुरम में अनौपचारिक वार्ता ने शी व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने व्यक्तिगत समीकरण, पड़ोसी के प्रति समझदारी व सह-अस्तित्व को बढ़ावा दिया है। इनसे पहले डोकलाम और अब कश्मीर पर तनाव दूर करने में सहायता मिली है, पर ये संबंध आकांक्षाओं के बजाय यथार्थ तथा बड़ी-बड़ी बातों के बजाय आवश्यकता आधारित व्यावहारिकता पर निर्भर होंगे। इस प्रकार मोदी के शब्दों में नए 'संबंध' बने हैं और शी ने 'हार्दिक' बातचीत स्वीकारी है। लेकिन भारत यह उम्मीद नहीं कर सकता है कि चीन उसके लिए पाकिस्तान को छोड़ देगा। भारत अपनी आंतरिक सुरक्षा के प्रति दृढ़ है और उसने चीन की बेल्ट एंड रोड पहल को अस्वीकार किया है। भारत ने बहुपक्षीय मंचों पर चीनी प्रभुत्व को चुनौती दी है।

– **विशाल भारद्वाज,** प्रयागराज


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**क्या** इन लोगों में अनुच्छेद 370 व 35ए बहाल करने की हिम्मत है? क्या देश उनको ये अनुच्छेद बहाल करने की अनुमति देगा?

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**युवाओं** द्वारा नौकरियों की बात पर सरकार अनुच्छेद 370 की बात करती है व चांद दिखाया जाता है। लेकिन वह देश की समस्याओं पर चुप है।

– **राहुल गांधी**
पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष



**पाकिस्तान** एफएटीएफ मामले में बहुत दबाव में है। वह अपनी धरती पर सक्रिय आतंकियों पर लगाम नहीं लगा पाया है।

– **अजीत डोवाल**
राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

# अगला युद्ध स्वदेशी शस्त्र प्रणालियों से लड़कर जीतेंगे : बिपिन रावत

● 41वें डीआरडीओ निदेशक सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनरल रावत ने यह कहा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सेना** प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने मंगलवार को सशस्त्र बलों में स्वदेशी प्रौद्योगिकी को व्यापक रूप से शामिल करने की वकालत करते हुए कहा कि भारत अगला युद्ध देश में ही विकसित समाधानों के साथ लड़ेगा और जीतेगा। 41वें डीआरडीओ निदेशक सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनरल रावत ने यह भी कहा कि शस्त्रों और अन्य प्रणालियों का विकास भविष्य के युद्धों को दिमाग में रखकर होना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर हम भविष्य के युद्धों की रूपरेखा की ओर देखें तो जरूरी नहीं कि ए आमने-सामने से लड़े जाएं। हमें साइबर क्षेत्र, अंतरिक्ष, लेजर, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और रोबोटिक्स के विकास के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की ओर देखना होगा।

रावत ने कहा, और अगर हम इस बारे में नहीं सोचते तो बहुत देर हो जाएगी। उन्होंने पिछले कुछ दशकों में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की उपलब्धियों के लिए उसकी तारीफ की और कहा कि भारत अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। सेना प्रमुख ने कहा, हमें विश्वास है कि सेनाओं को इससे बहुत लाभ मिलेगा। रावत ने कहा, भारत हथियारों और गोला-बारूद के सबसे बड़े आयातकों में से एक है और आजादी के 70 साल बाद भी ऐसा कहना कोई गौरव की बात नहीं है। लेकिन पिछले कुछ सालों में यह स्थिति बदल रही है।



डीआरडीओ सेनाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रयासरत है जो स्वदेशी समाधानों से निकली हों।

यहां डीआरडीओ भवन में आयोजित दो दिवसीय उद्घाटन सत्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशिष्ट अतिथि थे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया, नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह तथा डीआरडीओ के प्रमुख जी सतीश रेड्डी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

रक्षा मंत्री ने शुरुआत में डीआरडीओ परिसर में स्थित पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कलाम की 88वीं जयंती के मौके पर सिंह ने कहा, हम उनके जीवन से प्रेरणा लें और भारत को वैज्ञानिक उपलब्धियों के माध्यम से विकसित देश बनाने के उनके सपने को पूरा करें। उन्होंने दुनिया को बदलने वाली विनाशकारी तकनीकों के पहलुओं पर भी जोर दिया और कहा कि भारत को इसमें नेतृत्व की भूमिका में उभरना होगा। सिंह ने देश को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी प्रणाली पर काम करने की वकालत की। डोभाल ने कहा कि मजबूत और सुरक्षित भारत बनाने के लिए डीआरडीओ की भूमिका बहुत अहम होगी।

## सेना प्रमुख ने पाक व चीन सीमा के पास चुनौतियों से निपटने के लिए सैनिकों की प्रशंसा की

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने पूर्वी और पश्चिमी सीमा पर विभिन्न चुनौतियों का दृढ़तापूर्वक सामना करने के लिए अपने बल की सराहना करते हुए कहा है कि इसने सबसे अभिनव तरीके से कठिन परिचालन स्थितियों का मुकाबला किया है। सूत्रों ने बताया कि सेना के शीर्ष कमांडरों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनरल रावत ने इस बात का विशेष रूप से उल्लेख किया कि सेना ने नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम (बैट) के नापाक मंसूबों और जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों की गतिविधियों को नाकाम किया। सेना के कमांडरों का यह सम्मेलन 14 अक्टूबर से शुरू हुआ था जिसका समापन 19 अक्टूबर को होगा। सम्मेलन में जम्मू कश्मीर समेत देश के समक्ष सुरक्षा चुनौतियों की व्यापक समीक्षा की जा रही है और इन चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियां बनाई जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शीर्ष कमांडर कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में तैनात बलों की जरूरतों की समीक्षा करेंगे और उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए उपायों को अंतिम रूप देंगे। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जमीनी स्थिति से जुड़े कार्यों और परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सैन्य कमांडरों के सम्मेलन की सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता होगी। सेना प्रमुख ने अपने संबोधन में परिचालन क्षेत्रों में सैनिकों की नवीनता और कौशल पर प्रकाश डाला। जनरल रावत ने पूर्वी और पश्चिमी सीमा पर विभिन्न चुनौतियों का दृढ़तापूर्वक सामना करने के लिए अपने सैनिकों की सराहना की। उन्होंने परिचालन समीक्षाओं के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मामलों की तेजी से सुनवाई करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की प्रशंसा की। सैन्य कमांडरों का सम्मेलन हर वर्ष अप्रैल और अक्टूबर में आयोजित किया जाता है। सूत्रों ने बताया कि कमांडरों ने पाकिस्तानी ड्रोनों के सीमा पार से पंजाब में हथियार गिराए जाने की घटनाओं पर भी विचार-विमर्श किया।




नई दिल्ली में मंगलवार को 41 वें निदेशकों के सम्मेलन के दौरान युवा वैज्ञानिक सुरभि सिंह को पुरस्कार प्रदान करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

## टीवीवी प्रमुख समेत दो माओवादियों से संबंध के आरोप में गिरफ्तार

**एजेंसी।** हैदराबाद

**तेलंगाना** विद्यार्थी वेदिका (टीवीवी) के अध्यक्ष बी मदीलेती सहित दो लोगों को प्रतिबंधित माओवादियों के लिए काम करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तेलंगाना प्रजा फ्रंट (टीपीएफ) के सहयोगी मदीलेती और नलामसी कृष्णा को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जोगलम्बा गडवाल जिले में इस संबंध में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। यह खुलासा हुआ है कि यह दोनों शहरी क्षेत्रों में भर्ती, धन मुहैया कराने सहित अन्य गतिविधियों में लिप्त थे। दोनों के पास से माओवादी साहित्य, पर्चे और अन्य आपत्तिजनक चीजें जब्त हुई हैं।

## पनामा पेपर्स और बहामस लीक की जांच के लिए गठित एजेंसी पर अदालत ने केंद्र से किए सवाल

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को बहामस लीक और पनामा पेपर्स लीक में जिन कंपनियों और नेताओं सहित व्यक्तियों का नाम आया था, उनकी जांच के लिए गठित की गई मल्टी एजेंसी ग्रुप (एमएजी) के गठन और शक्तियों पर केंद्र से सवाल किया और उसकी जांच में हुई प्रगति की जानकारी मांगी।

इन लीक में लाखों की संख्या में विदेशों में पंजीकृत संस्थाओं और विभिन्न देशों में कंपनियों और व्यक्तियों से उनके संबंधों के बारे में खुलासा किया गया था। पनामा पेपर लीक की जांच के लिए केंद्र द्वारा अप्रैल 2016 में एमएजी का गठन किया गया था। मुख्य न्यायाधीश डी




एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर की पीठ ने एमएजी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील से सवाल किया - यह एजेंसी क्या है? वे किस कानून के तहत काम कर रहे हैं? किसने सशक्त किया।

अदालत ने एमएजी और वित्त मंत्रालय को नोटिस जारी किया और उनसे एक नेता, और उसके कुछ साथियों के खिलाफ धन शोधन और काले धन की शिकायतों की जांच की मांग करने वाली याचिका पर अपना पक्ष रखने के लिए कहा, जिन्हें कथित तौर पर बहामस लीक में नामित कंपनियों से धन प्राप्त हुआ था। याचिका को भूपेंद्र सिंह पटेल ने दाखिल किया है, जिन्होंने इस साल जनवरी में नेता और उनकी कुछ कंपनियों तथा सहयोगियों के खिलाफ शिकायतें की थीं। याचिका में दावा किया गया है कि एमएजी में कर विभाग, आरबीआई और अन्य एजेंसियों के अधिकारी शामिल हैं, ताकि लीक में सामने आए नामों की तेजी से और समन्वित जांच की जा सके। दलील सुनने के बाद पीठ ने कहा, हमें संदेह है कि आप (एमएजी) ने मामले में एक इंच भी कदम आगे बढ़ाया है।



नई दिल्ली में मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद

## नारायण राणे भाजपा में शामिल हुए

**कंकवली।** महाराष्ट्र की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए जद्दोजहद कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। राणे ने अपनी महाराष्ट्र स्वाभिमान पक्ष (एमएसपी) का सत्तारूढ़ पार्टी में विलय भी कर दिया। राणे का गढ़ कोंकण का सिंधुदुर्ग जिला है। वह पिछले कई महीनों से भाजपा में शामिल होने की प्रतीक्षा सूची में थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में राणे के बड़े बेटे एवं पूर्व सांसद निलेश तथा उनके समर्थक भी भाजपा में शामिल हो गए। राणे के छोटे बेटे और कंकवली सीट से मौजूदा विधायक नितेश भाजपा के टिकट पर फिर से किस्मत आज़मा रहे हैं। फडणवीस ने कहा कि स्वत: भाजपा के सदस्य है। राणे भाजपा की मदद ही से राज्यसभा के सदस्य बने थे। राणे को आक्रमक और परिश्रमी नेता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, कुछ दिन पहले नितेश राणे भाजपा में शामिल हुए। आज निलेश भी शमिल हो गए। राणे साहेब राज्यसभा के सदस्य हैं - वह पहले से ही भाजपा के सदस्य हैं। गौरतलब है कि राणे और फडणवीस अपने-अपने भाषणों में शिवसेना का नाम लेने से बचे। भाजपा की सहयोगी होने के बावजूद शिवसेना ने राणे के पूर्ण करीबी को कंकवली सीट से नितेश के खिलाफ उतारा है। वह 1999 में शिवसेना-भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री थे, लेकिन उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने के बाद उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया था। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया था और उन्हें कांग्रेस-राकांपा सरकार में मंत्री बनाया गया था।

# उगाही के मामले में दाऊद का साथी गिरफ्तार

**एजेंसी।** मुंबई

**भगोड़े** गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के साथी को ठाणे में एक बिल्डर को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसे मुंबई पुलिस ने जबरन उगाही के मामले में पहले भी गिरफ्तार किया था। अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि ठाणे पुलिस के जबरन उगाही रोधी प्रकोष्ठ (एईसी) ने बिल्डर सुरजीत रयॉन की शिकायत पर शनिवार को रियाज भाटी को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि रयॉन ने भाटी, 1993 में हुए सिलसिलेवार विस्फोट के सरकारी गवाह उस्मान खान, अफगान बाबू खान, असलम शेख और कमाल जदवानी के खिलाफ शिकायत की थी।

अधिकारी के मुताबिक, रयॉन ने पुलिस को बताया कि उसे 2012 में महाडा से अंधेरी स्टेडियम वियू सोसाइटी के पुन: विकास का अनुबंध मिला था, जिसके बाद उसने जदवानी को साझेदार बनाया। अधिकारी ने शिकायत के हवाले से बताया, जदवानी ने भाटी और अफगान खान को परियोजना में साझेदार बनाया। इसके बाद उन्होंने रयॉन पर परियोजना को छोड़ने का दबाव बनाना शुरू कर दिया और उन्होंने रयॉन को एक फ्लैट तथा एक करोड़ रुपए नकद देने का वादा किया। रयॉन ने दावा किया कि भाटी और अफगान खान ने 4500 वर्ग फुट परियोजना को 50 करोड़ रुपए में हड़प लिया। अधिकारी ने बताया कि रयॉन ने आरोप लगाया कि जब वह परियोजना छोड़ने के लिए राज़ी नहीं हुआ तो दोनों ने उसकी बात भगोड़े गैंगस्टर छोटा शकील से कराई। ठाणे एईसी के वरिष्ठ निरीक्षक राजकुमार कोथमिरे ने बताया, रयॉन ने भाटी, उस्मान खान, अफगान खान, असलम शेख और कमाल जदवानी के खिलाफ पहले एक लिखित शिकायत दी थी लेकिन प्राथमिकी 2018 में दर्ज की गई थी। भाटी सत्र और उच्च न्यायालय से राहत पाने में नाकाम रहा और हमने उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि जदवानी पहले ही परियोजना से हट चुका है लेकिन उस्मान, अफगान और असलम की भूमिका की जांच की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### पीएमसी बैंक के एक खाताधारक की प्रदर्शन के बाद दिल का दौरा पड़ने से मौत

**मुंबई।** घोटाले में घिरे पंजाब एंड महाराष्ट्र को-आपरेटिव (पीएमसी) बैंक के 51 साल के एक खाताधारक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। उनके परिवार ने बैंक में करीब 90 लाख रुपए जमा करवाए थे। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उपनगर ओशिवरा के निवासी संजय गुलाटी सोमवार सुबह शहर की एक अदालत के बाहर आयोजित जमाकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने गए थे। पैसा फंसने के कारण वह तनाव में चल रहे थे। आंदोलनकारी जमाकर्ताओं में से एक मनाली नारकर ने बताया कि गुलाटी अपने 80 वर्षीय पिता के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए थे। प्रदर्शन स्थल पर बनाए गए वीडियो में गुलाटी के पिता ने दावा किया कि उनके परिवार ने बैंक में 90 लाख रुपए से अधिक की राशि जमा करवाई थी। ओशिवरा पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सोमवार को रात का भोजन करते वक्त उन्हें दिल का दौरा पड़ा और मौत हो गई। मीडिया के कुछ हलकों में आई खबरों के मुताबिक जेट एयरवेज बंद होने से गुलाटी का रोजगार छिन गया था। उनका बेटा दिव्यांग है जिसके नियमित चिकित्सीय खर्चे है। पीएमसी बैंक में वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आने के बाद पिछले महीने रिजर्व बैंक ने इस बैंक के ग्राहकों के लिए नकद निकासी की सीमा तय करने के साथ ही बैंक पर कई तरह के अन्य प्रतिबंध लगा दिए।

### दीपावली पर शिवकाशी हरित पटाखों की बिक्री के लिए तैयार

**शिवकाशी (तमिलनाडु)।** प्रदूषण के मद्देनजर 2018 में उच्चतम न्यायालय द्वारा पारंपरिक पटाखों पर प्रतिबंध लगाए जाने से पटाखा उद्योग बेहद प्रभावित हुआ था लेकिन शिवकाशी हरित पटाखो की बिक्री के लिए इस साल पूरी तरह से तैयार है। पटाखा उद्योग शहर और इसके इर्द-गिर्द करीब आठ लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराता है। 2018 में प्रतिबंध लगने की वजह से यहां अच्छा कारोबार नही हुआ था। चेन्नई से करीब 550 किलोमीटर दूर शिवकाशी को भरोसा है कि वह इस सीजन में हरित पटाखों की मांग पूरी कर सकेगा। पारंपरिक पटाखो की जगह पर्यावरण के अनुकूल पटाखे बनाने के लिए इस उद्योग ने कई तरह के प्रयोग किए। यहां1,000 उत्पादन इकाइयां है। इनका सालाना कारोबार 6,000 करोड़ रुपए का है। राज्य में इस उद्योग की शीर्ष इकाई तमिलनाडु फायरवर्क्स एंड एमोर्सेस मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (टीएनएफएएमए) के अनुसार पटाखा निर्माण से जुड़े श्रमिकों के एक-एक जत्थे को हरित पटाखा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है और बाजार की हरित पटाखों की मांग पूरी करने में इस मौसम में कोई कमी नही होगी। इस साल दीपावली 27 अक्टूबर को है।

# आयकर छापेमारी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस, रोक लगाने की मांग की

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने अपने अकाउंट विभाग के कुछ पदाधिकारियों के यहां आयकर विभाग की छापेमारी के मामले को लेकर मंगलवार को चुनाव आयोग का रुख किया और कहा कि चुनाव के दौरान उसके खिलाफ एजेंसियों के दुरुपयोग पर रोक लगनी चाहिए। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के एक शिष्टमंडल ने इस मामले तथा हरियाणा के कैथल में अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाताओं को कथित तौर पर धमकाने को लेकर शिकायत की तथा ज्ञापन सौंपे। इस शिष्टमंडल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल, कपिल सिब्बल, आनंद शर्मा और मनीष तिवारी शामिल थे।

सिब्बल ने संवाददाताओं से कहा, अब ए नौबत आ गई है कि जैसे ही चुनाव आता है कि सीबीडीटी के लोग बिना किसी वारंट और दस्तावेज के हमारे अकाउंटेंट के फ्लैट में पहुंच जाते हैं और कब्जा करते हैं। उन्होंने कहा, ए लोकतंत्र पर हमला नहीं है तो क्या है? यह बात हमने चुनाव आयोग से कही है। हमने कहा है कि कम से कम चुनाव के दौरान इस पर रोक लगाए। अगर ऐसा कुछ करना है तो वो चुनाव आयोग की अनुमति लें। सिब्बल ने कहा, कृपया सरकार इससे पूछे कि उन्होंने अपने एवं सहयोगी दलों के किसी पदाधिकारी के यहां छापेमारी कराई है। उन्होंने सवाल किया कि हमारे अकाउंट विभाग में काम नहीं हो पा रहा है। हम चुनाव के लिए जरूरी खर्च का भुगतान कैसे करेंगे? सिब्बल ने दावा किया, कैथल में गुंडे लोग सड़कों पर आ गए हैं और अनुसूचित जाति के लोगों को धमकी दे रहे हैं। ऐसे लोकतंत्र कैसे चलेगा। हमने आग्रह किया है कि इस मामले की जांच कराएं और अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करें।

# भाजपा नेता हत्या मामले में कोर्ट ने मुख्तार अंसारी से जवाब मांगा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने भाजपा नेता कृष्णानंद राय की पत्नी की याचिका पर विधायक और गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी से मंगलवार को जवाब मांगा। 2005 में राय की हुई हत्या के मामले में अंसारी को बरी कर दिया गया था। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति संगीता धींगरा सहगल की पीठ ने अलका राय की अपील को मंजूर कर लिया और मामले में बरी किए गए लोगों को नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि मामले को सुनवाई के लिए नियमित सूची में रखा जाएगा। सीबीआई ने भी आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

उच्चतम न्यायालय ने अलका राय की याचिका पर 2013 में इस हत्या मामले की सुनवाई उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से दिल्ली स्थानांतरित की थी। कृष्णानंद राय साल 2002 से 2007 तक मोहम्मदाबाद सीट से उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य थे। उनकी छह अन्य लोगों के साथ 29 नवंबर 2005 को हत्या कर दी गई थी।

उत्तर प्रदेश में मऊ से विधायक अंसारी के खिलाफ हत्या और अपहरण समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दिल्ली की एक निचली अदालत ने इस साल जुलाई में आरोपियों को इस आधार पर बरी कर दिया था कि सभी गवाह मुकर गए थे। अंसारी के अलावा निचली अदालत ने उनके भाई अफजल अंसारी, एजाज-उल-हक, संजीव माहेश्वरी, राकेश पांडे, रामू मल्लाह और मंसूर अंसारी को भी बरी कर दिया था।

# अजब-गजब हरकतों के लिए चर्चित नीटू शटरांवाला की निगाहें अब पंजाब उपचुनाव पर

**एजेंसी।** फगवाड़ा

**अजब-गजब** हरकतों के लिए जाने जाने वाले नीटू शटरांवाला को भले ही अपने परिवार में नौ मतदाता होने के बावजूद लोकसभा चुनाव में कुल पांच वोट ही मिले, लेकिन वह इससे विचलित नहीं हैं और अब वह फगवाड़ा (सुरक्षित) विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में मैदान में हैं। पंजाब में चार विधानसभा सीटों के लिए 21 अक्टूबर को उपचुनाव होगा और नीटू फगवाड़ा (सुरक्षित) सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। दाखा, मुकेरियां और जलालाबाद तीन अन्य सीट हैं जहां उपचुनाव हो रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान अपने परिवार में नौ मतदाता होने के बावजूद पांच वोट ही मिलने पर नीटू का फूट-फूटकर रोने का वीडियो वायरल हो गया था। अपने निजी सुरक्षाकर्मी के साथ मोटरसाइकिल पर चलने वाले नीटू मीडिया से मुखातिब होने पर अपना प्रचार कौशल दिखाते हैं। नीटू (36) अपनी मोटरसाइकिल से उतरे, पालथी मारकर नीचे बैठ गए और फिर सड़क पर लेट गए। उनकी इस तरह की हरकत को देखकर पुलिसकर्मी और पास खड़े लोग हैरान रह गए।

वह ऐसा कोई विरोध जताने के लिए नहीं, बल्कि यह दिखाने के लिए करते हैं कि निर्वाचित होने पर वह किस तरह जमीन से जुड़े रहेंगे और विनम्र बने रहेंगे। उन्होंने एक संवाददाता से कहा, मैं सड़क किनारे चटाई बिछा दूंगा, इस पर बैठूंगा और लोगों की शिकायतें सुनूंगा तथा समाधान करूंगा। इसके बाद वह प्रयोग करके दिखाते हैं कि वह किस तरह इस काम को अंजाम देंगे। उन्होंने यह घोषणा भी की कि वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राष्ट्रपति का चुनाव भी लड़ेंगे।

नीटू ने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे तीन परंपरागत दलों-सत्तारूढ़ कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) को वोट न दें। वह कहते हैं, पंजाब को इसकी बीमारियों से निकालने के लिए चाहे आप किसी को भी वोट दें। उन्होंने कहा, यदि आप मुझे वोट नहीं देते तो मैं बुरा नहीं मानूंगा, लेकिन इन तीन दलों को वोट न दें। नीटू ने दावा किया कि यदि वह सत्ता में आते हैं तो पंजाब की किस्मत चमका देंगे और भारत को विश्व गुरु बना देंगे। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह पर आरोप लगाया कि वह चार सप्ताह के भीतर पंजाब से मादक पदार्थों के खात्मे की अपनी शपथ से मुकरकर राज्य को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

नीटू ने अपनी जान को खतरा बताया और कहा कि उन्हें किसी झूठे मामले में फंसाया जा सकता है। उन्होंने हालांकि कहा कि वह न तो मौत से डरते हैं और न किसी अन्य चीज से। नीटू ने आरोप लगाया कि इन दलों ने उनकी पत्नी, मां और बहन के नामांकन क्रमश: दाखा, जलालाबाद और मुकेरियां से खारिज करा दिए। उन्होंने दावा किया, मेरी फाइल को भी पहले अधूरी बताकर लौटा दिया गया, लेकिन जब कई वकील मेरे साथ गए तो इसे स्वीकार कर लिया गया।

# मथुरा के राधा, श्याम कुंड का पानी उपभोग के लिए अनुपयुक्त : एनजीटी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** हरित अधिकरण (एनजीटी) ने मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण से कहा कि वह मथुरा में राधा और श्याम कुंड के पानी को इंसानों के उपभोग के लिए उपयुक्त नहीं पाए जाने पर कार्वाई रिपोर्ट दाखिल करे। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने निर्देश दिया की जब तक स्थिति में सुधार नहीं होता तब तक दोनों कुंडों के पानी की गुणवत्ता को प्रदर्शित किया जा सकता है कि मानव उपभोग के लिए यह पानी उपयुक्त नहीं है। पीठ ने कहा, उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जल (निरोधक एवं प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के प्रावधानों के तहत अपने अधिकार का इस्तेमाल कर कार्वाई करते हुए जल प्रदूषण पर नियंत्रण सुनिश्चित कर सकता है। प्रदूषक भुगतान करे के सिद्धांत पर कार्वाई कर वह मुआवजा भी वसूल सकता है। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण को 11 नवंबर 2019 या उससे पहले ई-मेल के जरिए कार्वाई रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। मामले में अगली सुनवाई 23 दिसंबर को रखी गई है। न्यायाधिकरण ने पहले उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मथुरा जिला मजिस्ट्रेट और मथुरा वृंदावन नगर निगम की एक समिति बनाई थी और रिपोर्ट मांगी थी। एनजीटी ने कहा था कि आगरा के एस एन मेडिकल कॉलेज द्वारा पूर्व में किए गए सूक्ष्म जैविक परीक्षणों में राधा और श्याम कुंड के जल में जीवाणु संक्रमण हैजा की उपस्थिति पाई गई थी।

# मोदी जेबकतरे की तरह मुद्दों से ध्यान भटकाते हैं : राहुल

एजेंसी। यवतमाल, वर्धा



**कांग्रेस नेता राहुल गांधी** ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुछ उद्योगपतियों का भोंपू करार देते हुए कहा कि उनकी रणनीति एक जेबकतरे जैसी है जो चोरी से पहले लोगों का ध्यान बांट देता है। महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले यवतमाल जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री चंद्र मिशन और जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों के रद्द होने के बारे में बोलते हैं लेकिन किसानों और बेरोजगारी जैसे आम लोगों के मुद्दों पर चुप रहते हैं। उन्होंने दावा किया, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और नोटबंदी ने छोटे और मझोले उद्यमियों, किसानों, मजदूरों और गरीब लोगों की कमर तोड़ दी। जब तक मोदी सरकार सत्ता में है, बेरोजगारी की समस्या देश में लगातार बनी रहेगी। छह महीनों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ेगी। कॉरपोरेट कर में रियायत के सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए गांधी ने कहा कि कुछ उद्योगपतियों को ऐसे फायदे दिए गए लेकिन समाज के गरीब वर्ग को नहीं।

उन्होंने दावा किया कि सरकार की बंदरगाह, एअर इंडिया, कोयला खदानों और सार्वजनिक उपक्रमों जैसी देश की संपदाओं के निजीकरण की योजना है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया, मोदी अडाणी और अंबानी के भोंपू हैं। एक जेबकतरे की तरह, जो चोरी से पहले लोगों का ध्यान बांटता है, उनका (मोदी) एकमात्र काम आपका ध्यान बांटना है जिससे वह आपका रुपया कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को दे सकें।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), भोजन का अधिकार, भूमि अधिग्रहण और जनजाति कानून में संशोधन किया गया लेकिन सरकार को जीएसटी में संशोधन स्वीकार्य नहीं। गांधी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था उद्योगपतियों द्वारा नहीं बल्कि किसानों, मजदूरों और मझोले व्यापारियों से चल रही है। उन्होंने कहा, जब गरीब को रुपया मिलता है तो वह खरीदारी शुरू करता है, जब मांग बढ़ती है तो उत्पादक को फायदा होता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित न्याय योजना अर्थव्यवस्था को तेज गति देती। गांधी ने आरोप लगाया कि मनरेगा का वार्षिक बजट 35 हजार करोड़ रुपए है और मोदी सरकार ने एक दिन में 1.25 लाख करोड़ रुपए का कॉरपोरेट कर माफ कर दिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हालिया फ्रांस दौरे के संदर्भ में उन्होंने कहा कि सिंह ने राफेल युद्धक विमान की पूजा की। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन, विमान सौदे से 35 हजार करोड़ रुपए चुरा लिए गए। मीडिया इस बारे में नहीं लिखेगी क्योंकि उसे उद्योगपति द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है। आपका पैसा मीडिया को दिया जा रहा है, जिससे वे मोदी का प्रचार कर सकें। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के पास कांग्रेस-राकांपा गठबंधन के लिए मतदान कर सभी समस्याओं को दूर करने का मौका है।

हम एक ऐसी सरकार लाएंगे जो गरीबों, किसानों, छोटे और मझोले कारोबारियों के लिए काम करेगी। वर्धा जिले के आर्वी में एक रैली में गांधी ने मोदी सरकार पर मनरेगा, आरटीआई कानून, भोजन का अधिकार और भूमि अधिग्रहण कानून समेत संप्रग सरकार की सभी गरीब समर्थक योजनाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा ने मनरेगा का मजाक उड़ाया जिसने अर्थव्यवस्था को गति दी थी। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि जीएसटी का मकसद छोटे और मध्यम उद्योगों को खत्म करना है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में इसे न होने दें। इसे यहीं पर रोक दें।

## कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति की आज हो सकती है बैठक

एजेंसी। नई दिल्ली

**कैबिनेट** की राजनीतिक मामलों की समिति (सीसीपीए) की बैठक बुधवार को हो सकती है जिसमें संसद के शीतकालीन सत्र की तिथियों के बारे में विचार विमर्श किया जा सकता है। सूत्रों ने इस अशय की जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि सरकार सत्र के दौरान दो महत्वपूर्ण अध्यादेशों को कानून में बदलना चाहती है। एक अध्यादेश सितंबर में जारी किया गया था जिसमें आयकर अधिनियम 1961 और वित्त अधिनियम 2019 में संशोधन किया गया था। दूसरा अध्यादेश ई सिगरेट पर प्रतिबंध से जुड़ा है। सीसीपीए की बैठक शाम को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर होगी जो इस समिति के अध्यक्ष हैं। पिछले कुछ वर्षों में संसद के शीतकालीन सत्र की बैठक नवंबर के अंतिम सप्ताह से शुरू होकर जनवरी के पहले सप्ताह तक चली है।



अमृतसर में सिख गुरु रामदास की 485वीं जन्मदिवस के अवसर पर स्वर्ण मन्दिर परिसर में बने तालाब में स्नान करते हुए श्रद्धालु

## पाकप्रायोजित आतंकवाद, जिहादी गतिविधियां सबसे बड़ी बाहरी सुरक्षा चुनौतियांः रेड्डी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद एवं जिहादी गतिविधियां देश के लिए सबसे बड़ी बाहरी सुरक्षा चुनौतियां हैं। रेड्डी ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा आयोजित आतंकवाद निरोधक दस्तों (एटीएस) के प्रमुखों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद देश के लिए एक बड़ी चुनौती है, किसी भी सभ्य समाज के लिए एक अभिशाप है और आधुनिक विकास के लिए सबसे बड़ी बाधा है।

पाक प्रायोजित सीमा-पार से आतंकवाद और जिहादी आतंकवाद भारत के लिए सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौतियां हैं, लेकिन देश हमेशा ऐसी चुनौतियों से निपटने में सक्षम रहा है। दशकों से भारत ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और मोदी सरकार आतंकवाद का पूरी तरह सफाया करने के लिए कृत संकल्प है।

पंजाब, पूर्वोत्तर, कश्मीर और वाम चरमपंथ से प्रभावित देश के कुछ हिस्सों में शांति लाने में सुरक्षाबलों की सफलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतंत्र का आतंकवाद की बुराई से लड़ने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय का सहयोग करना कर्तव्य है।

आतंकवाद को परास्त करने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे और मानव संसाधन के साथ मजबूत कानूनी ढांचे का भी आह्वान किया और आतंकवाद निरोधक कानूनों में एवं एनआईए कानून में जरूरी संशोधनों के साथ कानूनी ढांचा को मजबूत बनाए जाने का उल्लेख किया। रेड्डी ने कहा कि कश्मीर भारत में रहने के बावजूद विध्वंसकारी एवं अलगाववादी गतिविधियों के चलते अलग संप्रभु राज्य की तरह बर्ताव कर रहा था। सरकार ने अनुच्छेद 370 खत्म कर जम्मू कश्मीर का भारत में विलय किया और सीमापार आतंकवाद को कुचलने में सफलता पाई। मंत्री ने कहा कि कट्टरता, अलगावादी आंदोलन, चरमपंथ, सांप्रदायिकता और माओवादी हिंसा देश के समक्ष बड़ी अंदरूनी सुरक्षा चुनौतियां हैं।

## दो महिला आरोपियों की लिखावट और आवाज के नमूने लेने की मंजूरी दी गई

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के बहुचर्चित मोहपाश (हनी ट्रैप) मामले में मंगलवार को एक स्थानीय अदालत ने पुलिस को इस हाई-प्रोफाइल सेक्स स्कैंडल की दो महिला आरोपियों की लिखावट और आवाज के नमूने लेने की अनुमति दे दी। दोनों आरोपी मामले के चार अन्य आरोपियों के साथ न्यायिक हिरासत के तहत जेल में बंद हैं। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) मनीष भट्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पुलिस को अनुमति दी कि वह जिला जेल जाकर आरती दयाल (29) और श्वेता विजय जैन (39) की लिखावट और आवाज के नमूने ले सकती है।

आरती के खिलाफ आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर कुछ आपत्तिजनक वीडियो क्लिप वायरल करने की धमकी देते हुए इंदौर नगर निगम के अधीक्षण इंजीनियर हरभजन सिंह (60) से फोन पर तीन करोड़ रुपए की मांग की थी। सिंह ने बातचीत की इसी रिकॉर्डिंग के बूते मामले में पिछले महीने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सूत्रों ने बताया कि अदालत की मंजूरी के बाद आरती की आवाज का नमूना लिया जाएगा और जांच के जरिए इसका उस महिला स्वर से मिलान किया जाएगा जिसकी बातचीत की रिकॉर्डिंग नगर नगम अधिकारी ने पुलिस को सौंपी है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में पेश आवेदन के मुताबिक आरती और श्वेता विजय जैन से जब्त दस्तावेजों और डायरी में शिकायतकर्ता (सिंह) और अन्य लोगों से कथित तौर पर की गई जबरिया उगाही तथा ऐसी उगाही के प्रयास से जुड़ी धनराशि के विवरण दर्ज किए गए हैं। लिहाजा इन दस्तावेजों की जांच के लिए दोनों आरोपियों की लिखावट का नमूना लिया जाना भी जरूरी है।

उधर, बचाव पक्ष के वकीलों ने अदालत में इस अर्जी पर जोरदार आपत्ति जताई। उन्होंने बहस के दौरान कहा कि अभियोजन पक्ष को खुलासा करना चाहिए कि ए अन्य लोगै कौन हैं, क्योंकि मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के कई दिन बाद भी सिंह के अलावा किसी दूसरे शिकायतकर्ता या पीड़ित व्यक्ति का नाम जाहिर नहीं किया गया है। बचाव पक्ष के वकीलों ने बहस में कहा कि अभियोजन पक्ष मामले की सुनवाई को बिना किसी ठोस आधार के लम्बा खींचने का प्रयास कर रहा है। नगर निगम अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने 19 सितंबर को मोहपाश गिरोह का औपचारिक खुलासा किया था। आरती और श्वेता विजय जैन समेत गिरोह की पांच महिलाओं और उनके वाहन चालक को भोपाल और इंदौर से गिरफ्तार किया गया था। गिरोह पर आरोप है कि वह खुफिया कैमरों से अंतरंग पलों के वीडियो बनाकर अपने शिकारौं को इस आपत्तिजनक सामग्री के बूते ब्लैकमेल करता था।

## मप्र में इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2019 को दी मंत्रिपरिषद ने मंजूरी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश मंत्रिपरिषद ने शहरी सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ बनाने और शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से मंगलवार को मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2019 को मंजूरी दी है। मध्य प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री जयवर्द्धन सिंह ने मंत्री परिषद की बैठक के बाद बताया, मुख्यमंत्री कमलनाथ की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2019 को अनुमोदन प्रदान किया गया। शहरी सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ बनाने और शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करने तथा गैर पेट्रोलियम वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस नीति में चार्जिंग, अधोसंरचना विकास और इलेक्ट्रकि वाहन और उसके घटकों के निर्माण पर छूट का प्रावधान है। सिंह ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर मोटर व्हीकल टैक्स एवं रजिस्ट्रेशन टैक्स में शत-प्रतिशत रियायत प्रदान की जाएगी। प्रथम पाँच वर्षों में नगरीय निकायों के अधीनस्थ संचालित पार्किंग में शत-प्रतिशत रियायत का प्रावधान भी है। इसके साथ ही इंजीनियरों और टेक्नीशियनों को प्रशिक्षित कर नए रोजगार सृजित किए जाएंगे।




पटना में प्लास्टिक के इस्तेमाल के विरोध में लोगों को जागरूक करते हुए पटना विश्वविद्यालय की छात्राएं

## पांच जिलों में सहायक आबकारी आयुक्त खरे के ठिकानों पर लोकायुक्त के छापे

एजेंसी। भोपाल

**मध्य प्रदेश** की लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को इंदौर में तैनात सहायक आबकारी आयुक्त आलोक कुमार खरे के भोपाल समेत प्रदेश के पांच जिलों में स्थित सात ठिकानों पर एक साथ छापे मारे और कथित तौर पर उसके द्वारा अनुचित तरीके से कमाए गए 50 लाख रूपए कीमत के सोने सहित बड़ी तादाद में संपत्ति मिलने का खुलासा किया है। भोपाल की लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक इरमीन शाह ने बताया, हमने इंदौर में पदस्थ सहायक आबकारी आयुक्त आलोक कुमार खरे के भोपाल, छतरपुर, इंदौर, ग्वालियर और रायसेन जिलों के ठिकानों पर आज एक साथ छापे मारे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे एक दल ने खरे के भोपाल में होशंगाबाद रोड पर पॉश गोल्डन सिटी इलाके स्थित घर से 50 लाख रुपए कीमत का सोना एवं दो लाख रुपए मूल्य की चांदी बरामद की है।

इरमीन ने बताया कि विभाग के 50 से अधिक कर्मचारी छापेमारी की इस कार्यवाही में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हमें खरे के पास उसकी आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत मिली थी, जो उसने कथित तौर पर भ्रष्टाचार के जरिए से कमाई है। इरमीन ने बताया कि इस शिकायत पर जांच करने के बाद आज लोकायुक्त के दलों ने ए छापे मारे हैं। हमने उसके रायसेन जिले के दो फार्म हाउस सहित अन्य ठिकानों पर भी छापे मारे हैं।

उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और विस्तृत जांच जारी है। इरमीन ने बताया कि उसके ठिकानों पर छापे की कार्वाई जारी है और बुधवार तक यह पूरी होगी। उन्होंने कहा, छापेमारी के दौरान लोकायुक्त टीम ने खरे के ठिकानों से करोड़ों रूपए की चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज भी बरामद किए हैं, जो उसकी ज्ञात आय के स्रोतों से बहुत ज्यादा हैं।

इरमीन ने बताया, हालांकि यह बताना जल्दबाजी होगा कि उसके पास कुल कितने रूपए मूल्य की संपत्ति उसके आय के स्रोत से ज्यादा है। छापे की कार्वाई पूरी होने के बाद इसका आकलन किया जाएगा। वहीं, इंदौर से मिली रिपोर्ट के अनुसार खरे के इंदौर के एक फ्लैट में भी लोकायुक्त पुलिस छापे मारने गई, लेकिन इस फ्लैट में उसे ताला लगा हुआ मिला।

## 21 को मतदान से दो दिन पहले की अवधि में प्रसारित नहीं होंगे चुनावी सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के साथ विभिन्न राज्यों की विधानसभा एवं लोकसभा की कुछ सीटों के लिए 21 अक्टूबर को होने मतदान के दिन एग्जिट पोल और इससे 48 घंटे पहले की अवधि में किसी भी प्रकार के चुनावी सर्वेक्षणों के प्रसारण पर रोक लगाई है। निर्वाचन नियमों के हवाले से आयोग द्वारा जारी बयान के अनुसार 21 अक्टूबर को मतदान के दिन सुबह सात बजे से शाम साढ़े छह बजे तक मतदान की अवधि के दौरान एग्जिट पोल के प्रकाशन एवं प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस दिन हरियाणा और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के अलावा 17 राज्यों की 51 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीट (बिहार की समस्तीपुर और महाराष्ट्र की सतारा) पर उपचुनाव के लिए मतदान होगा। आयोग ने मतदान से 48 घंटे पहले किसी भी प्रकार के चुनावी सर्वेक्षण के किसी भी मीडिया माध्यम में प्रकाशन और प्रसारण पर भी रोक लगाई है। यह रोक चुनाव वाले क्षेत्रों में मतदान की प्रक्रिया पूरी होने तक जारी रहेगी। इसके अलावा राजनीतिक दलों पर आयोग की मीडिया कंटेंट प्रमाणन समिति की अनुमति के बिना महाराष्ट्र और हरियाणा में मतदान के दिन और इसके एक दिन पहले (20 और 21 अक्टूबर) अखबारों में प्रचार से जुड़े विज्ञापनों के प्रकाशन पर भी प्रतिबंध लगाया है।

## पेज एक का शेष

### अब आईपीएस ...

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए त्रिस्तीय फार्मूले पर काम किया है। प्रदेश के प्रत्येक जिले में पहले से प्रभारी मंत्री तैनात हैं। इसके अलावा वरिष्ठ आईएएस अधिकारी भी एक-एक जिले के प्रभारी हैं। इसी प्रकार योगी सरकार ने अब अपराध और कानून-व्यवस्था की बेहतरी के लिए प्रत्येक जिले में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को नोडल अधिकारी तैनात किया है। नोडल पुलिस अधिकारी बनाए गए आईपीएस अधिकारियों में डीजी से लेकर एडीजी, आईजी और डीआईजी स्तर तक के अधिकारी शामिल हैं। इस संबंध में मंगलवार को अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने आदेश जारी कर दिए हैं। इन नोडल पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वे जिलों में अपराध रोकने के लिए सुझाव दें और जिलों में तैनात अधिकारियों को समय-समय पर समीक्षा कर अपराध दुरुस्त करने के तरीके सुझाएं और उन्हें दिशा निर्देश दें। इसके साथ ही जिले के पुलिस अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी नोडल पुलिस अधिकारी सर्तक दृष्टि रखेंगे।

### पी. चिदंबरम को ...

वित्त मंत्री के खिलाफ 10 अक्टूबर को जारी पेशी वारंट को निरस्त करने या वापस लेने की उनकी याचिका को खारिज कर दिया। पूछताछ की मंजूरी का अदालती आदेश मिलने पर ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और विशेष सरकारी अभियोजक अमित महाजन ने 74 वर्षीय चिदंबरम से राउस एवेन्यू अदालत परिसर में उपलब्ध किसी जगह पर पूछताछ की अनुमति मांगी। जिस पर अदालत ने कहा कि यह उनकी (चिदंबरम) की गरिमा के विरुद्ध होगा कि उनसे यहां पूछताछ हो और उन्हें सार्वजनिक रूप से गिरफ्तार किया जाए। ईडी के रिमांड के आवेदन पर कोर्ट ने कहा कि यह आग्रह जल्दबाजी में किया गया है। इस पर तभी विचार किया जाएगा जब जांच एजेंसी मामले में चिदंबरम को गिरफ्तार करेगी। इससे पहले, सोमवार को दिल्ली की राउस एवेन्यू कोर्ट में चिदंबरम की ईडी कस्टडी मामले में सुनवाई पूरी हो गई थी और, अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था। प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट से कहा था कि मनी लॉँड्रिंग केस में उसे चिदंबरम को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की आवश्यकता है। इसका विरोध करते हुए चिदंबरम के वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि प्रवर्तन निदेशालय को चिदंबरम को कस्टडी में लेने की जरूरत नहीं है। सर्वोच्च अदालत में अपनी जमानत का अनुरोध करते चिदंबरम ने मंगलवार को कहा कि सीबीआई सिर्फ उन्हें अपमानित करने के लिए हिरासत में रखना चाहती है। न्यायमूर्ति आर भानुमति की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष चिदंबरम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि पूर्व वित्तमंत्री या उनके परिवार के सदस्यों पर ऐसा कोई आरोप नहीं है कि उन्होंने कभी इस मामले के गवाहों को प्रभावित करने या उनसे संपर्क करने का प्रयास किया हो। मामले में किसी प्रकार के आर्थिक नुकसान या धन हड़पने जैसा भी कोई आरोप नहीं है। दोनों अधिवक्ताओं ने कांग्रेस नेता की जमानत रद्द करने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के 30 सितंबर के फैसले के निष्कर्षों पर भी सवाल उठाए और कहा कि जमानत याचिका पर फैसला करते समय उसे मामले के गुण दोषों में नहीं जाना चाहिए था। न्यायालय ने कहा कि वह बुधवार को जांच ब्यूरो की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनेगा। पूर्व वित्त मंत्री ने इस मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार करने संबंधी उच्च न्यायालय के 30 सितंबर के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दे रखी है। चिदंबरम ने कहा है कि उन्हें लगातार जेल में बंद रखना सजा के रूप में है और अज्ञात व अपुष्ट आरोपों पर किसी व्यक्ति को उसकी स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जा सकता है। सीबीआई ने चिदंबरम को जमानत देने से इनकार करने संबंधी उच्च न्यायालय के उन निष्कर्षो को सोमवार को शीर्ष अदालत में चुनौती दी जिसमें कहा गया था कि कांग्रेसी नेता के भागने का खतरा नहीं है और वह साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ भी नहीं कर सकते हैं। हालांकि, गवाहों को प्रभावित करने संबंधी तीसरा बिन्दु उनके खिलाफ जाता है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने वित्त मंत्री के रूप में चिदंबरम के कार्यकाल के दौरान 2007 में आईएनएक्स मीडिया समूह को विदेश से 305 करोड़ रुपये के निवेश की विदेशी निवेश संवर्द्धन बोर्ड की मंजूरी में कथित अनियमित्ताओं के संबंध में 15 मई, 2017 को प्राथमिकी दर्ज की थी।इसके बाद, प्रवर्तन निदेशालय ने 2017 में ही मनी लांड्रिंग(धन शोधन) का मामला दर्ज किया था।

### कलाम व ...

बागडोर भाजपा के हाथ में होना। अवध क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी सतबीर सिंह राजू ने बताया कि सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश महामंत्री विद्यासागर सोनकर समेत कई अन्य संगठन के पदाधिकारियों ने जनसभा को संबोधित किया।

### कांग्रेस को ...

संकटमोचक भी माना जाता था। नेहरू-गांधी परिवार से उनकी करीबी को महज इस बात से समझा जा सकता है कि सांसद बने बिना भी उन्हें सरकार में मंत्री बनाया गया। रत्ना सिंह 1996, 1999 और 2009 में कांग्रेस से सांसद रही। उनके अचानक पार्टी छोड़ने के फैसले पर पार्टी कार्यकर्ता खासे निराश हैं। रत्ना सिंह को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी का करीबी माना जाता है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव में प्रतापगढ़ सीट पर प्रमोद तिवारी की मजबूत दावेदारी के बावजूद पार्टी ने रत्ना सिंह को टिकट दिया लेकिन उन्हें भाजपा के संगम लाल गुप्ता से हार का सामना करना पड़ा। रत्ना सिंह से पहले कांग्रेस और गांधी परिवार के खास रहे पूर्व सांसद व राजा अमेठी संजय सिंह और उनकी पत्नी अमिता सिंह भी भाजपा का दामन थाम चुकी हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली की सदर सीट से विधायक अदिति सिंह ने भी बगावती तेवर अपनाते हुए कांग्रेस के निर्णय के खिलाफ गांधी जयंती पर बुलाए गए राज्य सरकार द्वारा बुलाए गए विशेष सत्र में शामिल हो चुकी हैं। उनके भी भाजपा में शामिल होने की चर्चा है। रायबरेली के ही हरचंदपुर से कांग्रेस एमएलसी दिनेश सिंह भी भाजपा का दामन थाम चुके हैं। एक जमाने में गांधी परिवार के करीबी रहे दिनेश सिंह ने भाजपा के टिकट पर रायबरेली से सोनिया गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा था, जबकि उनके विधायक भाई राकेश सिंह भी लगातार बगावती तेवर अपनाए हुए हैं।

### कश्मीर में ...

को दो संघ शासित प्रदेशों में बांटने के विरोध में प्रदर्शन कर रही थीं। कश्मीर में सोमवार मध्याह्न को 72 दिनों बाद पोस्ट पेड मोबाइल सेवा बहाल कर दी गई थी जबकि इंटरनेट अभी भी बंद है। अधिकारियों ने बताया कि शाम 5 बजे एसएमएस सेवा बंद कर दी गई। सोमवार रात 8 बजे शोपियां जिले में दो आतंकवादियों ने राजस्थान के एक ट्रक ड्राइवर की गोली मारकर हत्या कर दी और एक बगीचे के मालिक पर हमला किया। पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम शरीफ खान है। हमलावर आतंकवादियों में एक पाकिस्तानी नागरिक शामिल है। आतंकवादियों का यह हताशा शीरमल गांव में किया गया क्योंकि घाटी में फलों के परिवहन में बढ़ोतरी देखी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि 25 लाख से अधिक प्रीपेड मोबाइल फोन और व्हाट्सएप्प समेत अन्य इंटरनेट सेवाएं फिलहाल बाधित रहेंगी। राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने सोमवार को कहा था कि इंटरनेट सेवाएं जल्दी ही बहाल की जाएंगी लेकिन सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार इसमें दो महीने का समय लग सकता है। उन्होंने कहा कि प्रीपेड सेवाओं पर फैसला अगले महीने लिया जा सकता है।

### ड्रग के ...

ने जोर देकर कहा कि सीजे हाउस संपत्ति पटेल परिवार ने 1963 में ग्वालियर के राज परिवार सिंधिया से खरीदी थी। इसे लेकर पटेल परिवार के भीतर विवाद पैदा हो गया और 1978 में मुकदमा दायर हुआ। इसके बाद से यह संपत्ति बॉम्बे हाई कोर्ट के कोर्ट रिसीवर के नियंत्रण में है। उनकी संपत्ति पर दो होटलों ने अतिक्रमण कर रखा है जिनमें से एक श्रीनिकेतन है जिसका मालिक एमके मोहम्मद है। कानूनी प्रक्रिया के दौरान मोहम्मद समझौते के लिए राजी हो गया और 1988 और 1990 में कानूनन यह संपत्ति हाजरा इकबाल मेमन के नाम हस्तांतरित कर दी। इस हस्तांतरण प्रक्रिया की मुंबई के उप रजिस्ट्रार कार्यालय में बाकायदा रजिस्ट्री कराई गई थी। पटेल ने बताया कि बॉम्बे हाईकोर्ट के 1997 के आदेश के मुताबिक, उन लोगों (पटेल परिवार) ने हाजरा के लिए वैकल्पिक आवास की व्यवस्था की थी। यह व्यवस्था वैसी ही थी जैसी कि टेल्को (अब टाटा मोटर्स) जैसे कुछ कॉरपोरेट घराने को मुहैया कराई गई थी। इस इमारत को बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की तरफ से असुरक्षित घोषित किया गया औक कोर्ट ने इसके पुनर्निमाण का आदेश दिया।

# भाजपा ने 2022 तक सबके लिए घर का किया वादा



पार्टी का घोषणापत्र जारी करते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फणनवीस, भाजपा के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व महाराष्ट्र भाजपाध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल

एजेंसी। मुंबई

**भाजपा ने** आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। इसमें अगले पांच वर्ष में राज्य की अर्थव्यवस्था एक हजार अरब तक पहुंचाने, पांच करोड़ रोजगार का सृजन करने और वर्ष 2022 तक सभी को घर देने का वादा किया है।

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यहां संकल्प पत्र जारी किया। मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, राज्य के पार्टी अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल तथा मुंबई इकाई के प्रमुख मंगल प्रभात लोढा मौजूद थे। घोषणा पत्र जारी करते हुए नड्डा ने फड़णवीस की प्रशंसा में कहा, मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र की राजनीतिक संस्कृति बदल दी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र राज्य को पहले भ्रष्टाचार से भरपूर कहा जाता था लेकिन अब इसे भ्रष्टाचार मुक्त कहा जाता है।उन्होंने कहा कि फड़णवीस ने राज्य को स्थाई सरकार दी है। राज्य की 288 विधानसभा सीटों पर 21 अक्टूबर को मतदान होना है।

# करजत जामखेड़: पवार के पौत्र का मुकाबला अनुभवी भाजपा नेता से

एजेंसी। जामखेड़

**अहमदनगर लोकसभा** के करजत जामखेड़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का प्रभुत्व रहा है और इस बार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने शरद पवार के पौत्र रोहित पवार को उतारा है जिससे मुकाबला रोचक हो गया है।

रोहित को मौजूदा विधायक तथा जल संरक्षण मंत्री राम शिंदे के खिलाफ उतारा गया है। अहमदनगर लोकसभा सीट पर प्रभुत्व को लेकर शरद पवार तथा जिले के राजनीतिक रूप से प्रभावशाली विखे–पाटिल परिवार के बीच द्वंद्व पहले से चलता आ रहा है।पवार ने तब अहमदनगर लोकसभा सीट को तत्कालीन कांग्रेस नेता राधाकृष्ण विखे पाटिल के बेटे सुजय के लिए छोड़ने से मना कर दिया था जिसके बाद सुजय भाजपा में शामिल हो गए और यहां से चुनाव जीत गए।चुनाव के दौरान सुजय को करजत जामखेड़ विधानसभा क्षेत्र से वोटों की बढ़त पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। भाजपा स्थानीय बनाम बाहरी के आधार पर रोहित के खिलाफ प्रचार कर रही है। शरद पवार के बड़े भाई अप्पासाहेब पवार के पौत्र रोहित भी मानते हैं कि उनकी लड़ाई मुश्किल है।उन्होंने कहा, इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दो रैलियों को संबोधित किया और भाजपा अध्यक्ष अमित शाह 19 अक्टूबर को रैली करने जा रहे हैं जिससे संकेत मिलता है कि भाजपा उम्मीदवार के लिए लड़ाई मुश्किल है।





भाजपा पिछले 25 साल से इस सीट पर जीत दर्ज करती आ रही है। 2014 के चुनाव में राम शिंदे ने 84,058 वोटों से जीत हासिल की थी। उस समय शिवसेना के उम्मीदवार ने अलग से किस्मत आजमाई थी और उसे 46,242 वोटों के साथ दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा था। राकांपा उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रह गए थे। रोहित पवार ने कहा कि वह पिछले छह महीने से क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं।उन्होंने कहा, इस क्षेत्र में 1995 से मतदाता भाजपा उम्मीदवार को चुनते आ रहे हैं। लांकि पार्टी ने क्षेत्र में कोई विकास नहीं किया है। जीत की संभावनाओं के सवाल पर रोहित ने माना कि लड़ाई कठिन है।अपने साथ बाहरी उम्मीदवार का ठप्पा लगा होने के बारे में पूछे जाने पर राकांपा उम्मीदवार ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल के पुणे के कोठरूद से

● रोहित पवार ने कहा कि वह पिछले छह महीने से क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं। उन्होंने कहा, इस क्षेत्र में 1995 से मतदाता भाजपा उम्मीदवार को चुनते आ रहे हैं

चुनाव लड़ने का उदाहरण दिया जो कोल्हापुर के रहने वाले हैं।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री को मुझे और चंद्रकांत पाटिल को साथ में रखना चाहिए और तब करजत जामखेड़ में मेरे बाहरी होने की बात करनी चाहिए। हालांकि भाजपा उम्मीदवार शिंदे ने विश्वास जताया कि वह इस बार हैट्रिक लगाएंगे।

उन्होंने कहा, मेरे खिलाफ कोई लहर नहीं है। मेरे विरोधी पैसों का इस्तेमाल कर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। शिंदे ने रोहित पवार से किसी तरह की चुनौती की बात को खारिज कर दिया। हालांकि स्थानीय भाजपा के कुछ नेता मानते हैं कि शिंदे की स्थिति इस बार कमजोर है।

# बिहार में महिला, शिशु पोषण स्तर में सुधार, बाल मृत्यु दर में कमी आई

रिपोर्ट का निष्कर्ष

एजेंसी। नई दिल्ली

**बिहार सरकार** के साथ बिल एंड मिलिंड गेट्स फाउंडेशन तथा प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल (पीसीआई) द्वारा महिलाओं एवं शिशुओं में पोषण के स्तर को बेहतर बनाने के लिए पिछले वर्षो में शुरू किए गए कार्यक्रम के कारण बाल मृत्यु दर में एक तिहाई कमी आई है।

बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन की भारत इकाई के प्रमुख (पोषण) डा. आलोक रंजन ने संवाददाताओं को बताया कि महिलाएं में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना हमारी योजना के केंद्र में है और इसके तहत बिहार के ग्रामीण क्षेत्र में जमीनी स्तर पर हमने खास पहल की और इसमें प्रदेश सरकार का भी सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि इसके तहत बिहार के हर जिले में हर महीने की सात तारीख को गोद भराई कार्यक्रम, हर महीने की 19 तरीख को अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है और महिलाओं को पोषण एवं पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी जाती है। पीसीआई के भारत में सहायक निदेशक इंद्रजीत चौधरी ने बताया कि महिलाओं को पोषण वाटिका लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत महिलाएं अपने घर के पास छोटी बाटिका तैयार करती है और उसमें साग सब्जी लगाती है। बिल एंड मिलिंड गेट्स फाउंडेशन तथा प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल ने इस बारे में एक अध्ययन किया है जिसमें महिला एवं बाल शिशु पोषण स्तर में सुधार का दावा किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि बिहार सरकार के साथ महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देते हुए लक्ष्यकेनद्रित प्रयास प्रारंभ किए गए थे और अब इसका प्रभाव दिखना शुरू हो गया है। पिछले कुछ वर्षो में राज्य में बाल मृत्यु दर में एक तिहाई की कमी आई है।

# सोशल मीडिया पर पुलिसकर्मियों की मांगें पोस्ट करने वाला कांस्टेबल निलंबित

एजेंसी। जबलपुर (मध्यप्रदेश)

**मध्य प्रदेश पुलिस** ने सोशल मीडिया पर पुलिस व्यवस्था में सुधार लाए जाने सहित पुलिसकर्मियों की विभिन्न मांगों को कथित तौर पर पोस्ट करने वाले अपने एक कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है।जबलपुर जिले के पुलिस अधीक्षक अमित सिंह ने मंगलवार को बताया, कांस्टेबल शुभम बाजपाई अपने मोबाइल नम्बर से सोशल मीडिया पर ग्रुप बनाकर पुलिस व्यवस्था में सुधार लाए जाने सहित पुलिसकर्मियों की विभिन्न मांगों को पोस्ट कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस कान्स्टेबल का यह कृत्य पुलिस आचरण के विपरीत है और उसके द्वारा की गई अनुशासनहीनता से पुलिस विभाग एवं शासन की छवि भी धूमिल हो रही है, जिसके चलते उसे सोमवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान यहां उसे पुलिस लाइन में अटैच किया गया है।सिंह ने बताया कि शुभम जबलपुर जिले की नुनसर पुलिस चौकी में पदस्थ था। वह फेसबुक, व्हाट्सऐप एवं ट्विटर पर पुलिस व्यवस्था में सुधार लाए जाने सहित पुलिसकर्मियों की विभिन्न मांगों को पोस्ट कर रहा था।

## अरूप कुमार गोस्वामी ने ली सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश पद की शपथ

**गंगटोक।** न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी ने मंगलवार को सिक्किम उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।उन्हें यहां न्यू राजभवन में राज्यपाल गंगा प्रसाद ने पद की शपथ दिलाई। गोस्वामी जस्टिस विजय कुमार बिष्ट की जगह लेंगे। गोस्वामी के शपथ ग्रहण समारोह में सिक्किम के मुख्यमंत्री पी एस तमांग, न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय और न्यायमूर्ति भास्कर राज प्रधान शामिल हुए।

## चाय पीने के बाद बेहोश हुए 14 लोग

**जयपुर।** राजस्थान में अलवर जिले के भिवाडी थाना क्षेत्र में सोमवार की रात चाय पीने के बाद कुछ महिलाओं समेत 14 लोग बेहोश हो गए जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अलवर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओमप्रकाश मीणा ने मंगलवार को बताया कि सोमवार की रात बाबा मोहनदास के मेले में आए 15 श्रृद्धालुओं ने एक थड़ी पर चाय पी थी। इसके बाद उन्होंने बेहोशी महसूस होने की शिकायत की। इन लोगों को भिवाड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया गया।

## मराठवाड़ा में 12 लाख लोगों के लिए भेजे गए 621 टैंकर पानी

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में बारिश की कमी के बाद पानी की समस्या दूर करने के लिए 621 टैंकर इस क्षेत्र में भेजे जा रहे हैं। इन टैंकरों से करीब 12 लाख लोगों को पानी मुहैया कराया जाएगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।औरंगाबाद संभागीय आयुक्त कार्यालय की ओर से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र के कई अन्य हिस्सों में अच्छी बारिश हुई लेकिन वर्षों से सूखे का सामना कर रहे मराठवाड़ा क्षेत्र में इस बार 25 फीसदी कम बारिश हुई है।आंकड़े में बताया गया है, पानी की कमी को देखते हुए क्षेत्र के चार जिलों में 621 टैंकर पानी भेजे गए हैं जिससे 531 बसावटों में राहत मिलेगी। इसमें कहा गया है कि इस क्षेत्र में रहनेवाले 12 लाख से ज्यादा लोग पानी की अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए टैंकर पर निर्भर है।बीड के कलेक्टर आस्तिक कुमार पांडे ने बताया कि उनका जिला सबसे ज्यादा प्रभावित है।

# भाजपा के नेताओं की भाषा तानाशाह जैसी: आम्बेडकर

एजेंसी। औरंगाबाद

**वंचित बहुजन** अघाडी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आम्बेडकर ने आरोप लगाया है कि चुनाव प्रचार में भाजपा नेता जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं वह तानाशाह जैसी है, जो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

आम्बेडकर ने भाजपा नीत सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का भी आरोप लगाया लेकिन कहा कि पैसा हथियाने का इसका तरीका पूर्व की कांग्रेस तथा राकांपा सरकार से अलग है।वीबीए के प्रमुख ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में सोमवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुस्लिम समुदाय से धर्मनिरपेक्ष ताकतों का समर्थन करने और वीबीए से मित्रता का नया अध्याय शुरू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता दावा कर रहे हैं कि राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से वह करीब 240 सीटें जीतेंगे। आम्बेडकर के कहा, उन्हें लगता है कि वे कभी सत्ता से बाहर नहीं होंगे, लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि यह मतदाता है जो सरकार का निर्णय करता है, न कि राजनीतिक दल।

नेता ने कहा, भाजपा नेता अपने प्रचार में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं वह तानाशाह जैसी है और लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। उन्होंने भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह भी पूर्व की सरकार की भांति भ्रष्टाचार में शामिल है, बस उनका धन हथियाने का तरीका पूर्ववर्ती सरकार से भिन्न है।उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क नेटवर्क बढ़ाने के लिए शुरू की गई परियोजनाएं सरकार के लिए धन जुटाने का माध्यम है। आम्बेडकर ने ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पर भी निशाना साधा। एआईएमआईएम ने पिछले माह पार्टी से संबंध समाप्त कर लिए थे।




नई दिल्ली में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलने के बाद पत्रकारों से मुखातिब होते पश्चिम बंगाल से आये भाजपा नेताओं के साथ कैलाश विजयवर्गीय

## सरकार का यकीन विचारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में : येचुरी

**नई दिल्ली।** माकपा महासचिव सीताराम एचुरी ने मोदी सरकार पर विचारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और शिक्षण संस्थाओं पर हमलों में यकीन करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि ऐसे माहौल को बढ़ावा दिया जा रहा है जो आलोचनात्मक विचारों को नष्ट करता हो। एचुरी ने देश में विपरीत विचारधारा वाले लोगों के लिए बार बार खतरे उत्पन्न किए जाने का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा, आरएसएस भाजपा की सरकार विचारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और विश्वविद्यालयों पर हमले कराने में यकीन करती है। इस सरकार ने ऐसा वातावरण तैयार किया है जिसमें विरोधी विचारों को नष्ट किया जा रहा है। हमारा संविधान वैचारिक स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन यह बात भाजपा आरएसएस की सरकार के लिए संकट उत्पन्न करती है। जेएनयू के पूर्व छात्र अभिजीत बनर्जी को अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दिए जाने और आर्थिक मंदी से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एचुरी ने कहा कि सरकार को गरीबों के भरण पोषण के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली को दुरुस्त बनाने पर प्राथमिकता के साथ ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा, पहले अपने नागरिकों का भरण पोषण सुनिश्चित हो।

# उपचुनाव में भारी बहुमत से जीतेगी कांग्रेस : पायलट

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान के** उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मंगलवार को फिर दोहराया कि राज्य की दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से जीतेगी।कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पायलट ने यहां संवाददाताओं से कहा, दोनों विधानसभा क्षेत्रों में संगठन पूरी ताकत से लगा हुआ है। और सरकार ने जो काम किए हैं... अंततः इन दोनों चुनाव में सरकार के काम की परीक्षा ली जाएगी और हमारी सरकार व पार्टी इस परीक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, दोनों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से जीतेगी। पायलट ने कहा पांच साल जब हम विपक्ष में थे तो लगभग हर उपचुनाव हमने जीता था तो कोई कारण नहीं है कि इस बार हम सरकार में हैं और उपचुनाव नहीं जीत पाएं।



उल्लेखनीय है कि राजस्थान की खींवसर और मंडावा विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव 21 अक्टूबर को होगा। कांग्रेस ने मंडावा में रीटा चौधरी को और खींवसर में हरेंद्र मिर्धा को प्रत्याशी बनाया है।पायलट ने कहा कि सरकार बनने के बाद हमारी सबसे पहली और सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता जनता के जीवन को बेहतर बनाना है।

## तीन बच्चों के साथ महिला ने कुएं में कूदकर दी जान

एजेंसी। सरायकेला

● पुलिस ने बताया कि सोमवार रात को महिला और उसके पति का किसी घरेलू मामले को लेकर झगड़ा हुआ था

**झारखंड** के सरायके ला–खरसावां जिले में एक महिला ने कथित तौर पर अपने तीन बच्चों को कुएं में फेंकने के बाद कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी। मंगलवार को पुलिस ने बताया कि सोमवार रात को महिला और उसके पति का किसी घरेलू मामले को लेकर झगड़ा हुआ था। पुलिस अधिकारी ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के हवाले से बताया कि सोमवार देर रात महिला ने कूदने से पहले अपने एक साल के जुड़वां बेटों और तीन साल की बेटी को कुएं में फेंक दिया।कुचाई पुलिस स्टेशन के अधिकारी उदय गुप्ता ने बताया कि मंगलवार सुबह कुचाई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत इचाडीह गांव में कुएं से सभी चार शव बरामद कर लिए गए।

## भाजपा के शिष्टमंडल ने राष्ट्रपति से पश्चिम बंगाल में हस्तक्षेप की मांग की

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में तृणतूम कांग्रेस के शासनकाल में संवैधानिक व्यवस्था टूटने का आरोप लगाते हुए भाजपा के एक शिष्टमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मुलाकात की और इस संबंध में हस्पक्षेप करने का आग्रह किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकुल राय ने कहा कि 2018 के पंचायत चुनाव से लेकर अब तक राज्य में पार्टी से जुड़े 89 लोग मारे जा चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि इस वर्ष मई में लोकसभा चुनाव के बाद से ही 35 लोग मारे गए हैं। राय ने बताया कि ममता बनर्जी नीत सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ फर्जी मामले दर्ज कर रही है जिसमें से अधिकांश मामले मादक पदार्थ रखने के हैं। उन्होंने दावा किया कि 20 हजार लोगों को जेल में बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अराजक स्थिति है और कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। राज्य में संवैधानिक व्यवस् ध्वस्त हो चुकी है और हम इस संबंध में राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग करते हैं।

# सुनवाई से जज को हटाने के लिए सोशल मीडिया में अभियान पर कोर्ट सख्त

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने भूमि अधिग्रहण कानून के प्रावधानों की व्याख्या के लिए गठित संविधान पीठ से हटाने के लिए सोशल मीडिया और खबरों में चलाए जा रहे अभियान पर मंगलवार को नाराजगी व्यक्त की और कहा कि यह किसी न्यायाधीश विशेष के खिलाफ नहीं बल्कि संस्थान की छवि धूमिल करने का प्रयास है। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा भूमि अधिग्रहण कानून के प्रावधानों की व्याख्या के लिए गठित पांच सदर्स्यीय संविधान पीठ की अध्यक्षता कर रहे हैं। किसानों के संगठन सहित कुछ पक्षकारों ने न्यायिक नैतिकता के आधार पर न्यायमूर्ति मिश्रा से सुनवाई से हटने का अनुरोध करते हुए कहा है कि संविधान पीठ उस फैसले के सही होने के सवाल पर विचार कर रही है जिसके लेखक वह खुद हैं। शीर्ष अदालत ने पिछले साल छह मार्च को कहा था कि समान सदस्यों वाली उसकी दो अलग–अलग पीठ के



भूमि अधिग्रहण से संबंधित दो अलग–अलग फैसलों के सही होने के सवाल पर वृहद पीठ विचार करेगी। न्यायमूर्ति मिश्रा ने मंगलवार को इस प्रकरण की सुनवाई के दौरान कहा, यदि इस संस्थान की ईमानदारी दांव पर होगी तो मैं त्याग करने वाला पहला व्यक्ति हाऊंगा। मैं पूर्वाग्रही नहीं हूं और इस धरती पर किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होता हूं। यदि मैं इस बात से संतुष्ट होऊंगा कि मैं पूर्वाग्रह से

● उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अरुण मिश्रा को भूमि अधिग्रहण कानून के प्रावधानों की व्याख्या के लिए गठित संविधान पीठ से हटाने के लिए सोशल मीडिया पर कुछ लोग चला रहे हैं अभियान

प्रभावित हूं तो मैं स्वयं ही इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लूंगा। उन्होंने पक्षकारों से कहा कि वह उन्हें इस बारे में संतुष्ट करें कि उन्हें इस प्रकरण की सुनवाई से खुद को क्यों अलग करना चाहिए।

न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहाकि यदि मैं सोचूंगा कि मैं बाहरी तथ्यों से प्रभावित हो सकता हूं तो मैं सुनवाई से हटने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि सवाल यह है कि क्या हम संविधान पीठ में बैठ सकते हैं, हालांकि हमने ही इस मामले को वृहद पीठ के पास भेजा था। यह फैसले के खिलाफ अपील नहीं है जिसका मैं एक हिस्सा था। मैं अपना दृष्टिकोण बदल सकता हूं या इसमें सुधार कर सकता हूं, यदि मुझे इसके लिए राजी किया जाए। इससे पहले, सुनवाई शुरू होते ही कुछ पक्षकारों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि पांच सदर्स्यीय संविधान पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश ने उस निर्णय पर हस्ताक्षर किए थे जिसके सही होने के मुद्दे पर यह पीठ विचार कर रही है, इसमें पक्षपात का तत्व हो सकता है। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यामयूर्ति इन्दिरा बनर्जी, न्यायमूर्ति विनीत सरन, न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति एस रवीन्द्र भट्ट शामिल हैं। न्यायमूर्ति मिश्रा वह फैसला सुनाने वाली पीठ के सदस्य थे जिसने कहा था कि सरकारी एजेन्सियों द्वारा किया गया भूमि अधिग्रहण भू स्वामी द्वारा मुआवजे की राशि स्वीकार करने मे पांच साल तक का विलंब होने के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता।

## उच्च अदालतों में रिक्त पदों की संख्या बढ़ती जा रही है : कानून मंत्रालय

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** न्यायाधीशों की अपनी पूर्ण क्षमता के साथ काम कर रहा है जबकि देश की 25 उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के रिक्त पदों की संख्या बढ़ती जा रही है। कानून मंत्रालय के हालिया डेटा में यह जानकारी निकल कर सामने आई है। ए आंकड़े मंत्रालय ने एक अक्टूबर को जारी किए थे, जो दिखाते हैं कि उच्च न्यायालयों में 420 न्यायाधीशों की कमी है, जो इस वर्ष अब तक सर्वाधिक है। गत एक अक्टूबर तक उच्च अदालतों में 659 न्यायाधीशों थे जबकि कुल मंजूर पद 1079 हैं। सितंबर में, 25 उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के 414 पद रिक्त थे। अगस्त में यह आंकड़ा 409 था और जुलाई में 403। उच्च न्यायालयों में 43 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए उच्चतम न्यायालय का तीन सदर्स्यीय कोलेजियम उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश करता है। इसके बाद, उच्च न्यायालय का कोलेजियम संबंधित उच्च न्यायालयों के लिए उम्मीदवारों के नामों को शॉर्ट लिस्ट करता है और उन चयनित नामों को कानून मंत्रालय के पास भेज देता है। मंत्रालय खुफिया ब्यूरो से उन लोगों की पृष्ठभूमि की जांच करवाने के बाद अंतिम निर्णय के लिए इसे उच्चतम न्यायालय के कोलेजियम में भेज देता है। न्याय विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में उच्च न्यायालयों में रिक्त पदों की संख्या 392 थी। सितंबर में चार नए न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की कुल संख्या 34 तक पहुंच गई जो सर्वाधिक है।

# तुर्क बलों की कार्रवाई का कुर्द ने दिया जवाब सीमावर्ती शहर पर अपना प्रभुत्व किया कायम

● अमेरिका के अपने नाटो सहयोगी (तुर्की) पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद भी अंकारा ने पीछे हटने के कोई संकेत नहीं दिए हैं



तुर्की के बलों द्वारा मंगलवार को बमबारी के कारण सीरिया के रास-अल-अयन में धुएं और धूल निकालते हुए

एजेंसी। तल तमर (सीरिया)

**उत्तरपूर्वी** सीरिया में तुर्की की सैन्य कार्रवाई के बीच कुर्द बलों ने सीमावर्ती शहर पर अपना प्रभुत्व कायम कर लिया है। अमेरिका के अपने नाटो सहयोगी (तुर्की) पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद भी अंकारा ने पीछे हटने के कोई संकेत नहीं दिए हैं। वहीं सुरंगों, मुंडेरों और खाइयों के घने नेटवर्क का उपयोग करते हुए, सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एसडीएफ) के कुर्द लड़ाके रास-अल-ऐन की रक्षा कर रहे हैं।

ब्रिटेन स्थित सीरियन आब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि उन्होंने रास-अल-ऐन के पास तुर्क बलों और उनके सीरियाई समर्थकों के खिलाफ एक व्यापक अभियान चलाया। उल्लेखनीय है कि तुर्की नौ अक्टूबर से कुर्द लड़ाकों की अगुवाई वाले सीरियाई लोकतांत्रिक बलों (एसडीएफ) को निशाना बना रहा है लेकिन रास-अल-ऐन पर कुर्दों का वर्चस्व कायम है। इलाके में एएफपी के एक संवाददाता ने बताया कि शहर के आसपास संघर्ष मंगलवार को जारी है, जबकि तुर्की ने हाल ही में यह दावा किया था कि उसने इलाके पर कब्जा कर लिया है।

सीरिया से अपने सैनिकों को वापस बुलाने के अमेरिका के फैसले के बाद तुर्की ने बुधवार को सीमा पर कुर्द लड़ाकों पर हमला किया था। सांसत से घिरे तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन सीरिया से लगती अपनी सीमा पर 30 किलोमीटर गहरा बफर जोन बनाना चाहते हैं। वह एसडीएफ को दूर रखना चाहते हैं और तुर्की की धरती पर मौजूद 36 लाख अरब सीरियाई शरणार्थियों के एक हिस्से के लिए एक पुनर्वास क्षेत्र बनाना चाहते हैं। सैन्य कार्रवाई में अभी तक कई लोग मारे गए हैं। जान गंवाने वाले अधिकतर कुर्द हैं। कम से कम 1,60,000 लोग विस्थापित हुए हैं। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उत्तरपूर्वी सीरिया में तुर्की की सैन्य कार्वाई के विरोध में तुर्क अधिकारियों के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए कहा कि यदि तुर्की तबाही की राह पर बढ़ता चला गया तो हम उसकी अर्थव्यवस्था को तेजी से बरबाद करने को तैयार है।


ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के साथ ही प्रशासन को तुर्की पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार दिया। वित्त मंत्रालय तुर्की के रक्षा मंत्री खुलूसी आकार, आंतरिक मंत्री सुलेमान सोयलू और ऊर्जा मंत्री फातिह डोनमेज़ को अपनी प्रतिबंध सूची में पहले ही डाल चुका है। वहीं ट्रम्प ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी को भेजे एक पत्र में तुर्की मामले को एक राष्ट्रीय आपदा बताया है। अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने भी कहा था कि वह अगले सप्ताह ब्रसेल्स में नाटो जाएंगे और तुर्की की कार्वाई के जवाब में गठबंधन के सदस्यों को सामूहिक तथा व्यक्तिगत कूटनीतिक और आर्थिक उपाय अपनाने के लिए कहेंगे। उन्होंने कहा, अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लगातार विरोध और आगाह किए जाने के बावजूद, तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने उत्तरी सीरिया में एकतरफा कार्रवाई के आदेश दिए जिससे जानमाल का व्यापक नुकसान, विनाश, असुरक्षा और अमेरिकी सैन्य बलों के लिए खतरा बढ़ा है।

वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रम्प से कहा है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) को फिर से अस्तित्व में आने से रोकने की अत्यंत आवश्यकता है। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि मैक्रों ने सोमवार शाम ट्रम्प को फोन कर चेताया कि क्षेत्र में सैनिकों को वापस बुलाने और उसके बाद कुर्दों के खिलाफ तुर्की के हमले ने आईएस के फिर से सिर उठाने के खतरे को बढ़ा दिया है। मैक्रों ने एर्दोआन और अपने इराकी समकक्ष बरहाम सालिह से भी बातचीत की। फ्रांस और अन्य देश इस बात से चिंतित हैं कि कुर्द अधिकारियों के कब्जे से आईएस सदस्य भाग सकते हैं और क्षेत्र में बने हालात का फायदा उठा सकते हैं।

## किसी भी आईएस आतंकी को सीरिया से भागने नहीं दिया जाएगा : एर्दोआन

**इस्तांबुल।** तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने मंगलवार को प्रकाशित एक संपादकीय में कहा कि इस्लामिक स्टेट के किसी भी आतंकी को उत्तरी सीरिया से भागने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने यह टिप्पणी क्षेत्र में अपने आक्रामक अभियान को लेकर पश्चिमी देशों की आशंका को लेकर व्यक्त की। एर्दोआन ने वाल स्ट्रीट जर्नल में लिखा, हम सुनिश्चित करेंगे कि आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट) का कोई भी लड़ाका उत्तर-पूर्वी सीरिया से भाग नहीं पाए। उन्होंने सीरिया में कुर्दों के खिलाफ तुर्की के अभियान के चलते बड़े पैमाने पर आतंकियों के भागने की पश्चिमी देशों की आशंका को पाखंड करार दिया। एर्दोआन ने कहा, जो देश आज आईएसआईएस से लड़ने के मुद्दे पर तुर्की को भाषण देते हैं, वही देश 2014 और 2015 में विदेशी आतंकवादियों की बाढ़ को रोकने में विफल रहे। अमेरिका ने तुर्की पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिए और उससे सैन्य अभियान बंद करने को कहा। इसने तुर्की पर आरोप लगाया कि उसका नाटो सहयोगी चरमपंथियों की रिहाई सुनिश्चित कर आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डाल रहा है। कुर्द अधिकारियों ने दावा किया है कि तुर्की के हमले ने उनके लिए अपने हिरासत केंद्रों की सुरक्षा को मुश्किल बना दिया है। उन्होंने कहा कि रविवार को आईएस आतंकियों के परिवारों के 800 सदस्य आइन इस्सा शिविर से भाग गए। वहीं, शुक्रवार को पांच आतंकी एक अन्य जेल से भाग गए। वहीं, तुर्की ने कहा है कि कुर्द बलों ने क्षेत्र में अफरातफरी उत्पन्न करने के लिए जानबूझकर कैदियों को छोड़ा है। आईएस आतंकियों के कुछ पारिवारिक सदस्यों ने भी समाचार एजेंसी के साथ बातचीत में इसी तरह का दावा किया। तुर्की ने कहा है कि वह क्षेत्र में सभी हिरासत केंद्रों का नियंत्रण अपने हाथ में लेगा।

# ब्रिटेन के शाही जोड़े ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति से की मुलाकात



एजेंसी। इस्लामाबाद

**ब्रिटेन** के युवराज विलियम और उनकी पत्नी केट मिडलटन ने अपनी पांच दिवसीय पाकिस्तान यात्रा के पहले दिन यहां देश के प्रधानमंत्री इमरान खान और राष्ट्रपति आरिफ अल्वी से मुलाकात की। डॉन न्यूज की खबर के अनुसार प्रधानमंत्री आवास में ड्यूक और डचेस ऑफ कैम्ब्रिज का खान ने स्वागत किया, जहां उनके लिए दोपहर के भोज का आयोजन किया गया था। इस बैठक से पहले, राष्ट्रपति अल्वी और उनकी पत्नी समीना आरिफ ने ऐवान-ए सदर में उनका स्वागत किया था।

राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति ने मानसिक स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और गरीबी उन्मूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों के लिए शाही जोड़े की सराहना की। ड्यूक ऑफ कैम्ब्रिज ने आवभगत के लिए राष्ट्रपति का शुक्रिया किया। शाही जोड़े ने जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और गरीबी को कम करने के लिए पाकिस्तान सरकार द्वारा की गई पहलों की सराहना भी की। दिन में सुबह नीले रंग का सलवार-कुर्ता पहने नजर आईं डचेस ऑफ कैम्ब्रिज यहां हरे रंग की पोशाक में पहुंचीं।

पाकिस्तान में ब्रिटिश उच्चायुक्त थॉमस ड्रियू, ड्यूक के निजी सचिव सिमन केस और ड्यूक और डचेस ऑफ कैम्ब्रिज के संचार सचिव क्रिश्चियन जोन्स शाही जोड़े के साथ मौजूद थे। इससे पहले दोनों यहां एक बालिका विद्यालय पहुंचे थे और छात्राओं से बातचीत की थी। ड्यूक और डचेस ऑफ कैम्ब्रिज सोमवार को इस्लामाबाद पहुंचे थे। 13 साल बाद कोई शाही परिवार यहां पहुंचा है। इससे पहले प्रिंस ऑफ वेल्स और डचेस ऑफ कॉर्नवेल कैमिला ने 2006 में देश का दौरा किया था। वहीं विलियम की मां राजकुमारी डायना 1990 में यहां आई थीं।

शाही जोड़ा आज इस्लामाबाद स्थित मॉडल कॉलेज फॉर गर्ल्स पहुंचा। यह स्कूल चार साल की बच्चियों से ले कर 18 वर्ष की युवतियों के लिए सरकार द्वारा चलाया जाता है। ब्रिटेन स्थित टीच फर्स्ट योजना पर आधारित टीच फॉर पाकिस्तान कार्यक्रम इसकी सहायता करता है। शाही जोड़ा स्कूल के विभिन्न हिस्सों में गया और गणित की एक कक्षा का भी निरीक्षण किया। स्कूल के ब्च्चों के साथ भी उन्होंने काफी गर्मजोशी से बात की। स्कूल के प्रशासन ने शाही दम्पति को स्कूल और पाकिस्तान में शिक्षा प्रणाली के बारे में बताया। अपने पांच दिवसीय दौरे पर दम्पति राजधानी इस्लामाबाद और लाहौर के अलावा उत्तरी क्षेत्रों और खैबर पख्तूनख्वा जाएंगे।


जियो न्यूज की खबर के अनुसार इसके बाद विलियम और केट हिमालय की गोद में बसे मार्गल्ला हिल्स भी जाएंगे। खबर के अनुसार, ड्यूक और डचेस ऑफ कैम्ब्रिज राष्ट्रपति आरिफ अल्वी और प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात करेंगे। वे ब्रिटिश उच्चायुक्त थॉमस ड्रियू द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। रावलपिंडी के नूर खान हवाईअड्डे पर विदेश मंत्री शाह मोहम्मद कुरैशी और उनकी पत्नी ने केट और विलियम का स्वागत किया था। केनसिंगटन पैलेस ने पिछले सप्ताह ड्यूक ऑफ कैम्ब्रिज विलियम की अपनी पत्नी केट मिडलटन के साथ 14 से 18 अक्टूबर की यात्रा को क्षेत्र में सुरक्षा चिंताओं के चलते सबसे जटिल बताया था। संडे टेलीग्राफ की खबर के मुताबिक 1,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी यात्रा के दौरान सुरक्षा में तैनात रहेंगे। भाषा निहारिका नरेश

# ट्रम्प ने तुर्की पर लगाए प्रतिबंध, कहा उसकी अर्थव्यवस्था को बरबाद कर देंगे

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उत्तरपूर्वी सीरिया में तुर्की की सैन्य कार्वाई के विरोध में तुर्की अधिकारियों के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए कहा कि यदि तुर्की तबाही की राह पर बढ़ता चला गया तो हम उसकी अर्थव्यवस्था को तेजी से बरबाद करने को तैयार है।

साथ ही कहा स्टील पर शुल्क बढ़ाते हुए अमेरिका ने 100 अरब डॉलर के व्यापार सौदे पर बातचीत भी बंद कर दी है। ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के साथ ही प्रशासन को तुर्की पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार दिया। वित्त मंत्रालय तुर्की के रक्षा मंत्री हुलसी अकार, आंतरिक मंत्री सुलेमान सोयलू और ऊर्जा मंत्री फातिह डोनमेज़ को अपनी प्रतिबंध सूची में पहले ही डाल चुका है। वहीं ट्रम्प ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी को भेजे एक पत्र में तुर्की मामले को एक राष्ट्रीय आपदा बताया है।



अमेरिका के सीरिया से अपने सैनिकों को वापस बुलाने के फैसले के बाद अंकारा ने बुधवार को सीमा पर कुर्द लड़ाकों पर हमला किया था। अमेरिका के इस कदम की रिपब्लिक पार्टी ने निंदा की थी और कुछ ने इसे कुर्द के प्रति विश्वासघात बताया था। ट्रम्प ने एक बयान में कहा, यह कार्यकारी आदेश मानवाधिकार के गंभीर हनन, संघर्ष विराम को बाधित करने, विस्थापित लोगों को घर लौटने से रोकने, शरणार्थियों को जबरन वापस उनके देश भेजने या सीरिया में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को खतरा पहुंचाने वालों के खिलाफ अमेरिका को कड़े प्रतिबंध लगाने का अधिकार देगा। उन्होंने कहा कि तुर्की की सैन्य कार्वाई आम नागरिकों को खतरे में डाल रही है और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा तथा स्थिरता को खतरा पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि वह तुर्की के अपने समकक्ष को यह पूरी तरह स्पष्ट कर चुके हैं कि उनकी कार्वाई एक मानवीय संकट पैदा कर रही है और युद्ध अपराध जैसे हालात पैदा कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा, अगर तुर्की के नेताओं ने खतरनाक और विनाशकारी मार्ग पर चलना जारी रखा, तो मैं उसकी अर्थव्यवस्था को तेजी से बरबाद करने को पूरी तरह तैयार हूं। उन्होंने बताया कि आदेश के तहत कई तरह की पाबंदियां लगाई जा सकती हैं जैसे आर्थिक पाबंदी, सम्पति की खरीद-ब्रिक्री पर रोक, अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध आदि। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका तुर्की से 100 अरब डॉलर के व्यापार सौद पर बातचीत भी तत्काल बंद कर देगा। स्टील पर शुल्क भी 50 प्रतिशत बढ़ा दिया जाएगा।

इस बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने एक बयान में कहा, जैसा कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट कर दिया है, उत्तरपूर्वी सीरिया में तुर्की की कार्रवाई डी-आईएसआईएस (आईएसआईएस को मात देने) के अभियान को नुकसान पहुंचा रही है, आम लोगों की जान को खतरे में डाल रही है और क्षेत्र में सुरक्षा को खतरा पहुंचा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तुर्की अपना अभियान जारी रखता है, तो यह संभावित विनाशकारी परिणामों के साथ एक बड़े और कठिन मानवीय संकट को जन्म देगा। पोम्पिओ ने तुर्की से उत्तरपूर्वी सीरिया में अपनी एकतरफा कार्वाई तत्काल रोकने की मांग की। साथ ही सुरक्षा के बारे में अमेरिका के साथ बातचीत वापस शुरू करने को कहा। उल्लेखनीय है कि तुर्की कुर्द लड़ाकों की अगुवाई वाले सीरियाई लोकतांत्रिक बलों (एसडीएफ) को निशाना बना रहा है जो इस्लामिक स्टेट समूह को हराने के पांच साल के अभियान में अमेरिका का प्रमुख सहयोगी रहा है।

## सऊदी और ईरान के बीच का तनाव कम करने के प्रयास के तहत रियाद जाएंगे इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान सऊद्दी अरब और ईरान के बीच के तनाव को कम करने के प्रयासों के तहत मंगलवार को रियाद जाएंगे। खान की रियाद की यह यात्रा तेहरान की उनकी यात्रा के दो दिन बाद हो रही है। रियाद नीत गठबंधन के 2015 में यमन पर हमलों की शुरूआत और 2016 में प्रमुख शिया धर्मगुरु को मृत्युदंड दिए जाने के बाद ईरान और सऊदी अरब के संबंधों में तनाव आ गया। इस वर्ष 14 सितंबर को सऊदी अरब के तेल प्रतिष्ठानों पर हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने ईरान के सर्वोच्च नेतृत्व के साथ 13 अक्टूबर को हुई बातचीत का प्रत्यक्ष तौर पर जिक्र करते हुए कहा , प्रधानमंत्री खान हाल ही में अन्य नेताओं के साथ हुई बातचीत के आलोक में सऊदी नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। कार्यालय ने कहा कि इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों और अन्य क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर भी चर्चा होगी। इस वर्ष खान की सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा है। इससे पहले उन्होंने मई और सितंबर में सऊदी अरब की यात्रा की थी। ईरान की यात्रा के दौरान खान ने राष्ट्रपति हसन रूहानी और सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खमनेई से मुलाकात की थी।

# परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी देने के खतरों को लेकर भारत ने चेताया

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

● एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति होने के नाते भारत का परमाणु सिद्धांत इन हथियारों का पहले प्रयोग नहीं करना और परमाणु हथियार रहित देशों के खिलाफ इसका इस्तेमाल नहीं करने का है

**जम्मू-कश्मीर** का विशेष राज्य का दर्जा हटाए जाने के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के दक्षिण एशिया में संभावित परमाणु युद्ध संबंधी बयान के कुछ दिनों बाद, भारत ने सीमा पार आतंकवाद को छुपाने के लिए देशों द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी देने के खतरों को लेकर चेताया। निरस्त्रीकरण सम्मेलन (सीडी) में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पंकज शर्मा ने कहा कि वैश्विक सुरक्षा हालात लगातार बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति होने के नाते भारत का परमाणु सिद्धांत इन हथियारों का पहले प्रयोग नहीं करना और परमाणु हथियार रहित देशों के खिलाफ इसका इस्तेमाल नहीं करने का है। उन्होंने निरस्त्रीकरण, वैश्विक चुनौतियों और शांति के लिए खतरों से निपटने वाली प्रथम समिति की आम बहस में सोमवार को कहा, वैश्विक सुरक्षा हालात लगातार बदल रहे हैं। कुछ ऐतिहासिक निरस्त्रीकरण संधियों एवं समझौतों के समाप्त होने और सीमा पार आतंकवाद को छुपाने के लिए देशों द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी देने से पैदा होने वाले खतरों और परमाणु सीमा के कम होने की चिंता है।

शर्मा का यह बयान ऐसे समय में आया है जब कुछ ही दिन पहले खान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 74वें सत्र में पहली बार भाषण दिया और 50 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने आधा समय भारत और कश्मीर पर ही बात की। भारत ने इसका कड़ा जवाब देते हुए कहा था कि परमाणु विध्वंस की धमकी अस्थिरता का सूचक है, न कि शासन कला की।

जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को पांच अगस्त को हटाए जाने के बाद से पाकिस्तान कश्मीर मामले का अंतरराष्ट्रीयकरण करने की कोशिश कर रहा है, जबकि भारत का कहना है कि यह भारत का आंतरिक मामला है और पाकिस्तान को हकीकत स्वीकार कर लेनी चाहिए। भारत ने साथ ही कहा है कि कश्मीर मामले में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की कोई आवश्यकता नहीं है। शर्मा ने कहा कि निरस्त्रीकरण तंत्र उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया, जैसा कि निरस्त्रीकरण सम्मेलन (सीडी) में दो दशकों से अधिक समय से बरकरार गतिरोध और इस साल सत्र आयोजित करने में संयुक्त राष्ट्र निरस्त्रीकरण आयोग की असमर्थता से स्पष्ट है। उन्होंने कहा, हां, वार्ता एवं सहयोग के मूल्यों में हमारे बुनियादी भरोसे के कारण उम्मीद कायम है।

शर्मा ने कहा कि निरस्त्रीकरण सम्मेलन कार्य संबंधी कार्यक्रम पारित करने में इस साल असफल रहा। उन्होंने कहा कि ऐसा राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव और विभाजनकारी नीतियों के कारण हुआ। इसके लिए प्रक्रिया के नियमों में कमी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। शर्मा ने कहा, हमें एकमात्र निरस्त्रीकरण वार्ता मंच के रूप में सीडी को बचाए रखने और इसके जनादेश के अनुसार ठोस काम करने की आवश्यकता है। भारत सीडी के एजेंडे के सभी मूल मामलों पर साथी सदस्यों के साथ काम करने को तैयार है। नई दिल्ली ने 2006 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में जमा कराए गए परमाणु निरस्त्रीकरण कार्य पत्र की रूपरेखा के अनुसार चरणबद्ध तरीके से परमाणु हथियारों को पूर्णत: नष्ट करने की भी अपील की।

## क्विक न्यूज

### मैक्रों ने ट्रम्प को आईएस के दोबारा अस्तित्व में आने को लेकर किया आगाह

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रो ने सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रम्प से कहा है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) जिहादी समूह को फिर से अस्तित्व मे आने से रोकने की अत्यंत आवश्यकता है। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि मैक्रों ने सोमवार शाम ट्रम्प को फोन कर चेताया कि क्षेत्र में सैनिकों को वापस बुलाने और उसके बाद कुर्दों के खिलाफ तुर्की के हमले ने आईएस के फिर से सिर उठाने के खतरे को बढ़ा दिया है। फ्रांस के नेता ने तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन और अपने इराकी समकक्ष बरहाम सालिह से भी बातचीत की। फ्रांस और अन्य देश इस बात से चिंतित है कि कुर्द अधिकारियों के कब्जे से आईएस सदस्य भाग सकते है और क्षेत्र मे बने हालात का फायदा उठा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि तुर्की कुर्द लड़ाकों की अगुवाई वाले सीरियाई लोकतांत्रिक बलों (एसडीएफ) को निशाना बना रहा है जो इस्लामिक स्टेट समूह को हराने के पांच साल के अभियान मे अमेरिका का प्रमुख सहयोगी रहा है।

### अफगानिस्तान में चुनाव प्रचार के दौरान हिंसा में 85 आम लोग मारे गए

**काबुल।** संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने कहा है कि अफगानिस्तान मे हाल मे राष्ट्रपति चुनाव से संबंधित हिसा मे सैकड़ो लोग मारे गए या घायल हो गए। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने अपनी रिपोर्ट मे कहा कि आठ जून से लेकर 30 सितंबर तक चुनावी हिंसा मे 85 लोग मारे गए और 373 अन्य घायल हो गए। चुनाव के दिन हुई हिंसा मे 28 आम लोग मारे गए और 249 अन्य घायल हो गए। हताहतों मे एक तिहाई से अधिक बच्चे थे। मृतकों की संख्या काफी अधिक होने के बावजूद अफगान सुरक्षाबलों ने चुनावी दिन को एक बड़ी सफलता बताया और कहा कि तालिबान कोई ऐसा बड़ा हमला करने में विफल रहा जो सुर्खियां बनता। रिपोर्ट में कहा गया कि तालिबान ने ज्यादातर हमलों मे रॉकेटों, ग्रेनेडो और मोर्टार का इस्तेमाल किया। चुनाव केंद्रों और स्कूलों को निशाना बनाने के लिए देसी बमों तक का इस्तेमाल किया गया।

### कोलम्बस दिवस पर कोलम्बस की प्रतिमाओं के साथ छेड़छाड़

**प्रोविडेंस।** अमेरिका में कोलम्बस दिवस पर क्रिस्टोफर कोलम्बस की प्रतिमाओं पर लाल रंग डालकर और उनपर 15वी सदी के इस इतालवी नाविक के खिलाफ संदेश लिखकर छेड़छाड़ की गई। रोड आइलैंड के प्रोविडेंस मे कोलम्बस की एक प्रतिमा पर सोमवार को लाल रंग डालकर उस पर नरसंहार का जश्न मनाना बंद करो का संदेश लिखा था।

# ब्रेक्जिट समझौता इस सप्ताह होने की संभावना : बार्नियर

एजेंसी। लक्जमबर्ग

**ब्रेक्जिट** के लिए यूरोपीय संघ के वार्ताकार मिशेल बार्नियर ने मंगलवार को कहा कि ब्रिटेन के साथ समझौता इस सप्ताह हो सकता है, लेकिन उन्होंने आगाह भी किया कि अभी और जटिल वार्ताओं की आवश्यकता है। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के अधिकारी बृहस्पतिवार को शुरू हो रही ईयू नेताओं की शिखर वार्ता से पहले ब्रेक्जिट पर समझौता करने की कोशिश में लगे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन 31 अक्टूबर तक ब्रिटेन को यूरोपीय संघ से अलग करने के अपने वादे पर कायम हैं।

ब्रिटेन के साथ जारी वार्ता पर ईयू देशों को जानकारी देने के लिए यहां पहुंचे बार्नियर ने कहा, यह कवायद सप्ताहांत तथा कल और तेज हो गई। हालांकि समझौता मुश्किल होगा- सच कहूं तो बहुत मुश्किल होगा- इसके बावजूद इस सप्ताह यह संभव है। उन्होंने कहा, जाहिर है कोई भी समझौता सभी के लिए होना चाहिए- पूरे ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के लिए। मैं बता दूं कि यह वक्त अच्छे इरादों को कानूनी रूप देने का है। ब्रिटेन के बिना किसी समझौते के यूरोपीय संघ से अलग होने की चिंताओं के बीच पिछले कुछ दिनों से उम्मीद जगी है कि कोई समझौता हो सकता है। हालांकि अभी तक कोई निर्णायक फैसला नहीं लिया गया है। ईयू छोड़ने पर ब्रिटेन के 2016 के जनमत संग्रह के तीन साल से भी अधिक समय से बातचीत अब भी इस मुद्दे पर अटकी है कि ब्रिटेन प्रशासित उत्तरी आयरलैंड और आयरलैंड के बीच सीमा पर सीमा शुल्क जांच से कैसे बचा जा सकता है। गौरतलब है कि उत्तरी आयरलैंड और आयरलैंड अब भी यूरोपीय संघ का हिस्सा हैं।



## जापान में तूफान से मरने वालों की संख्या 70 पहुंची

**तोक्यो।** जापान में तूफान हगीबिस के कारण मरने वालों की संख्या बढकर लगभग 70 हो गई है। राष्ट्रीय प्रसारणकर्ता एनएचके ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि राहत कार्य और बचाव कार्य तीसरे दिन भी जारी है। एनएचके ने बताया कि इस घातक तूफान के बाद से 15 लोग अब भी गायब हैं। शनिवार रात आए इस भयावह तूफान ने तोक्यो और आसपास के इलाकों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

# नाइजीरियाई पुलिस ने 300 से अधिक बच्चों को यातना गृह से बचाया

एजेंसी। कानो (नाइजीरिया)

**उत्तरी** नाइजीरिया में पुलिस ने छापेमारी की और एक इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल में बंधक बना कर यौन उत्पीड़न का सामना रहे 300 से अधिक बच्चों को मुक्त कराया। एक महीने में छापेमारी कर 300 से अधिक बच्चों को ऐसे संस्थान से मुक्त कराने की यह दूसरी घटना है।

कैटसिना राज्य के दौरा क्षेत्र में रविवार को कुछ छात्र छात्रावास से भाग कर सड़क पर प्रदर्शन करने लगे थे। इसके बाद पुलिस ने स्कूल में छापा मारकर छात्रों को मुक्त कराया। कैटसिना पुलिस प्रमुख सानुसी बुबा ने पत्रकारों को बताया कि छात्रों को बंधक बना कर उत्पीड़ित किया जाता था। इन छात्रों को जंजीरों से बांध कर रखा गया था। उन्होंने बताया, हमें जानकारी मिली कि यहां 300 से अधिक छात्र हैं जिन्हें कई प्रकार से यातनाएं दी जा रही थी। अमानवीय व्यवहार की वजह से कुछ छात्र रविवार को निकल भागे और विरोध किया। लगभग 60 छात्र वहीं रह गए।

बुबा ने बताया कि इस स्कूल की स्थापना 78 वर्षीय उलेमा बेलो माय अल्माजीराई ने 40 साल पहले की थी। बाद में उन्होंने स्कूल का प्रबंधन अपने बेटे को सौंप दिया। इस स्कूल में बच्चों को उनके माता-पिता कुरान सीखने और नशामुक्ति के लिए भेजते थे। दौरा राजधानी से 70 किमी दूर और नाइजर की सीमा के पास स्थित है। बुबा के बताया कि छात्रों को अमानवीय ढंग से रखा जाता था। कुछ छात्रों ने खुलासा किया कि उनके शिक्षक उनका यौन उत्पीड़न भी करते थे। पुलिस ने छात्रों को उनके घर पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

## क्विक न्यूज

### विरोध के बावजूद फेसबुक ने डिजिटल मुद्रा लिब्रा की दिशा में आगे बढ़ाया कदम

**न्यूयॉर्क।** सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक ने तमाम विरोधों और मतभेदों के बावजूद एक नई डिजिटल मुद्रा लिब्रा को अमल में लाने की दिशा में सोमवार को आधिकारिक तौर पर कदम बढ़ा दिया है। अमेरिकी नियामकों एवं राजनेताओं की ओर से आलोचनाओं के बावजूद फेसबुक इस योजना पर आगे बढ़ रही है। नई मुद्रा का प्रबंधन लिब्रा एसोसिएशन करेगी। लिब्रा एसो. ने सोमवार को जिनिवा में उद्घाटन बैठक में 21 सदस्ईय चार्टर पर हस्ताक्षर किए। पहले इसमें 27 सदस्य थे, लेकिन हाल के दिनों में वीजा, मास्टरकार्ड और पेपाल जैसी कुछ कंपनियों ने इससे हाथ पीछे खीच लिया। लिब्रा एसोसिएशन के बचे ज्यादातर सदस्यों में वेंचर कैपिटल कंपनियां शामिल हैं। ऊबर, स्पॉटीफाई और वोडाफोन भी इसके सदस्य बन गए है। 180 अन्य कंपनियों ने जुड़ने की इच्छा जताई है और इसमें शामिल होने के लिए प्रारंभिक आवश्यक्ताओं को पूरा किया है। लिब्रा की घोषणा के बाद से ही फेसबुक अमेरिकी नियामकों और राजनेताओं की तरफ से आलोचना झेल रही है। उपयोगकर्ता की निजता की रक्षा करने को लेकर फेसबुक की चुनौतियां लिब्रा को भी प्रभावित करेंगी। वही, दूसरी ओर चीन की भी अपनी डिजिटल मुद्रा पेश करने की तैयार मे जुटी है। सरकार और केंद्रीय बैंक इसकी मंजूरी दे सकती है। सितंबर के अंत में , चीन के केंद्रीय बैंक के गवर्नर ई गंग ने कहा कि नई मुद्रा मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली से जुड़ा हो सकती है। वीचैट और अलीपे एप, बैंक खातो के माध्यम से युआन लेनदेन की अनुमति देते है।

### मारुति का 2018-19 में सीएसआर गतिविधियों पर 154 करोड़ रुपए का निवेश

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहलों पर 2018-19 में 154 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया। मारुति की सीएसआर पहल सामुदायिक विकास, सड़क सुरक्षा और कौशल विकास पर केंद्रित रही। मारुति के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी केनिचि आयुकावा ने बयान में कहा परियोजनाओं का चयन जरूरत का आकलन करके और हितधारक से परामर्श के आधार पर किया गया है।

# घरेलू शेयर बाजार में तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 292 अंक उछला

**मुंबई।** अमेरिका - चीन व्यापार समझौते को लेकर सकारात्मक खबरें आने और त्योहारी मौसम के चलते मांग में सुधार की उम्मीदों से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी देखने को मिली। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 421 अंक की घट - बढ़ के बाद 291.62 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर 38,506.09 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार , नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 87.15 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की तेजी के साथ 11,428.30 अंक पर बंद हुआ।

वाहन और धातु कंपनियों के शेयरों में मजबूती से बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स की कंपनियों में सबसे ज्यादा तेजी वेदांता, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ओएनजीसी, हीरो मोटोकॉर्प, मारुति और हिंदुस्तान यूनिलीवर में रही। इनमें 3.79 प्रतिशत तक की तेजी आई। वहीं, दूसरी ओर भारती एयरटेल, इंफोसिस , टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक , टेक महिंद्रा और बजाज फाइनेंस के शेयर 2.53 प्रतिशत तक गिर गए।

सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ जबकि 6 गिरकर बंद हुए। पिछले तीन कारोबारी दिवस में सेंसेक्स 625.69 अंक यानी 1.64 प्रतिशत जबकि निफ्टी 193.75 अंक यानी 1.71 प्रतिशत बढ़ा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा , अमेरिका - चीन व्यापार वार्ता से सकारात्मक संकेत आने और त्योहारी सीजन को देखते हुए वाहन कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार की धारणा मजबूत हुई। पिछले दो दिनों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक शुद्ध खरीदार रहे। इससे वैश्विक बाजार में स्थिरता आई।

विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीति को लेकर नरम रुख को बरकरार रख सकता है और दिसंबर 2019 की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में नीतिगत दर में कटौती कर सकता है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में 14 महीने के उच्च स्तर 3.99 प्रतिशत पर पहुंच गई। इस वृद्धि के बावजूद खुदरा महंगाई दर आरबीआई के चार प्रतिशत के दायरे में है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति सितंबर महीने में गिरकर तीन साल से अधिक के निचले स्तर 0.33 प्रतिशत पर रही।




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| वेदान्ता | 3.79 | भारती एयरटेल | -2.53 |
| महिन्द्रा-महिन्द्रा | 2.83 | इन्फोसिस | -2.27 |
| ओएनजीसी | 2.63 | टाटा मोटर्स | -0.67 |
| हीरो मोटोकॉर्प | 2.63 | एचसीएल टेक | -0.27 |
| मारुति सुजुकी | 2.47 | टेक महिन्द्रा | -0.07 |




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| आयशर मोटर्स | 4.69 | भारती एयरटेल | -2.83 |
| वेदान्ता | 4.03 | इन्फोसिस | -2.18 |
| जी एंटरटेनमेन्ट | 3.17 | भारती इन्फ्राटेल | -1.27 |
| ओएनजीसी | 2.70 | टाटा मोटर्स | -1.02 |
| हीरो मोटोकॉर्प | 2.64 | जेएसडब्लू स्टील | -0.88 |

पीटीआई ग्राफिक

### रुपए में बांड जारी कर 3,000 करोड़ रुपए जुटाएगी आईओसी

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की इस महीने घरेलू मुद्रा बांड के जरिए 3,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना है। आईओसी के निदेशक (वित्त) संदीप कुमार गुप्ता ने मंगलवार यह जानकारी दी। हमारी रुपय में अंकित बांड जारी कर 3,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना है। इतनी ही राशि चालू वित्त वर्ष में आगे जुटाई जा सकती है। बांड निर्गम 1,000 करोड़ रुपए का होगा। अधिक अभिदान मिलने पर 2,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बांड जारी करने का विकल्प होगा। बांड दस साल के परिपक्वता वाले होंगे। सितंबर तिमाही के अंत में कंपनी के ऊपर कर्ज 81,000 करोड़ रुपए था। गुप्ता ने कहा, हमने चालू वित्त वर्ष में 25,000 करोड़ रुपए के पूंजी व्यय की योजना बनाई है। इसमें से करीब 8,000 करोड़ अगस्त के अंत तक खर्च किया जा चुका है और 1,500 करोड़ रुपए सितंबर में खर्च हुआ।

# गेल के विभाजन पर विचार करेगा मंत्रिमंडल

**● 2022 से पहले नही बेचा जाएगा पाइपलाइन कारोबार**

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्रिमंडल** सरकारी कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड के पाइपलाइन कारोबार को अलग करके एक पृथक इकाई बनाने के प्रस्ताव पर अगले महीने तक विचार कर सकता है। रणनीतिक निवेशक को इसकी बिक्री 2022 से पहले नहीं की जाएगी। मामले से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। गेल देश की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस विपणन कंपनी है। देश के 16,234 किलोमीटर लंबे पाइपलाइन नेटवर्क का दो - तिहाई से अधिक का स्वामित्व उसके पास है।प्राकृतिक गैस के उपयोगकर्ता अक्सर यह शिकायत करते रहे हैं कि अपने ईंधन के परिवहन के लिए वे 11,551 किलोमीटर लंबे पाइपलाइन नेटवर्क का इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं।

एक ही कंपनी के पास दोनों कारोबार होने की वजह से पैदा हो रही इस तरह की समस्याओं को दूर करने के लिए गेल के विभाजन पर विचार किया जा रहा है। गेल के पाइपलाइन कारोबार को अलग करके नई इकाई बनाने के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जा सकता है। मंत्रिमंडल इस प्रस्ताव पर इस महीने या नवंबर तक विचार कर सकता है या मंजूरी दे सकता है।

मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बाद, पाइपलाइन कारोबार को एक अलग अनुषंगी इकाई में स्थानांतरित करने के लिए सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी। इस प्रक्रिया को पूरा होने में 8-10 महीने का समय लगेगा। पाइपलाइन कारोबार वाली अनुषंगी कंपनी को रणनीतिक निवेशक को 2022 से पहले नहीं बेचा जा सकता है क्योंकि सरकार का मानना है कि गैस बाजार इससे पहले परिपक्व नहीं होगा और गेल को राष्ट्रीय गैस पाइपलाइन ग्रिड का निर्माण करने के लिए सरकार के समर्थन की जरूरत होगी।

# अमेरिका के साथ व्यापार विवाद नहीं, बस कुछ मतभेद हैं: गोयल

एजेंसी। नई दिल्ली

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री** पीयूष गोयल ने कहा कि व्यापार मोर्चे पर भारत का अमेरिका के साथ किसी तरह का विवाद नहीं है और दोनों देशों में द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश की भारी संभावनाएं हैं। गोयल ने इंडिया एनर्जी फोरम को संबोधित करते हुए कहा , हमारा अमेरिका के साथ व्यापार में कोई विवाद नहीं है। हमारे बीच कुछ मुद्दों पर असहमतियां जरूर हैं लेकिन मुझे नहीं लगता है कि दुनिया में ऐसा कोई संबंध होता है ... जहां कुछ मतभेद नहीं हों। मुझे लगता है कि हमें कुछ हद तक नोक झोंक का स्वागत करना चाहिए। थोड़ी बहुत अनिश्चितता संबंधों को आगे ले जाने में मदद करती है।

अमेरिका की ओर से भारत का जीएसपी दर्जा वापस लेने या भारतीय उत्पादों पर शुल्क लगाने के बाद गोयल की यह प्रतिक्रिया अहम है। खासकर तब जब दोनों देश व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। गोयल का मानना है कि



अमेरिकी समकक्ष के साथ बातचीत से द्विपक्षीय संबंधों में सुधार आया है। व्यापार में सामान्य तरजीही व्यवस्था (जीएसपी) से भारत को बाहर करने से जुड़े सवाल पर गोयल ने कहा कि कुछ लोगों की नजर में यह विवाद हो सकता है , लेकिन मेरा मानना है कि यह मेरे लिए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि के साथ बातचीत करने का एक अवसर है।

अमेरिकी ऊर्जा कंपनियों के लिए कारोबारी संभावना के बारे में उन्होंने कहा, यहां गैस और परमाणु ऊर्जा दोनों क्षेत्र में काफी अवसर हैं। भारत और अमेरिका में मजबूत संबंध है , जिसके और आगे बढ़ाने की संभावनाएं हैं ... हमें संबंधों को धीरे - धीरे बढ़ाने के बजाए प्रगाढ़ संबंध बनाने चाहिए ... हमने अमेरिका के साथ 500 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य रखा है।

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2018-19 में करीब 88 अरब डॉलर रहा था। गोयल ने व्यापार उपचार महानिदेशालय द्वारा आयात पर डंपिग - रोधी शुल्क लगाने पर कहा कि यह एक अर्ध - न्यायिक निकाय है और इसका सरकार से कोई लेना - देना नहीं है।

## आर्थिक नरमी चक्रीय, भारत में निवेश का सही समय

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि हाल की आर्थिक नरमी चक्रीय है और वृद्धि में फिर से तेजी आने से पहले भारत में निवेश का यह सही समय है। उन्होंने स्वीकार किया कि देश की आर्थिक वृद्धि पिछली दो तिमाहियों...जनवरी-मार्च और अप्रैल-जून...में धीमी हुई है और छह साल के न्यूनतम स्तर 5 प्रतिशत रह गई। उन्होंने माना कि भारत तीव्र वृद्धि वाली बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं रह गई है।

सेरा वीक इंडिया एनर्जी फोरम में एक परिचर्चा के दौरान गोयल ने कहा, एक अर्थव्यवस्था के रूप में भारत में काफी अवसर हैं... हमारी अर्थव्यवस्था भी दुनिया की अन्य अर्थव्यवस्था की तरह ही है, इस तरह की आर्थिक सुस्ती नहीं हो तो यह बेहतर कर सकती है ... हाल के समय में चुनौतियां बढ़ी हैं।

उन्होंने आगे कहा कि पिछली दो तिमाहियों से पहले लगभग चार-पांच साल हमारी गति अच्छी रही। मौजूदा नरमी चक्रीय है और यह विभिन्न क्षेत्रों में अवसर प्रदान करती है।मंत्री ने कहा, मुझे नरमी दिखाई दे रही है लेकिन मैं इससे व्याकुल नहीं हूं... यह हम सभी के लिए एक अवसर है। हम क्षमताओं, उत्पादकता और उत्पादन लागत का फिर से आकलन करें।

उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में निवेश का यह सही समय है। उन्होंने निवेशकों से अर्थव्यवस्था में फिर से तेजी आने से पहले निवेशकों से निवेश करने को कहा। आर्थिक वृद्धि को गति देने के सरकार के प्रयासों के बारे में उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में भारत ने सामूहिक रूप से निवेश देखा जो पिछले पांच साल के मुकाबले ढाई गुना था।

उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे वृद्धि का इंजन बनने के साथ लॉजिस्टिक लागत नीचे लाने के लिए अगले 12 साल में 700 अरब डॉलर के कार्यक्रम पर जोर देगा। लॉजिस्टिक लागत से देश के सभी उद्योगों पर प्रभाव पड़ेगा।गोयल ने कहा कि इसी प्रकार बुनियादी ढांचा क्षेत्र में अगले पांच साल में 1,400 अरब डॉलर निवेश निवेश का दृष्टकोण है, इससे निश्चित रूप से वृद्धि को गति मिलेगी।




| सितं 2018 | अक्टू | नवं | दिसं | जन | फर | मार्च | अप्रै | मई | जून | जुला | अग | सितं 2019 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2438.74 | 2906.97 | 2011.01 | 1680.55 | 2637.16 | 3011.22 | 2203.81 | 2237.84 | 2680.32 | 1955.37 | 2223.10 | 2342.02 | 2559.75 |

स्रोत : रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद
पीटीआई ग्राफिक

# भारत ऊर्जा उपयोग के तौर तरीकों में बदलाव अपने ढंग से करेगा: प्रधान

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** ऊर्जा उपयोग में बदलावों को अपने ढंग से करेगा और ऐसा करते हुए वह पूरी जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ेगा। आने वाले दशकों में वैश्विक ऊर्जा मांग में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को यह बात कही। पूरी दुनिया कार्बन उत्सर्जन बढ़ने से पर्यावरण को हो रहे नुकसान को लेकर चिंतित है। इसे कम करने के लिए कई देश नवीकरणीय बिजली और इलेक्ट्रिक वाहन जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्पों पर जोर दे रहे हैं। सेरावीक की ओर से आयोजित इंडिया एनर्जी फोरम में मंत्रीस्तरीय संवाद में प्रधान ने कहा कि अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता देश है।

भारत में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत वैश्विक औसत का सिर्फ एक तिहाई ही है। इससे यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि सभी के लिए उचित मात्रा में ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित हो। इससे तात्पर्य है कि सभी के लिए सस्ती और टिकाऊऊर्जा तक पहुंच होनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऊर्जा की भारी जरूरत और वृद्धि क्षमता को देखते हुए आगामी दशकों में



भारत की वैश्विक ऊर्जा मांग में प्रमुख स्थिति होगी। उन्होंने कहा ऊर्जा की भारी मांग को पूरा करने के लिए भारत को विभिन्न ऊर्जा स्त्रोतों की जरूरत होगी। ए स्त्रोत वाणिज्यिक रूप से व्यवहारिक होने चाहिए। कोई भी एक स्त्रोत ऊर्जा की मांग को पूरा नहीं कर सकता है।

प्रधान ने कहा, भारत ऊर्जा साधनों के उपयोग में बदलाव लाने के बारे में अपने हिसाब से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि ऐसा करते हुए भारत पूरी जिम्मेदारी के साथ कदम बढ़ाएगा। इसका वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन क्षेत्र में भी प्रभाव होगा। उन्होंने कहा कि 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने की भारत की यात्रा में ऊर्जा क्षेत्र का अहम योगदान होगा।

# अधिक उत्पादन की समस्या से निपटने के लिए कॉफी की खपत बढ़ाएं: वाणिज्य सचिव

**नई दिल्ली।** कॉफी की पैदावार ज्यादा होने से इस समय इसकी कीमतों में नरमी का दबाव पड़ रहा है। इससे निपटने के लिए इसकी खपत बढ़ाने जैसे कदम उठाने होंगे। वाणिज्य सचिव अनूप वाधवान ने मंगलवार को यह बात कही। वाधवान ने कहा कि दुनिया के कॉफी व्यापार में भारत की छोटी ही सही लेकिन अहम भूमिका है। एक प्राथमिक उत्पाद के चलते यह हमेशा कीमतों के दबाव का सामना करने वाली जिंस है। इससे उत्पादन की विविधता प्रभावित होती है। आज हम दुनिया में अधिक उत्पादन (कॉफी) की स्थिति का सामना कर रहे हैं। उत्पादन आधिक्य का असर कीमतों में दबाव के रूप में देखने को मिल रहा है। कृषि क्षेत्र के अन्य प्राथमिक उत्पादों की तरह इस क्षेत्र में भी अधिक उत्पादन हमेशा वरदान नहीं होता। वह यहां कॉफी पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार घरेलू और वैश्विक स्तर की चुनौतियों से वाकिफ है। कॉफी बोर्ड जैसे कई संगठन इससे प्रक्रियाबद्ध तरीके से निपटने का काम कर रहे हैं। इसी कार्यक्रम में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कॉफी बोर्ड को भारतीय कॉफी को दुनिया में पहचाने जाने वाला ब्रांड बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। सचिव वाधवान ने कहा कि किसान सबसे अधिक दबाव में रहता है। हमें किसान को आर्थिक तौर पर मजबूत करने की जरूरत है और इसका एक तरीका यह है कि मूल्यवर्द्धन श्रृंखला को उसके पास ले जाया जाए।

## मोबाइल दरें उद्योग के लिए व्यवहारिक नहीं, इन्हें बढ़ाने की जरूरत

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने मंगलवार को कहा कि मोबाइल सेवा की मौजूदा दरें दूरसंचार उद्योग के लिए व्यवहारिक नहीं रह गई हैं, इन्हें बढ़ाने की जरूरत है। एयरटेल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत एवं दक्षिण एशिया) गोपाल विट्टल ने रिलायंस जियो के वॉयस कॉल के लिए 6 पैसे प्रति मिनट का शुल्क लिए जाने के कदम पर चुटकी लेते हुए कहा कि इंटरकनेक्शन उपयोग शुल्क (आईयूसी) टैरिफ का हिस्सा नहीं है। बल्कि यह कॉल को एक नेटवर्क से दूसरे नेटवर्क पर भेजने (ट्रांसमिट) की लागत है , जिसका निपटान दूरसंचार कंपनियों के बीच आपस में होता है।

### आरबीआई यूनियन ने कहा सहकारी बैंकों को शीर्ष बैंक के नियंत्रण में लाया जाए

**मुंबई।** रिजर्व बैंक के कर्मचारियों के संगठन ने शहरी सहकारी बैंकों पर दोहरा अधिकार क्षेत्र समाप्त करने और उसे आरबीआई के दायरे में लाने का बुधवार को सुझाव दिया। पंजाब एंड महाराष्ट्र सहकारी (पीएमसी) बैंक में घोटाले के मद्देनजर अखिल भारतीय रिजर्व बैंक कर्मचारी संघ ने यह बात कही। यूनियन ने यह भी कहा कि आरबीआई को सभी सहकारी बैंकों की मौके पर जाकर निगरानी करनी चाहिए। फिलहाल इनकी निगरानी सालाना आधार पर दूर बैठकर की जाती है। आरबीआई द्वारा पीएमसी में जनवरी से वित्तीय अनियमितताएं पाए जाने के बाद से बैंक 23 सितंबर से नियामकीय पाबंदी के दायरे में है। केंद्रीय बैंक ने 24 सहकारी बैंकों को अपने प्रशासक के अंतर्गत लाया है। यूनियन ने कहा, शहरी सहकारी बैंकों पर राज्यों की सहकारी समिति पंजीयक और आरबीआई का नियंत्रण है। यह दोहरा नियंत्रण व्यवस्था समाप्त होनी चाहिए।

# उत्तर प्रदेश में बिजली चोरी पर लगेगा अंकुश, हर साल दरें बढ़ने की परंपरा होगी खत्म: श्रीकांत शर्मा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को हर साल बिजली बिल में होने वाली बढ़ोतरी से राहत मिलेगी। राज्य सरकार इसके लिए तकनीकी और वाणिज्यिक नुकसान में कमी लाने के साथ संयंत्रों की दक्षता बढ़ाने और बिजली चोरी पर अंकुश लगाने की दिशा में काम कर रही है। उत्तर प्रदेश के बिजली मंत्री श्रीकांत शर्मा ने यह कहा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में जहां भी तकनीकी और वाणिज्यिक नुकसान (एटी एंड सी) 15 प्रतिशत से कम है, वहां 24 घंटे बिजली दी जा रही है। शर्मा ने भाषा से बातचीत में कहा, हमारा जोर सस्ती और स्वच्छ बिजली पर है। पिछली सरकारों में अनियमितता, कुप्रबंधन और नुकसान की वजह से हर साल बिजली दरों में बढ़ोतरी होती रही है।


उन्होंने कहा कि हम बिजली दरों को सस्ती रखने के लिए जहां एक तरफ नुकसान (एटी एंड सी) में कमी ला रहे हैं वहीं चोरी पर अंकुश लगाने के लिए कदम उठा रहे हैं। इसके अलावा हम सस्ती बिजली के लिए पीपीए (बिजली खरीद समझौता) कर रहे हैं। सिंगरौली में हमने 2.99 रुपए प्रति यूनिट पर पीपीए किया। अब बिजली बिल में हर साल बढ़ोतरी की परंपरा समाप्त होगी। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने हाल ही में बिजली दरों में 8 से 12 प्रतिशत बढ़ोतरी की है। इसके तहत 500 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने पर घरेलू ग्राहकों को 7 रुपए यूनिट तक बिजली देनी पड़ रही है।

नुकसान के बारे में शर्मा ने कहा, राज्य बिजली क्षेत्र के विभिन्न मदों में घाटा लगभग 72,000 करोड़ रुपए पुंहच गया है। हमारा 2032 तक इसे 10,000 करोड़ रुपए से नीचे लाने का लक्ष्य है। मंत्री के अनुसार, हालांकि सस्ती और 24 घंटे बिजली के लिए लोगों का भी सहयोग जरूरी है। जो भी बिजली खपत हो, उसका भुगतान होना चाहिए। ग्राम पंचायत, प्रधान तय करें कि जो बिजली खपत हो, उसके बिल का भुगतान हो।

बिजली चोरी रोके जाने के उपायों बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, स्मार्ट । प्रीपेड मीटर इसका समाधान है। अभी लगभग 7 लाख स्मार्ट प्रीपेड लगाए जा चुके हैं और 2022 तक पूरे प्रदेश में सभी ग्राहकों को इसके दायरे में लाया जाएगा। इसके अलावा चोरी पर लगाम लगाने के लिए हमने नोएडा और गाजियाबाद जैसे शहरों में 62 विशेष थाने खोले हैं, जो बिजली चोरी के ही मामलों से निपटेंगे।

एक अन्य सवाल के जवाब में शर्मा ने कहा, अभी राज्य में व्यस्त समय में बिजली की मांग 22,000 मेगावाट है और हम इसे पूरा करने में पूरी तरह सक्षम है। राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता फिलहाल करीब 10,500 मेगावाट है। सरकार ने जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश के साथ बिजली समझौते भी किए हैं। साथ ही जरूरत पड़ने पर पश्चिम गलियारे से भी 1,500 से 2,000 मेगावाट बिजली ली जा रही है।

प्रदेश में बिजली क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के बारे में उन्होंने कहा, कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के साथ हमने एकल खिड़की व्यवस्था स्थापित की है जहां निवेशकों को एक जगह सभी प्रकार की मंजूरी मिलती है। नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री की भी जिम्मेदारी संभाल रहे शर्मा ने कहा, हमने 2022 तक नवीकरणीय ऊर्जा के जरिए 10,700 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा है जो अभी 18 प्रतिशत (1,926 मेगावाट) है। इसके अलावा हम किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सौर ऊर्जा चालित पंपों और किसानों की बंजर जमीन पर सौर संयंत्र लगाने को बढ़ावा दे रहे हैं।



# टीम में जगह बनाना बड़ी चुनौती : कुलदीप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

## ● अंतरराष्ट्रीय करियर में मिलने वाली चुनौतियों में से एक



भारतीय टीम के अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि उनके लिए यह चुनौती अंतरराष्ट्रीय करियर में मिलने वाली कई चुनौतियों में से एक है।
कुलदीप और युजवेन्द्र चहल को पिछले दो महीने में ज्यादा मौके नहीं मिले हैं क्योंकि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के मद्देनजर भारतीय टीम प्रबंधन ने वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफी टी20 श्रृंखला में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया। टी20 टीम से बाहर होने के बाद टेस्ट टीम के अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे कुलदीप ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैंने जब क्रिकेट खेलना शुरू किया था तो कभी नहीं सोचा था कि भारत के लिए खेलूंगा। मैं भारत के लिए पिछले तीन साल से खेल रहा हूं और मुझे कई चुनौतियों को सामना करना पड़ेगा जिसमें से मौजूदा चुनौती भी एक है। उन्होंने कहा, कड़ी मेहनत और अनुशासन के बिना कुछ भी संभव नहीं है और मैं उसी दृष्टिकोण के साथ खेल रहा हूं। चौबीस साल के इस खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मार्च 2017 में पदार्पण मैच में चार विकेट लेने के बाद कम समय में ही तीनों प्रारुपों की टीम में जगह पक्की कर ली। वह एकदिवसीय क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज भी बने। कुलदीप टेस्ट टीम का हिस्सा है लेकिन मौजूदा सत्र में उन्होंने खेलने का मौका नहीं मिला है क्योंकि रविचंद्रन अश्विन और रविन्द्र जडेजा शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। विश्व कप के बाद उन्होंने सात मैचों में 56.16 की औसत से सिर्फ सात विकेट लिए है। कुलदीप से जब पूछा गया कि उन्होने टी20 से खुद को और चहल को बाहर किए जाने के बारे में टीम प्रबंधन से बात की है तो उन्होंने कहा, मैं टेस्ट श्रृंखला खत्म होने के बाद इस बारे में उनसे बात करूंगा।

# तीसरे टेस्ट के लिए रांची में तैयारी







रांची की पिच तैयार करते ग्राउंड्समैन, दक्षिण अफ्रीका व भारत के खिलाड़ी भी पहुंचे

## गांगुली के मार्गदर्शन में तरक्की करेगा भारतीय क्रिकेट : लक्ष्मण



**एजेंसी। नई दिल्ली**

चैम्पियन बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने मंगलवार को कहा कि पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के मार्गदर्शन में भारतीय क्रिकेट निश्चित तौर पर तरक्की करेगा। भारत के लिए 113 टेस्ट और 311 वनडे खेल चुके गांगुली ने सोमवार को मुंबई में बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा। उनका 23 अक्टूबर को होने वाली बोर्ड की सालाना आम बैठक में निर्विरोध चुना जाना तय है। लक्ष्मण ने ट्वीट किया , सौरव गांगुली को बीसीसीआई अध्यक्ष बनने की बधाई। मुझे इसमें कोई शक नहीं कि उनकी कप्तानी में भारतीय क्रिकेट तरक्की करेगा। नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं दादा। गांगुली ने जवाब में लिखा , शुक्रिया वीवीएस। आपका योगदान काफी अहम रहेगा।

# सिंधू-प्रणीत दूसरे दौर में पहुंचे

## ● डेनमार्क ओपन

**एजेंसी। ओडेन्से (डेनमार्क)**




विश्व चैम्पियन पीवी सिंधू ने डेनमार्क ओपन में मंगलवार को यहां इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुंजुंग के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू को पूर्व विश्व जूनियर चैम्पियन इंडोनेशिया की खिलाड़ी ने दोनों गेम में कड़ी टक्कर दी। सिंधू ने हालांकि 38 मिनट तक चले मुकाबले को 22-20 21-18 से अपने नाम कर इस खिलाड़ी के खिलाफ जीत का शत प्रतिशत रिकार्ड बरकरार रखा। ओलंपिक रजत पदक विजेता अगले दौर में कोरिया की अन से यंग से भिड़ेंगी। विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता बी साई प्रणीत ने शुरुआती दौर में दिग्गज लिन डैन को 35 मिनट तक चले मुकाबले में 21-14 21-17 से हराया। हैदराबाद के इस शटलर का अगले दौर में विश्व रैंकिंग में पहले पायदान पर काबिज और दो बार के विश्व चैम्पियन जापान के केंटो मोमोटा से सामना हो सकता है। मोमोटा ने उन्हें हाल ही में स्विट्जरलैंड में हुए विश्व चैम्पियनशिप में हराया था। थाईलैंड ओपन चैम्पियन सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने जीत से अपने अभियान का आगाज किया। भारतीय जोड़ी ने कोरिया के किम जी जुंग और ली योग डेई को 24-22 21-11 से हराया। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैम्पियन पारुपल्ली कश्यप हालांकि पहले दौर की चुनौती से पार नहीं पा सके। उन्हें थाईलैंड के सित्तिकोम थाम्मासिन से 13-21 12-21 से हार झेलनी पड़ी। राष्ट्रीय चैम्पियन सौरभ वर्मा का सफर भी पुरुष एकल में हार के साथ खत्म हो गया। नीदरलैंड के मार्क कालजौ से पहला गेम जीतने के बाद सौरभ अच्छा नहीं खेल पाए और 21-19 11-21 17-21 से हार गए।

# महिला वनडे रैंकिंग : चोटिल मंदाना ने गंवाया नंबर एक स्थान

## ●न्यूजीलैंड की सैटरवेट नंबर एक बल्लेबाज

**एजेंसी दुबई**



भारत की चोटिल सलामी बल्लेबाज स्मृति मंदाना ने आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवा दिया है और उनकी जगह न्यूजीलैंड की एमी सैटरवेट नंबर एक बल्लेबाज बन गई हैं। मंदाना चोटिल होने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में भाग नहीं ले पाई थी जिसका उन्हें नुकसान हुआ और वह एक पायदान नीचे दूसरे स्थान पर खिसक गई। मंदाना के 755 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला से पहले अभ्यास के दौरान मंदाना के दाएं पांव की उंगलियों पर गेंद लगने से फ्रैक्चर हो गया था। भारत ने यह श्रृंखला 3-0 से जीती। अन्य भारतीय बल्लेबाजों में कप्तान मिताली राज सातवें स्थान पर खिसक गई हैं जबकि हरमनप्रीत कौर आगे बढ़कर 17वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग में झूलन गोस्वामी, शिखा पांडे और पूनम यादव क्रमशः छठे, आठवें और नौवें स्थान पर हैं। आलराउंडरों में दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर हैं जबकि शिखा पांडे शीर्ष दस में पहुंच गई है।

# कई बार जिंदगी में कम ही ज्यादा होता है : गांगुली

## ● विश्व कप हर तीन साल में कराने के विचार पर दी प्रतिक्रिया

**एजेंसी। कोलकाता**



बीसीसीआई के अध्यक्ष बनने जा रहे पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने क्रिकेट विश्व कप को हर तीन साल में करवाने के आईसीसी के विचार पर मंगलवार को कुछ प्रतिक्रिया देने से बचते हुए कहा कि कई बार जिंदगी में कम ही अधिक होता है। विश्व कप का पहला आयोजन 1975 में हुआ था जिसके बाद आमतौर पर हर चार साल में इसका आयोजन होता है।
हालांकि 1992 में यह पांच साल और 1999 में तीन साल के अंतराल पर हुआ था। गांगुली ने यहां बंगाल क्रिकेट संघ के कार्यालय में पत्रकारों से कहा, कई बार जिंदगी में कम ही अधिक होता है। ऐसे में हमें कुछ भी फैसले करने से पहले सचेत रहना होगा। फुटबाल विश्व कप का आयोजन हर चार साल में होता है जहां उसकी दीवानगी देखते ही बनती है। बीसीसीआई में अध्यक्ष पद का नामांकन दखिल करने के बाद यहां पहुंचे गांगुली का शानदार स्वागत हुआ। उनका 23 अक्टूबर को बीसीसीआई का अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय है। आईसीसी के नए प्रस्ताव में टी20 विश्व कप हर साल और 50 ओवरों का विश्व कप तीन साल में एक बार कराने की पेशकश है। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, इस बारे में फैसला आईसीसी को करना है। मैं अभी इस पर प्रतिक्रिया देने की स्थिति में नहीं हूं। जब मैं इस चर्चा का हिस्सा बनूंगा तब इस बारे में बात करूंगा।

### आईसीसी प्रतियोगिताओं में नाकआउट में हारने की आदत खत्म करे भारत

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष बनने जा रहे सौरव गांगुली चाहते है कि विराट कोहली की अगुवाई वाली राष्ट्रीय टीम आईसीसी प्रतियोगिताओं मे नाकआउट मे हारने की आदत को खत्म करे। गांगुली ने यहां पत्रकारों से कहा, भारत अच्छी टीम है। मै जानता हूं कि उनहोंने बड़ा टूर्नामेंट नही जीता है लेकिन वे बड़े टूर्नामेंटो मे अच्छा प्रदर्शन करते है केवल सेमीफाइनल और फाइनल को छोड़कर। विराट इसको बदल सकता है। वह चैपियन खिलाड़ी है। भारत 2013 चैपियन्स ट्राफी के बाद आईसीसी का कोई टूर्नामेंट नही जीत पाया है। टीम 2017 चैपियन्स ट्राफी मे उप विजेता रही थी जबकि इस साल के शुरू मे विश्व कप सेमीफाइनल मे न्यूजीलैड से हार गई थी। भारतीय टीम 2016 विश्व टी20 मे भी सेमीफाइनल से आगे नही बढ़ पाई थी।

## तमिल फिल्म में काम करेंगे हरभजन



**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान के बाद अब उनके पूर्व साथी खिलाड़ी हरभजन सिंह भी तमिल सिनेमा में पदार्पण करेंगे। टरबनेटर के नाम से मशहूर हरभजन मशहूर अभिनेता संतानम की फिल्म डिकीलूना में काम करेंगे। फिल्म निर्माताओं ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा , हरभजन सिंह का फिल्म में अहम किरदार है। इस बीच हरभजन ने भी तमिल में ट्वीट करके निर्माताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा , तमिलनाडु की धरती से थलइवर , थाला और थलपति निकले हैं। उनका इशारा सुपरस्टार रजनीकांत , अजीत और विजय की ओर था।

# नीशाम ने आईसीसी की खिल्ली उड़ाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



## ● टाइब्रेकर में बाउंड्री गिनने का नियम हटने के बाद की प्रतिक्रिया

न्यूजीलैंड के हरफनमौला जिम्मी नीशाम ने मंगलवार को आईसीसी का मजाक बनाया जब खेल की शीर्ष ईकाई ने बाउंड्री गिनने का विवादित नियम हटाने का फैसला किया। इसी नियम की वजह से इंग्लैंड को एक दिवसीय विश्व कप फाइनल में पराजय झेलनी पड़ी थी। आईसीसी ने सोमवार को सुपर ओवर के अपने नियम में बदलाव किया। जुलाई में पुरूषों के विश्व कप में इंग्लैंड को बाउंड्री की गिनती के आधार पर न्यूजीलैंड के खिलाफ विजेता घोषित किया गया था। दोनों टीमों के बीच सुपर ओवर भी टाई रहा था जिसके बाद बाउंड्री की गिनती की गई जिसमें इंग्लैंड विजई रहा। नीशाम ने ट्वीट किया , अगला एजेंडा : टाइटैनिक पर बर्फ देखने के लिए अच्छी दूरबीन। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाजी कोच क्रेग मैकमिलन ने कहा , आईसीसी ने थोड़ी देर कर दी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी डेविड व्हाइट ने कहा कि उन्हें खुशी है कि विश्व कप के विवादित फाइनल के बाद आईसीसी ने नियम में सुधार किया। भविष्य के लिए यह बेहतर है। अतीत को हम बदल नहीं सकते लेकिन हमें खुशी है कि बेहतर समाधान निकाला गया है। आईसीसी ने ऐलान किया है कि सुपर ओवर के भी टाई रहने की स्थिति में विजेता का निर्धारण होने तक सुपर ओवर खेले जाते रहेंगे।

# सीओए ने रखा हितों के टकराव नियम में संशोधन का प्रस्ताव

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पूर्व खिलाड़ियों को जल्द ही एक साथ कई भूमिकाएं निभाने की छूट मिल सकती है क्योंकि प्रशासकों की समिति (सीओए) ने बोर्ड के संविधान के विवादास्पद हितों के टकराव नियम में संशोधन करने की सिफारिश की है। मौजूदा संविधान के अनुसार कोई भी व्यक्ति एक बार में कई भूमिकाएं नहीं निभा सकता है तथा इसके कारण कई दिग्गज क्रिकेटरों पर हितों के टकराव के आरोप भी लगे। इनमें बीसीसीआई अध्यक्ष बनने जा रहे सौरव गांगुली, वीवीएस लक्ष्मण और कपिल देव भी शामिल हैं। सीओए ने उच्चतम न्यायालय में सोमवार को अपनी 11वीं और आखिरी स्थिति रिपोर्ट सौंपी जिसमें बीसीसीआई संविधान के नियम 38 में संशोधन का प्रस्ताव किया है। अगर यह संशोधन स्वीकार कर लिया जाता है तो फिर उन पूर्व खिलाड़ियों को कई भूमिकाएं निभाने की अनुमति मिल सकती है जिनका बीसीसीआई या राज्य संघों के साथ दो साल से कम का अनुबंध है। उन्हें क्रिकेट सलाहकार समिति जैसी विभिन्न समितियों से जुड़ने की अनुमति मिल सकती है और उन्हें कमेंट्री करने से भी नहीं रोका जा सकेगा।

### नहीं जानता कि हमें इससे अधिक दबाव में रखा जा सकता है : रबाडा

**रांची।** भारत के हाथों पहले दो टेस्ट मैचों में करारी शिकस्त झेलने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को लगता है कि क्या उनकी टीम को इससे अधिक दबाव में रखा जा सकता है। भारतीय शीर्ष क्रम ने शानदार प्रदर्शन करके विशाखापत्तनम और पुणे मे खेले गए टेस्ट मैचों मे विशाल स्कोर खड़ा किया था। रबाडा ने पत्रकारों से कहा, हमे बहुत अधिक दबाव मे रखा गया। मै नही जानता कि हमे इससे अधिक दबाव में रखा जा सकता है। इस 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने स्वीकार किया कि केवल भारतीय बल्लेबाजों ही नही बल्कि गेंदबाजो ने भी उन्हे चारों खाने चित करने मे कसर नही छोड़ी। रबाडा ने कहा, उन्होने गेंद रिवर्स कराई और एक समूह के तौर पर उन्होने अच्छी गेंदबाजी की। उनके पूरे आक्रमण ने हम पर दबाव बनाया। उनके स्पिनरों ने अच्छी गेंदबाजी की और जब गेंद रिवर्स स्विंग ले रही थी तो उनके तेज गेंदबाजों ने इसका फायदा उठाया। हम वास्तव में गेंद को रिवर्स नही करा पाए और यह हमारा मुख्य अस्त्र है। रबाडा ने उम्मीद जताई कि यह दौर जल्द ही निकल जाएगा। उन्होंने कहा, हारना कभी अच्छा नही लगता विशेषकर जिस तरह से अभी हमने मैच गंवाए लेकिन हम बदलाव के दौर से गुजर रहे है।

### जाफर ने विजय हजारे ट्राफी के लिए वड़ोदारा की अनुपयुक्त पिचों पर सवाल उठाए

मुंबई। घरेलू क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने मंगलवार को विजय हजारे ट्राफी के लिए वड़ोदरा में इस्तेमाल हो रही पिचों को अनुपयुक्त करार देते हुए उनकी आलोचना की। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, वड़ोदरा में हुए मैचों में इस्तेमाल की गई पिचें लिस्ट ए क्रिकेट के लिए अनुपयुक्त। रणजी ट्राफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले इस बल्लेबाज ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मोतीबाग मैदान की पिचें खतरनाक के करीब हैं। उन्होंने कहा, हां, खासकर मोतीबाग मैदान की पिचें खतरनाक थी। दो-तीन बल्लेबाजों को गेंद से चोट लगी और कोई भी 150-160 रन से अधिक नहीं बना सका। जाफर ने कहा, हमारा टूर्नामेंट 24 सितंबर को शुरू होना था लेकिन दो सप्ताह तक बारिश होती रही। ऐसे में मुझे नहीं पता कि बड़ौदा क्रिकेट संघ

# विदर्भ ने बड़ौदा को सात विकेट से हराया

## ●विजय हजारे वनडे ट्राफी टूर्नामेंट

**एजेंसी। वड़ोदरा**



अक्षय वखारे ने 22 रन पर चार विकेट लिए

आफ स्पिनर अक्षय वखारे (22 रन पर चार विकेट) के नेतृत्व में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर विदर्भ ने विजय हजारे एकदिवसीय ट्राफी के एलीट ग्रुप बी के मैच में बड़ौदा को सात विकेट से करारी शिकस्त दी।
इस हार के साथ ही बड़ौदा की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की दौड़ से बाहर हो गई। टीम के आठ मैचों में तीन जीत के साथ 12 अंक है। विदर्भ के नाम सात मैचों में 12 अंक है और टीम अगर-मगर के फेर के साथ नाकआउट चरण में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है। हले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर बड़ौदा की टीम 50 ओवर में 131 रन पर आउट हो गई। टीम के लिए 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे ऋषि अरोठे ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए जबकि स्वप्निल सिंह ने 27 और कप्तान कृणाल पंड्या ने 21 रन का योगदान दिया। वखारे ने 10 ओवर में 22 रन देकर चार विकेट लिए। रजनीश गुरबानी और अधिक किफायती रहे जिन्होंने 10 ओवर में 16 रन देकर दो विकेट चटकाए। आदित्य सरवटे को भी दो सफलता मिली। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरे विदर्भ के लिए कप्तान फैज फजल (नाबाद 58) और विकेटकीपर जितेश शर्मा (37) ने पहले विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी कर बड़ौदा की हार सुनिश्चित कर दी। बड़ौदा ने हालांकि 15 रन के अंदर विदर्भ के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर वापसी की कोशिश की लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

# आदिल के गोल से भारत ने बांग्लादेश से मैच ड्रा कराया

## ● फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच

एजेंसी। कोलकाता





आदिल

आदिल खान के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की मदद से भारत ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच में मंगलवार को यहां बांग्लादेश को।-। से ड्रा पर रोका लेकिन इससे उसके क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। कतर के खिलाफ पिछले मैच में गोलरहित ड्रा खेलने वाले भारत को इस मैच में जीत दर्ज करनी चाहिए थी लेकिन उसने गोल करने के कई मौके गंवाए और इस बीच बांग्लादेश को गोल करने का सुनहरा मौका भी प्रदान किया। इस मैच में भी अंक बांटने से भारत की ग्रुप ई में आगे की राह मुश्किल हो गई है। भारत तीन मैचों में दो अंक लेकर ग्रुप में चौथे स्थान पर है। बांग्लादेश को साद उदीन ने 42वें मिनट में बढ़त दिलाई थी लेकिन आदिल खान ने 89वें मिनट में बराबरी का गोल करके भारतीय टीम को शर्मसार होने से बचा दिया। इस तरह से भारतीय टीम का पिछले 20 वर्षों में बांग्लादेश पर जीत दर्ज करने का इंतजार बना रहा। उसने अपने इस पड़ोसी देश को आखिरी बार 1999 में सैफ खेलों में हराया था। इन दोनों टीमों के बीच पिछले तीन मैच बराबरी पर छूटे जबकि 2009 सैफ खेलों में बांग्लादेश जीत दर्ज करने में सफल रहा था। भारतीय टीम के प्रदर्शन से कोच इगोर स्टिमक भी निराश होंगे क्योंकि पहले हाफ में वे रणनीति के अनुरूप आक्रामक रवैया नहीं अपना पाई जबकि इस बीच आपसी तालमेल नहीं होने के कारण उसने गोल गंवाया। राहुल भेके की बाएं छोर से लगाई गई फ्री किक को बांग्लादेश के कप्तान जमाल भुयां ने अपने कब्जे में किया। उन्होंने उसे भारतीय गोल की तरफ पहुंचाया लेकिन गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू उसे बाहर नहीं कर पाए और साद ने हेडर से गेंद गोल में पहुंचा दी। भारत ने दूसरे हाफ में अपनी पूरी ताकत गोल करने में लगा दी लेकिन हर बार उसे अंतिम क्षणों की चूक के कारण निराशा हाथ लगी। इस बीच भारतीय टीम कम से कम तीन अवसरों पर गोल करने के बेहद करीब थी लेकिन उसे नाकामी हाथ लगी। ऐसे समय में जब भारतीय टीम पर हार का खतरा मंडरा रहा था तब आदिल ने महत्वपूर्ण गोल करके टीम को अंक दिलाया। सुनील छेत्री ने इससे ठीक पहले गोल करने का शानदार अवसर गंवाया था लेकिन आदिल ने ऐसी कोई गलती नहीं की। उन्होंने स्थानापन्न ब्रैंडन फर्नाडिस की कार्नर किक पर हेडर से गोल करके दर्शकों में जोश भरा जो बांग्लादेश का गोल होने के बाद काफी निराश थे। भारत अब 14 नवंबर को अफगानिस्तान और 19 नवंबर को ओमान से उनकी सरजमीं पर भिड़ेगा।

### भारतीय फुटबाल टीम ने सैफ अंडर-15 महिला चैंपियनशिप जीती

**थिम्पू।** भारत ने मंगलवार को यहां बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर सैफ अंडर-15 महिला फुटबाल चैंपियनशिप का खिताब जीता। दोनों टीमें नियमित समय में गोल नहीं कर पाई। भारतीय टीम ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया जबकि बांग्लादेश ने जवाबी हमले किए लेकिन कोई भी गोल करने में सफल नहीं हो पाई। पेनल्टी शूटआउट में भारतीय गोलकीपर आद्रिजा सरखेल ने बांग्लादेश का पहला शाट बचा दिया। भारतीय कप्तान शिल्की देवी ने अंतिम पेनल्टी पर गोल करके भारत को जीत दिलाई।

### आस्ट्रेलियाई महिला टी20 टीम को पुरूष टीम के बराबर इनामी राशि

**सिडनी।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए वह महिला टीम की इनामी राशि को बढ़ाकर पुरूष टीम के बराबर करेगा। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अगले साल से महिला प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि में 320 प्रतिशत की बढ़ोतरी का फैसला भी किया था। आस्ट्रेलिया में 2020 में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के विजेता को अब दस लाख डालर और उप विजेता को पांच लाख डालर की राशि मिलेगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि वह महिला टीम के लिए अतिरिक्त राशि जारी करेगा जिससे वह पुरूषों को मिलने वाले पुरस्कार राशि के बराबर हो पाए। अगर महिला टीम अगले साल विश्व कप जीतती है तो आस्ट्रेलियाई बोर्ड उसे अतिरिक्त छह लाख डालर देगा।

### कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ियों के रवैए से निराश हैं मिसबाह

**कराची।** मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता मिसबाह उल हक कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ियों के रवैए से काफी निराश है जो अभ्यास से बचते है और जिनमें अनुशासन का अभाव है। पाकिस्तान को हाल ही में श्रीलंका ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में हराया। एक सूत्र ने कहा , मिसबाह सबसे ज्यादा इस बात को लेकर खफा है कि मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता के तौर पर यह उनकी पहली श्रृंखला थी और कुछ खिलाड़ी प्रबंधन के निर्देश मानने को तैयार नही थे। उन्होंने फिटनेस के ऊंचे मानदंड बनाए रखने के लिए अभ्यास भी नही किया। वह निराश है कि कुछ खिलाड़ी अभ्यास को हलके में ले रहे है और अनुशासन में भी सुधार नही है। वह कप्तान सरफराज अहमद के रवैए से भी खुश नही है जो खराब समय मे जिम्मेदारी लेने से बच रहे है। एक अन्य सूत्र ने कहा कि मिसबाह तीन सीनियर खिलाड़ियो वहाब रियाज, इमाद वसीम और हैरिस सोहेल के रवैए से नाखुश है।

# डेविस कप के लिए टीम पाक भेज सकता है एआईटीए

## ●जल्द शुरू करेगा वीजा प्रक्रिया

एजेंसी। नई दिल्ली

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने मंगलवार को अपने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए पाकिस्तानी वीजा हासिल करने की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया जिससे संकेत मिलते हैं कि अगर आईटीएफ इस मुकाबले को तटस्थ स्थान पर करवाने की उसकी मांग को नामंजूर कर देता है तो वह अगले महीने के डेविस कप मैच के लिए टीम को पड़ोसी देश भेज सकता है। यह भी पता चला है कि एआईटीए किसी भी खिलाड़ी पर पाकिस्तान का दौरा करने के लिए दबाव नहीं बनाएगा और वह यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) से निलंबन, रेलीगेशन और जुर्माने से बचने के लिए दूसरे दर्जे की टीम भेजने को भी तैयार है। अगर आईटीएफ मुकाबले को किसी तटस्थ स्थान पर करवाता है तो प्रजनेश गुणेश्वरन को छोड़कर सभी शीर्ष खिलाड़ी इसके लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रजनेश की मुकाबले के पहले दिन यानि 29 नवंबर को शादी है। यह मुकाबला पहले इस्लामाबाद में 14-15 सितंबर को होना था लेकिन आईटीएफ ने सुरक्षा की समीक्षा करने के बाद इसे 29-30 नवंबर तक टाल दिया था। एआईटीए सुरक्षा चिंताओं का हवाला देकर मुकाबले को किसी तटस्थ स्थल पर करवाने के लिए लगातार विश्व संस्था को लिख रहा है। एआईटीए के पदाधिकारियों ने मंगलवार को डीएलटीए में बैठक की जिसमें गैरखिलाड़ी कप्तान महेश भूपति ने भी हिस्सा लिया। इसमें वीजा प्रक्रिया शुरू करने और तटस्थ स्थल की मांग जारी रखने का फैसला किया गया। एआईटीए के महासचिव हिरणमय चटर्जी ने पीटीआई से कहा, हम आईटीएफ से अंतिम फैसले का इंतजार कर रहे हैं और उसके अनुसार ही फैसला करेंगे लेकिन अभी हमें वीजा प्रक्रिया शुरू करनी होगी। आईटीएफ ने अपने हाल के जवाब में एआईटीए को बताया था कि डेविस कप समिति अगले महीने के शुरू में सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट मिलने के बाद ही फैसला करेगी। श्रीलंका क्रिकेट टीम के पाकिस्तान दौरे के बाद लगता है कि आईटीएफ वहां की सुरक्षा स्थिति को लेकर आश्वस्त लगता है। आईटीएफ चार नवंबर को फैसला कर सकता है और उस आधार पर एआईटीए निर्णय लेगा। कुछ खिलाड़ी तथा गैर खिलाड़ी कप्तान भूपति पाकिस्तान का दौरा करने को लेकर अपनी आशंका व्यक्त कर चुके हैं। भूपति ने कहा कि आईटीएफ को अगर इस्लामाबाद सुरक्षित लगता है तो उसे भारतीय टीम की जिम्मेदारी लेनी होगी। आज की बैठक में फैसला किया गया कि हम क्या रुख अपना रहे हैं। एआईटीए खिलाड़ियों की आशंकाओं को समझता है। वे भी खिलाड़ियों के साथ हैं।

### नवरातिलोवा की प्रेरणा से अभी तक खेल रहा हूं : पेस



**मुंबई।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने कहा है कि वह अगर अब भी एटीपी टूर मे खेल रहे है तो इसका श्रेय मार्टिना नवरातिलोवा को जाता है जिन्होंने उन्हें फिटनेस के प्रति प्रेरित किया। अपने करियर मे 18 एकल सहित 59 ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली नवरातिलोवा ने अपने करियर के अंतिम दौर में पेस के साथ जोड़ी बनाई थी। उन्होंने अपने दस मिश्रित युगल ग्रैंडस्लैम खिताब मे से दो -विबलडन और आस्ट्रेलियाई ओपन 2003 - पेस के साथ जीते थे। वह टूर मे तब सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थी और 50 साल के करीब पहुंचने के बावजूद सक्रिय थी। पेस अभी 46 साल के है। पेस ने कहा, नवरातिलोवा ने हमें सिखाया कि शारीरिक फिटनेस कितनी जरूरी है। नवरातिलोवा ने मुझे शारीरिक फिटनेस के महत्व को समझाया और यही वजह है कि मेरा करियर इतना लंबा खिंचा। उन्होंने कहा, नवरातिलोवा फिटनेस और जिम (मे कसरत) को एक नए स्तर तक ले गई। नवरातिलोवा के साथ तीन साल तक खेलने और उसके करीब होने से मुझे अपने करियर मे मदद मिली और 46 साल मे भी मै खुद को, अभ्यास के अपने तरीको, अपने खानपान और फिटनेस को नया स्वरूप देता रहता हूं। पेस ने स्विटजरलैंड की मार्टिना हिंगिस के साथ भी सफल जोड़ी बनाई और उन्होंने उनकी भी जमकर तारीफ की। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, हिंगिस ने मुझे तकनीक के बारे मे काफी कुछ सिखाया क्योंकि मै खुद को बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी नही बल्कि एथलीट मानता था। हिंगिस के ग्राउंड स्ट्रोक्स, तकनीक, वॉली या केवल तकनीक बेजोड़ थी। उसके साथ खेलने के लिए मै घंटो अभ्यास करता था।

# भारत को जापान ने 3-4 से हराया

## ● सुल्तान जोहोर कप हाकी

एजेंसी। जोहोर बाहरू



भारतीय जूनियर हाकी टीम को सुल्तान जोहोर कप में मंगलवार को यहां जापान ने 3-4 से हराया जो टूर्नामेंट में टीम की पहली पराजय है। भारत के लिए गुरसाहिबजीत, शारदा नंद तिवारी और प्रताप लाकड़ा ने गोल किए लेकिन टीम जापान से एक गोल से पीछे रह गई। जापान ने मैच के शुरुआती क्षणों में ही आक्रामक खेल के दम पर पेनल्टी कार्नर हासिल किया और वतारू मात्सुमोतो ने उसे गोल में बदल कर टीम का बढ़त दिला दी। भारतीय टीम को तीसरे मिनट में पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन प्रताप लाकड़ा के प्रयास को ताकुमि कितागवा ने नाकाम कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भारत बराबरी करने के ज्यादा मौके बनाए लेकिन टीम जापान की रक्षापंक्ति को नहीं भेद सकी। इस बीच जापान ने मैच के 22वें मिनट में दूसरा गोल दाग दिया। कोसेइ कवाब ने पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदला जिससे टीम मध्यांतर से पहले 2-0 से आगे हो गई। दोनों टीमों के बीच तीसरे क्वार्टर में करीबी मुकाबला रहा जहां मध्यांतर के तुरंत बाद भारत को दूसरा पेनल्टी कार्नर मिला और मंदीप मोर के शाट को गुरसाहिबजीत ने गोल में बदल दिया। इसके दो मिनट के बाद ही केइता वतानाबे जापान के पांचवें पेनल्टी को गोल में बदल कर टीम को 3-। से आगे कर दिया। कोसेइ कवाबे ने 37वें मिनट में जापान के लिए चौथा गोल दागा। एक मिनट के बाद शारदा नंद के ड्रैग फ्लिक से भारत ने वापसी की और स्कोर 4-2 हो गया। अंतिम क्वार्टर में भारत ने आक्रामक खेल का सहारा लिया और लगातार जापान के सर्किल में पहुंच कर हमले किया।

टीम को 53वें मिनट में इसका फायदा पेनल्टी कार्नर के रूप में मिला जिसे प्रताप लाकड़ा ने गोल में बदल दिया। भारतीय टीम को इसके बाद कोई सफलता नहीं मिली। भारतीय टीम का अगला मुकाबला बुधवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा।

### रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में दिग्गज क्रिकेटर ले सक्ते है भाग

**मुंबई।** मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा अगले साल फरवरी में आयोजित होने वाले रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज (सड़क सुरक्षा विश्व श्रृंखला) में भाग ले सकते है। इन दोनों दिग्गजों के अलावा श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज तिलकरत्ने दिलशान और दक्षिण अफ्रीका के जोंटी रोड्स के भी इस टूर्नामेंट में भाग लेने की संभावना है। रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में क्रिकेट खेलने वाले पांच देशों के दिग्गजों के बीच एक वार्षिक टी20 श्रृंखला होगी जिसमें खिलाड़ी सड़क सुरक्षा का संदेश देंगे। महाराष्ट्र सरकार के सड़क परिवहन विभाग के साथ काम करने वाली संस्था, शांत भारत सुरक्षित भारत लीग के शुरुआती संस्करण का फरवरी 2020 में आयोजन करेगी।

# उक्रेन यूरो 2020 के लिए क्वालीफाई

## ● पुर्तगाल को हराया : रोनाल्डो ने कैरियर का 700वां गोल दागा

एजेंसी। पेरिस



उक्रेन ने पुर्तगाल को हराकर यूरो 2020 के लिए क्वालीफाई कर लिया हालांकि इस मैच में पुर्तगाल के स्टार फुटबालर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने कैरियर का 700वां गोल दागा। सोफिया में दूसरे मैच में इंग्लैंड ने बुल्गारिया को हराया लेकिन मेजबान प्रशंसकों ने इंग्लैंड के खिलाड़ियों पर नस्लवादी टिप्पणियां की। उक्रेन से पहले पोलैंड, रूस, इटली और बेल्जियम भी 12 जून से शुरू हो रहे यूरो कप फुटबाल में जगह बना चुके हैं। ग्रुप ए की शीर्ष टीम इंग्लैंड को अभी इंतजार करना होगा। बुल्गारिया को 6-0 से हराने के बावजूद अभी वह क्वालीफाई नहीं कर सका है। इस मैच में घरेलू दर्शकों ने दो बार नस्लवादी नारे लगाए जिसके कारण मैच रोकना पड़ा। इंग्लैंड फुटबाल संघ ने तो फीफा से मामले की जांच के लिए कहा है। इस बीच फ्रांस और तुर्की के बीच चल रहे राजनयिक तनाव की पृष्ठभूमि में खेला गया मैच ड्रा रहा। फ्रांस ने सीरिया में सैन्य अभियान के लिए तुर्की की निंदा की है। फ्रांस अगले महीने मोलदोवा को हराकर क्वालीफाई कर सकता है। दूसरी ओर तुर्की अगर आइसलैंड के खिलाफ ड्रा भी खेलता है तो क्वालीफाई कर जाएगा।

# मुरादाबाद की सुहाना ने जीते तीन खिताब



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आगरा में खेली गयी यूपी स्टेट व अंतर जोनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में मुरादाबाद की सुहाना ने तीन खिताब जीते। सुहाना ने जूनियर बालिका, यूथ बालिका और महिला एकल में सफलता हासिल की। वहीं लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने सब जूनियर बालक का खिताब जीता।

**परिणामः** कैडेट बालक- आनर्व पंवार ने अक्षित भाटिया को 11-5, 12-10, 12-14, 13-15, 11-4 से, कैडेट बालिका-सुहानी महाजन ने अनिका गुप्ता को 11-7, 11-7, 11-5 से, सब जूनियर बालक- दिव्यांश श्रीवास्तव ने सार्थ मिश्रा को 10-12, 11-8, 4-11, 11-5, 11-8 से, सब जूनियर बालिका-अंबिका गुप्ता ने काव्या यादव को 6-11, 11-2, 11-4, 11-8 से, जूनियर बालक-अक्षत त्यागी ने शिवम चन्द्रा को 11-8, 11-8, 11-5 से, जूनियर बालिका- सुहाना ने वर्तिका भारत को 11-3, 11-9, 7-11, 11-6 से, यूथ बालक-शिवम चन्द्रा ने अंश सब्बरवाल को 11-5, 9-11, 9-11, 12-10, 11-3 से, यूथ बालिका- सुहाना ने वर्तिका भारत को 11-1, 11-7, 5-11, 11-5, पुरुष- अभिनव बेनवाल ने पार्थ मिश्रा को 10-12, 9-11, 11-8, 11-8, 11-5, 11-4, 11-4 से, महिला- सुहाना ने तनु गुप्ता को 11-9, 11-6, 11-9 से हराया।

### जेएनपीजी ने सुंदरी देवी क्रिकेट जीता

**लखनऊ।** जेएनपीजी कालेज ने शिया पीजी कालेज को दो विकेट से हराकर सुंदरी देवी स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता जीत ली है। जेएनपीजी ग्राउंड में खेले गए खिताबी मुकाबले में शिया पीजी कालेज ने पहले जीतकर 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाए। राज यादव ने 35, सैयद मुर्तजा ने 33 और हसन अख्तर ने 17 रन का योगदान दिया। दुर्गेश कुमार ने दो, सुरेन्द्र कुमार और जीतेन्द्र कुमार ने एक-एक विकेट लिए। जवाब में जेएनपीजी कालेज ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाकर दो विकेट से मुकाबला जीत लिया है। विकासदीप यादव ने 43 और भूपेन्द्र कुमार ने 33 रन का योगदान दिया। राज यादव और अनुभव ने दो-दो विकेट लिए।

### मिसबाह ने जीते दोहरे खिताब



**लखनऊ।** एलपीजी स्पोर्ट्स अकादमी के टेनिस कोर्ट में सम्पन्न एलपीजी टेनिस सर्किट टूर्नामेंट में मिसबाह ने अंडर-8 व अंडर-9 बालक वर्ग में दोहरे खिताब जीते। परिणामः बालिका अंडर-10 में समृद्धि ने गीतिका को 7-2 से, बालिका अंडर-9 में कियारा ने तान्या को 7-1 से, बालक अंडर-9 में मिसबाह ने आयुष को 7-3 से, बालिका अंडर-8 में सिद्धि सिंह ने तान्या को 7-3 से, बालक अंडर-8 में मिसबाह ने अंश को 7-1 से, अंडर-6 बालक में आरूष व बालिकाओं में सिद्धि रस्तोगी चैंपियन बने।

## शौर्य, सिद्धार्थ और विकेश अगले राउंड में

### ● आरएस सागर स्मारक टेनिस

**लखनऊ।** शौर्य सिंह, सिद्धार्थ यादव, विकेश चौरसिया और पुष्किल श्रीवास्तव ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर आरएस सागर स्मारक टेनिस के बालक अंडर-16 के अगले राउंड में प्रवेश किया। एसडीएस टेनिस अकादमी में खेले गए मैचों के परिणाम इस प्रकार हैं। (बालक अंडर-16) - शौर्य सिंह ने सी. मजूमदार को 6-2, 6-0 से, सिद्धार्थ यादव ने मुकुल लोधी को 5-3, 2-4, (10-4), विकेश चौरसिया ने माधव प्रकाश को 6-3,6-2 से, पुष्किल श्रीवास्तव ने रोनित मलानी को 6-2, 6-1 से, प्रणव कुमार ने अनिकेत श्रीवास्तव को 7-3, 6-3 से, अर्जुन शर्मा ने एच. सोनी को 6-1, 6-3 से, अंशुमान सिंह ने अमन गोयल को 6-1, 6-2 से हराया। (बालिका अंडर-16)- यति सिंह ने शाम्भवी रावत को 6-0, 6-1 से, दिवा भाटिया ने आरोही पंवार को 6-0, 6-1 से, कशिश कांत ने वैष्णवी को 6-2, 6-1 से, सान्वी ने दिव्यांशी को 6-0, 6-2 से, शगुन ने काव्या को 6-0, 6-0 से, शक्ति ने हिम्मिका को 6-2, 6-3 से, सासा ने वान्या को 6-0, 6-0 से हराया। (बालक अंडर-14)- पी. श्रीवास्तव ने अरुणित डंगवाल को 6-0, 6-3 से, ओम यादव ने सिद्धार्थ को 6-3, 6-2 से, अर्जुन शर्मा ने प्रज्वल तिवारी को 6-1, 6-1 से, प्रणव मिश्रा ने मुकुल को 6-3, 4-6, 6-0 से, अनिकेत ने एस. द्विवेदी को 4-6, 7-5, 6-2 से, रेयान ने चिरागदीप को 6-0, 6-1 से, माधव ने शुभमजीत को 6-0, 2-6, 6-2 से हराया। (बालिका अंडर-14) - शुगन ने काव्या को 6-0, 6-1 से, दिवा ने किशा को 6-0, 6-3 से, सान्वी ने आरिया को 6-0, 6-3 से, वैष्णवी ने हिम्मिका को 4-1, 1-4, 10-6 से, शक्ति ने धृति को 6-0, 6-2 से, सासा ने एच. राहुल को 4-0, 4-0 से हराया।

### ग्रेपलिंग खिलाड़ी आरिज हुसैन आब्दी सम्मानित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार और पेरी मेमोरियल स्वर्ण पदक ग्रेपलिंग के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आरिज हुसैन आब्दी को मिला। यह पुरस्कार राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने दिया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश ग्रेपलिंग संघ के महासचिव रविकांत मिश्रा, संयुक्त सचिव मोहम्मद तौहीद व इंडियन ग्रेपलिंग खिलाड़ी सचिन यादव, संस्कार सिंह सहित व अन्य मौजूद रहे।

# बच्चों के करतब ने सबको मोहा

## ●13वीं राज्य स्तरीय कुंगफूप्रतियोगिता का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में यूपी स्टेट कुंग फू चैंपियनशिप का आगाज हो गया। यूपी कुंग फू एसोसिएशन के सचिव ज्ञान प्रकाश, महासचिव भारतीय कुंगफू संघ मंजू त्रिपाठी की मौजूदगी मे मुख्य अतिथि कमलकांत गौतम ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रदेश के 22 जिलों से आए खिलाड़ियों ने कुंग फू की विभिन्न कलाओं का अत्यंत रोमांचक प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर लखनऊ के खिलाड़ियों ने कुंगफू की विभिन्न कलाओं का विहंगम प्रदर्शन करके उपस्थित जनसमूह को रोमांचित कर दिया कौशांबी से आए खिलाड़ियों ने तलवार का प्रदर्शन करते हुए दिखाया की किस प्रकार से तलवारबाजी का प्रयोग किया जाए जौनपुर से आए खिलाड़ियों ने लाठी का प्रयोग करके दिखाया कि किस प्रकार से साधारण लोग भी अपनी आत्मरक्षा कर सकते हैं इसके अलावा झांसी से आए हुए 16 सदस्यो ने एक बेहतरीन



परिणाम निम्नानुसार है पहले दिन लखनऊ के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण पदक जीते तत्पश्चात अन्य प्रतियोगिता के मुकाबले जारी हैं कल सायंकाल 5. 00 बजे प्रतियोगिता का समापन समारोह होगा।

### बेयर हैन्ड प्रतियोगिता


कौशिकी मिश्रा स्वर्ण पदक लखनऊ शिवांगी नारायण रजत पदक कानपुर तथा हिमा जयसवाल कांस्य पदक बहराइच निशा
ताई ची प्रतियोगिता आशिका अग्रवाल स्वर्ण पदक
मोहिनी सिंह रजत पदक जौनपुर तथा देवी गोंडा कान्स्य
बेयर हैन्ड प्रतियोगिता उंसम सचिन स्वर्ण पदक लखनऊ
रोहित कनौजिया रजत सुल्तानपुर
सुशांत सिंह कांस्य पदक बाराबंकी

# मेरीकोम ने विश्व चैंपियनशिप के दौरान विरोध दर्ज करने के नियम पर सवाल उठाया



**नई दिल्ली।** छह बार की विश्व चैम्पियन एमसी मेरीकोम ने विश्व चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद मंगलवार को विरोध दर्ज करने के नियम पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसके पीछे का तर्क उनकी समझ से परे है। मेरीकोम ने खेल मंत्रालय के सम्मान समारोह कार्यक्रम के इतर कहा, हमारे विरोध को इसलिए स्वीकार नही किया गया क्योकि मै।-4 के फैसले से हारी थी। मुझे नही पता कि यह कैसा नियम है कि आप।-4 से हारने के बाद विरोध नही दर्ज करा सकते। विश्व चैम्पियनशिप मे रिकार्ड आठवां और 51 किग्रा मे पहला पदक जीतने वाली इस दिग्गज मुक्केबाज ने कहा, अगर जीत के हकदार को हरा दिया जाए तो यह खेल के लिए अच्छा नही होगा। भारतीय दल ने इस फैसले का रिव्यू मांगा लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ की तकनीकी समिति ने उनकी अपील खारिज कर दी। नियमो के मुताबिक फैसले पर विरोध तभी दर्ज किया जा सकता है जब वह 3-2 या 3-। का होगा। इस हार के बावजूद भी विश्व चैम्पियनशिप से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है जिससे वह तोक्यो ओलंपिक मे पदक जीत सकती है।

## ट्विटर पर शाहरुख को फॉलो कर रहे 3.9 करोड़ लोग



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने ट्विटर पर फॉलोअर संख्या तीन करोड़ 90 लाख के पार जाने पर अपने प्रशंसकों का उनके प्यार और सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। शाहरुख (53) ने ट्विटर पर अपने प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सेल्फी साझा की और लिखा 'प्यार और खुशियां बांटते रहो। अपने आप को हमेशा खुश रखो ... सकारात्मक रहो तो पूरी दुनिया भी आपको सुंदर लगेगी। सभी को ढेर सारा प्यार। वह हाल में सऊदी अरब फिल्म उद्योग के कार्यक्रम जॉय फोरम में भाग लेने रियाद गए थे जहां उन्होंने जैकी चैन और ज्यां क्लाउदे वां दाम, और 'अक्वामैन' स्टार जेसन मोमोआ से मुलाकात की। शाहरुख ट्विटर पर सबसे अधिक फॉलो की जाने वाली भारतीय हस्तियों में से एक हैं।

## वाणी को रणबीर कपूर लगते हैं कूल



**फिल्म** अभिनेत्री वाणी कपूर का कहना है कि 'रणबीर कपूर के साथ काम करने का अनुभव मेरे लिए बहुत अच्छा रहा। वो अपने दृष्टिकोण में एक सामान्य और विनम्र व्यक्ति लगते हैं। जब भी वो किसी फिल्म के सेट पर आते हैं तो उनकी विनम्रता देखकर लगता ही नहीं कि वो इतनी सफ्ल फिल्मों का हिस्सा रहने वाले कलाकार हैं। वो किसी प्रकार के दंभ का षिकार नहीं रहते। यही कारण है कि उनके जैसे अभिनेता के साथ काम करना सरल होता है। उनके साथ काम करके मेरी अभिनय कला में भी सुधार हुआ है।

## मैं सबसे भाग्यशाली लड़की हूं : कारा

**लॉस एंजेलिस।** मॉडल से अभिनेत्री बनीं कारा डेलेविंगन का ऐसा मानना है कि वह इस दुनिया की सबसे भाग्यशाली लड़की हैं और इसके लिए वह अपनी गर्लफ्रेंड एशले बेंसल का शुक्रिया अदा करती हैं। बेवर्ली हिल्स में रविवार की रात कारा को इस साल के गर्ल अप हैशटैगगर्लहीरो अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर कारा खुद को अपनी गर्लफ्रेंड की तारीफ करने से नहीं रोक पाईं। 27 वर्षीय इस अभिनेत्री ने बताया, अपनी जिंदगी में किसी ऐसे इंसान का होना काफी अच्छी बात है जो मुझे बहुत प्यार करती है और मुझे अपना समर्थन देती है। मैं इस दुनिया की सबसे खुशकिस्मत लड़की हूं। गर्ल अप एक संगठन है जो विकासशील देशों में महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देती है। संगठन ने एलजीबीटीक्यू समुदाय (समलैंगिकता) में अपना समर्थन देने के लिए कारा को सम्मानित किया। इस पर कारा ने कहा, यह मेरे लिए काफी बड़ी बात है, खासकर तब जब मैं यह मानती हूं कि गर्ल अप वाकई में एक कमाल की संस्था है।



# बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे कादरी गोपालनाथ

वो एक ऐसे अन्वेषक थे जिन्होंने सैक्साफोन जैसे वाद्ययंत्र के सहारे कर्नाटक संगीत को दुनिया के मानचित्र पर स्थापित किया। जी हां, हम बात कर रहे हैं **कादरी गोपालनाथ** की, दुनिया भर के उनके संगीत के लाखों प्रशंसक उनकी स्मृतियों को अपने मन-मस्तिष्क में सदैव संजोकर रखेंगे, बता रहे हैं **विजय साईं-**



पिछले ही सप्ताह अचानक हमें कर्नाटक संगीत के महान गुरू और सैक्साफोन-वादक कादरी गोपालनाथ (1949–2019) के देहावसान की जानकारी मिली, वो 69 साल के थे। उनका स्वास्थ्य भी अच्छा ही चल रहा था क्योंकि वो विभिन्न स्थानों पर प्रस्तुतियां दे रहे थे। उनके निधन से भारतीय शास्त्रीय संगीत ने एक महान पुरोधा और नवोन्मेषक खोया है।

गोपालनाथ का जन्म 6 दिसंबर 1949 को दक्षिण कन्नड़ के एक तालुक बंतवाल में हुआ था। वो नागस्वरम कलाकार तनियप्पा और गृहणी थांगम्मा की नौ संतानों में से तीसरे थे। उन्होंने नागस्वरम और क्लेरिनेट बजाना बचपन में ही सीख लिया था। उन्होंने मैसूर के दशहरा समारोह में राजमहल के बैंड को पहली बार सुना था। आठ वर्ष की आयु में भी उन्हें सैक्साफोन बहुत भा गया। मंगलौर में उनका प्रषिक्षण गोपालकृष्ण अय्यर के सानिध्य में हुआ और बाद में कुंबकोणम के बालकृष्ण पिल्लई ने भी उन्हें प्रषिक्षित किया। एक पुजारी ने उन्हें सुना और बाद में कादरी मंदिर में उन्हें पूजा समारोह में इसे बजाने के लिए निमंत्रित किया। ये उनका एक औपचारिक पदार्पण था। तब उनकी आयु 15 वर्ष की रही होगी।

एक उभरती प्रतिभा का निर्धन परिवार में रहकर बड़े होना एक अत्यंत दुष्कर होता है। आय के साधन बढ़ाने के लिए उन्होंने बीड़ी बनाने का भी काम किया। उन्होंन ऑल इंडिया रेडियो में कई ऑडिशन दिये और अंततः उन्हें 'बी हाई' श्रेणी में चयनित कर लिया गया। वर्ष 1978 में ऑल इंडिया रेडियो में पदार्पण के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 1980 मं जैज़ फेस्टिवल में जॉन हैंडी के साथ प्रस्तुति देकर तो वे एकदम से छा गए।

उन्होंने मृदंगम वादक संगीत कलानिधि टीवी गोपालकृष्णन के सानिध्य में भी प्रषिक्षण लिया। उन्हें प्यार से टीवीजी के नाम से पुकारा जाता था। वो फिल्म संगीत निर्देशक इल्याराजा और कई विभूतियों के भी गुरू थे। टीवीजी ने उन्हें इस वाद्ययंत्र में और नवोन्मेषों की जानकारी दी।

कर्नाटक वाद्ययंत्र संगीत में नागस्वरम प्राचीनकाल से स्थापित है और मंदिरों तथा अन्य पर्वों पर होने वाले समारोहों में इसे बजाया जाता रहा है। इस विधा में लेकिन अन्य वाद्ययंत्रों को स्थान नहीं मिल सका। मैसूर पैलेस ऐसे राजाओं के लिए जाना जाता था जो संगीत और कला के महान संरक्षक थे। पैलेस के पास अपना भी एक बैंड था और उसी बैंड से गोपीनाथ ने भी प्रेरणा ली। सर्वप्रथम तो उन्होंने सैक्साफोन संबंधी प्रस्तुतियां ही दी थीं लेकिन हैदराबाद की एक कंपनी के सहयोग से उन्होंने कर्नाटक संगीत के अनुरूप एक वाद्ययंत्र विकसित किया।

वो वाद्ययंत्र गोपीनाथ का एक अनूठा और मौलिक नवोन्मेष था। उनसे पहले किसी ने जटिल कर्नाटक संगीत से जुड़े स्वर सैक्साफोन पर नहीं बजा पाए थे। क्लैरिनेट पर तो कई कलाकार काम कर रहे थे लेकिन सैक्साफोन पर किसी ने काम नहीं किया था। सैक्साफोन पर स्वरों को स्थिरता देना कठिन साधना थी, लेकिन गोपीनाथ ने इसे कर दिखाया।

प्रारंभ में विधा के रूढ़िवादी संरक्षकों ने इसका विरोध किया लेकिन बाद में उन्होंने अपने संगीत से ही उन लोगों को चुप कराने में सफ्लता प्राप्त की। उन्होंने दिखाया कि कर्नाटक संगीत के लिए विषेष रूप से विकसित किया गया सैक्साफोन भी बनाया जा सकता है। उन्हें बड़े संस्थानों ने भी प्रस्तुति देने के लिए निमंत्रित किया। मद्रास की गौरवशाली म्यूजिक अकादमी ऑफमद्रास, नारद गणसभा, कृष्ण गणसभा तथा अन्य संस्थानों ने भी उन्हे निमंत्रित किया। उन्होंने साबित किया कि जटिल कर्नाटक सुर भी सैक्साफोन तथा अन्य पष्चिमी वाद्ययंत्रों पर निकाले जा सकते हैं। उनकी एक कंसर्ट में प्रसिद्ध निर्देशक के बालचंद्र और युवा संगीत निर्देषक ए आर रहमान भी उपस्थित थे, जिन्होंने उन्हें उनकी फिल्मों में संगीत देने के लिए आमंत्रित किया।

इस प्रकार 1994 की फिल्म 'डुएट' में प्रभु की लीड भूमिका वाली फिल्म में उन्होंने 'अंजली अंजलि पुष्पांजलि' गाना प्रस्तुत किया था। उनका ये गाना हिट हुआ और इसके बाद उन्हें काम के कई ऑफर भी मिले। लेकिन संगीत समीक्षक सुबुद्दू ने बताया कि गोपीनाथ ने फिल्मों के सभी निवेदनों को ठुकरा दिया और केवल कर्नाटक संगीत पर पूरा ध्यान दिया।

दुनिया भर के शास्त्रीय संगीत महोत्सवों में उन्हें प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया जाता था, फिर चाहे वो बर्लिन जैज़ फेस्टिवल हो या मेक्सिको का इंटरनेशनल सर्वेंटिनो फेस्टिवल या फिर म्यूजिक हॉल फेस्टिवल इन पेरिस, यूएसए, कनाडा या अन्य कोई ही क्यों न हो। रॉयल एलबर्ट हॉल, लंदन में 1994 में बीबीसी प्रॉमिनेड में प्रस्तुति देने वाले वो पहले कर्नाटक संगीतज्ञ थे। कर्नाटक सैक्साफोन से उनका नाम उसी प्रकार जुड़ता चला गया जैसा कि यू श्रीनिवास का नाम मैंडोलिन वादन से जुड़ गया था।

वो प्रसिद्ध श्रंगेरी शारदा पीठम, अनोबिला मठ तथा पिल्लयारपट्टी मंदिर के अस्थान विद्वान थे। उन्होंने कई अद्भुत एलबम भी निकाले थे जिनमें से कुछ ईस्ट-वेस्ट तथा सदर्न ब्रदर्स, अमेरिकन जैज़ तथा शास्त्रीय बांसुरी वादक जेम्स न्यूटन के साथ किये गए थे। 2008 में उन्होंने अमेरिकन कंपोज़र रुद्रेष महंथप्पा किन्समेन के साथ एक एलबम किया था। म्यूजिकल जुगलबंदी के लिए भी वो काफी लोकप्रिय थे। पियानोवादक अदनान सामी से लेकर हिंदुस्तानी बांसुरीवादक प्रवीण गोडखिंडी तक के साथ जुगलबंदी करने में उन्हें कभी किसी प्रकार की झिझक नहीं हुई। उन्हें अक्सर सैक्साफोन चक्रवर्ती कहकर पुकारा जाता था।

संगीत के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें 2008 में ब्लू रिज़ोमे ने न्यू क्वार्टेट में गोपालनाथ नाम से कार्ल सीगफ्रीड के माध्यम से एक प्रस्तुति समर्पित की गई। इसके अतिरिक्त तमिलनाडु का एक पुरस्कार कलाइमामणि भी उन्हें समर्पित किया गया। केन्द्र सरकार द्वारा उन्हें 2004 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से भी विभूषित किया गया। उन्हें पदमश्री 2004 तथा संगीत चूड़ामणि पुरस्कार 2018 में प्रदान किया गया।

गोपालनाथ के दो पुत्रों में से एक मणिकांत कादरी भी संगीतकार हैं।

## कैटरीना के लिए चुनौती थी फिल्म 'भारत'



**बॉलीवुड** अभिनेत्री कैट्रीना कैफ का कहना है कि उन्होंने फिल्म भारत को एक चुनौती के रूप में लिया था और उन्हें इस बात की प्रसन्नता है कि उन्हें इससे काफी कुछ सीखने को मिला।

सलमान खान की फिल्म में कैटरीना को कुमुद रैना का चरित्र निभाने के लिए दिया गया था। अली अब्बास जफर की इस फिल्म में उन्हें प्रियंका चोपड़ा जोनस के स्थान पर लिया गया था।

कैटरीना ने बताया, 'जैसे ही मुझे इसकी स्क्रिप्ट मिली मैंने इसे स्वीकार कर लिया। इसमे मेरा चरित्र बहुत ही असामान्य है और उन्हें इससे जुड़ी तैयारियों के लिए केवल दो माह का समय मिला था। मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया था लेकिन ये इतनी अच्छी रही कि ये आपको मेरे पहले के कामों से भी बेहतर दिखेगी।

# निरंतर प्यार के लिए प्रशंसकों की आभारी हूं : ऐश्वर्या



**मुंबई।** अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने सिनेमा की दुनिया में 25 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने इतने लंबे समय तक निरंतर प्यार के लिए प्रशंसकों का शुक्रिया अदा किया है।

अभिनेत्री ने 1994 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था और वह तब से ही मनोरंजन उद्योग का हिस्सा बनी हुई हैं। उन्होंने इस खिताब के जीतने के तीन साल बाद मणि रत्नम की फिल्म इरूवर से रूपहले पर्दे पर पदार्पण किया और इसी साल और प्यार हो गया से उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा।

अभिनेत्री ने एक साक्षात्कार में कहा, मैं दर्शकों के सदाबहार प्यार के लिए उनकी आभारी हूं। जिस तरह से उन्होंने मेरा समर्थन किया, गले लगाया और मुझे प्रोत्साहित किया, वह एक अनूठा आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में लोग मेरे उस इरादे को नहीं समझ पा रहे थे कि मैं क्यों क्षेत्रीय सिनेमा या एक निश्चित निर्देशकों के साथ ही काम करती हूं। हालांकि, अभिनेत्री का यह भी कहना है कि वह अपने करियर में नए रास्ते अपनाने से पीछे नहीं रहती हैं। निर्देशक मणि रत्नम की फिल्म में भी अभिनेत्री काम करने जा रही हैं। इससे पहले वह उनके साथ इरुवर गुरु , और रावण में भी काम कर चुकी हैं। अभिनेत्री हिंदी सिनेमा की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो पश्चिम की पिंक पैंथर , मिस्ट्रेस ऑफ स्पाइसेज , और ब्राइड एंड प्रिजूडिस जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। फिलहाल अभिनेत्री ने हॉलिवुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली के किरदार को मालफिसेंट: मिस्ट्रेस ऑफ एविल में अपनी आवाज दी है। उनके इस काम को उनकी बेटी आराध्या ने भी पसंद किया है। सिनेमा की दुनिया में मौजूदा समय में महिलाओं के बेहतर किरदार की बहस चल रही है। अभिनेत्री का मानना है कि यह बहस कुछ समय तक जारी रहनेवाली है और यह बहस प्रत्एक उद्योग में चल रही है।

# रंग को लेकर पूर्वाग्रह हमारे पितृसत्तात्मक समाज की देन है: नंदिता

एजेंसी। नई दिल्ली



**अभिनेत्री-निर्देशक** नंदिता दास का मानना है कि सुंदरता की कोई एक परिभाषा नहीं हो सकती और सुंदरता देखने वाले की आंखों में निहित है। नंदिता दास के अनुसार यह विचार मुख्य रूप से समाज की पितृसत्तात्मक स्थापना से उपजा है और वह उम्मीद करती हैं कि एक समय आएगा जब रंग रुप को नहीं बल्कि उपलब्धियों को महत्व दिया जाएगा।

उन्होंने कहा, मेरे लिए यह (सुंदरता) कितना महत्वपूर्ण है? यदि मेरे पास करने के लिए 10 चीजें हैं, तो मैं कैसे दिखती हूं यह मेरी सूची में 11 वीं चीज होगी। उन्होंने ए बातें जेएसडब्ल्यू समूह के समर्थन से यूनेस्को द्वारा आयोजित इंडिया गॉट कलर अभियान के लांच के मौके पर कहीं। इस बातचीत का संचालन यूनेस्को के निदेशक और प्रतिनिधि एरिक फाल्ट ने किया।

इसमें 2009 में एक पैनलिस्ट के रूप में डार्क इज़ ब्यूटीफुल अभियान शुरू करने वाली और वुमेन ऑफ वर्थ की संस्थापक और निदेशक कविता एमैनुअल भी शामिल रहीं। नंदिता दास वर्ष 2013 से इस अभियान का समर्थन कर रही हैं। डार्क इज़ ब्यूटीफुल अभियान की 10वीं सालगिरह पर इसे इंडिया गॉट कलर का नाम दिया गया।

25 सितंबर को भारत में रंगभेद के खिलाफ जागरुकता फैलाने वाला एक वीडियो ऑनलाइन रीलीज किया गया था। इसमें स्वरा भास्कर, राधिका आप्टे, अली फज़ल, दिव्या दत्ता, तनिष्ठा चटर्जी, तिलोत्तमा शोम और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार नजर आए थे।

# बुकर पुरस्कार: निर्णायक मंडल ने तोड़ा नियम, एटवुड एवं एवरिस्टो बनीं संयुक्त विजेता

एजेंसी। लंदन

**बुकर** पुरस्कार के लिए विजेताओं का चयन करने वाले निर्णायक मंडल ने 1992 के बाद पहली बार नियमों को तोड़ते हुए इस साल प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए कनाडाई लेखिका मार्गरेट एटवुड और ब्रितानी लेखिका बर्नार्डिन एवरिस्टो को संयुक्त विजेता घोषित किया। एटवुड (79) यह पुरस्कार अपने नाम करने वाली सर्वाधिक उम्र की विजेता हैं। इन पुरस्कारों की शुरुआत 1969 में की गई थी। इस पुरस्कार के लिए छांटी गई छह पुस्तकों में ब्रितानी-भारतीय उपन्यासकार सलमान रुश्दी का उपन्यास क्विचोटे भी शामिल था।




बुकर के नियमों के अनुसार इस पुरस्कार को बांटा नहीं जा सकता, लेकिन निर्णायक मंडल ने कहा कि वे एटवुड की द टेस्टामेंट और एवरिस्टो की गर्ल, वुमैन, अदर में से किसी एक को नहीं चुन सकते। इससे पहले 1992 में दो लोगों को संयुक्त रूप से यह पुरस्कार दिया गया था। इसके बाद नियमों में बदलाव कर दिया गया था। आयोजकों ने इस साल के निर्णायक मंडल से कहा था कि वे दो विजेताओं को नहीं चुन सकते। पांच सदर्स्ईय निर्णायक मंडल के अध्यक्ष पीटर फ्लोरेंस ने पांच घंटे के विचार विमर्श के बाद कहा, हमारा निर्णय है कि नियमों को तोड़ा जाएगा।

निर्णायक मंडल ने कहा कि वे चाहते हैं कि दोनों लेखिकाएं यहां गिल्डहॉल में एक बड़े कार्यक्रम में 50,000 पाउंड की राशि आपस में बांटे,फ्लोरेंस ने कहा, हमने उनके बारे में जितनी चर्चा की, हमें उतना ही ज्यादा यह महसूस हुआ कि हम दोनों को इतना पसंद करते हैं कि दोनों ही विजेता बनें। 79 वर्षीय कनाडाई लेखिका एटवुड ने एवरिस्टो के साथ यह पुरस्कार साझा करने पर खुशी जताते हुए मजाकिया लहजे में कहा, मुझे लगता है कि मैं काफी बुजुर्ग हो गई हूं और मुझे लोगों के इतने ध्यान की आवश्यकता नहीं है, इसलिए मुझे खुशी है कि आपको भी पुरस्कार मिला है। उन्होंने कहा, यदि मैं अकेले यह पुरस्कार जीतती... तो मुझे थोड़ा संकोच होता। इसलिए मैं खुश हूं कि आपको (एवरिस्टो) भी यह पुरस्कार मिला है। एवरिस्टो ने कहा, हम ब्लैक ब्रितानी महिलाएं जानती हैं कि यदि हम अपने बारे में नहीं लिखेंगी तो कोई और भी यह काम नहीं करेगा।

एवरिस्टो ने कहा, यह अविश्वसनीय है कि मुझे मार्गरेट एटवुड के साथ यह पुरस्कार मिला, जो महान और उदार हैं। इनके अलावा लुसी एलमन को डक्स, न्यूबरीपोर्ट चिगोजी ओबिओमा को एन ऑर्केस्ट्रा ऑफ मायनोरिटीज और एलिफ शफक को 10 मिनट्स 38 सेकंड्स इन दिस स्ट्रेंज वर्ल्ड के लिए शार्टलिस्ट किया गया था।

एटवुड का उपन्यास द हैंडमेड्स टेल भी 1986 में इस पुरस्कार के लिए छांटा गया था लेकिन तब वह यह पुरस्कार जीत नहीं पाई थीं। इस साल 151 किताबों में से इन छह उपन्यासों को छांटा गया था। अंतिम छह में जगह बनाने वाले इन लेखकों को भी 2500-2500 पाउंड राशि पुरस्कार मिलेगी।

रुश्दी ने मिडनाइट्स चिल्ड्रन के लिए 1981 में यह पुरस्कार अपने नाम किया था। मुंबई में जन्मे रुश्दी की पुस्तक पांच बार इस पुरस्कार के लिए छांटी गई है। पिछले साल एना बर्न्स को मिल्कमैन के लिए यह पुरस्कार मिला था।